सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 19 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 49, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 283 अंकों की उछाल

मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बैंक, धातु एवं कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 283 .29 अंक चढ़कर 83,734 .25 अंक पर बंद हुआ। } 14

## अमेरिका से उच्च गुणवत्ता वाला कोयला लेने का इच्छुक है भारत

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत कच्चे तेल और इस्पात उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कोकिंग कोयले के आयात स्रोतों में विविधता लाना चाहता है। } 16



## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मिले योगी

### निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर जाकर की मुलाकात

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मोहन भागवत से मुलाकात की। संघ के शताब्दी वर्ष के तहत अपने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन भागवत राजधानी में रहे। बुधवार रात करीब आठ बजे आदित्यनाथ उनसे मिलने निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे।

दोनों के बीच लगभग 40 मिनट तक बैठक हुई, लेकिन इसका एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है। हालांकि, भागवत द्वारा लगातार हिंदू एकता पर जोर दिए जाने के मद्देनजर इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह मुख्यमंत्री के हालिया भाषणों के सुर से मेल खाता है जिनमें उन्होंने प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के पीडीए अभियान का जिक्र किया है। भागवत जनवरी में 10 दिन के दौरे पर मथुरा गए थे। इसी महीने वह फिर उत्तर प्रदेश आए और अपने कार्यक्रम की शुरुआत गोरखपुर के तीन दिवसीय दौरे से की, जिसके बाद वह लखनऊ पहुंचे। आरएसएस इसे शताब्दी वर्ष के जनसंपर्क अभियान का हिस्सा बता रहा है, जबकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इन बैठकों का राजनीतिक महत्व भी है।

## विश्व गुरु बनने के लिए सभी क्षेत्रों का विकास जरूरी : भागवत

### ❍ अंग्रेजों ने भारत की शिक्षा व्यवस्था के साथ किया खिलवाड़ ❍ हिन्दू समाज को संगठित कर रहा है संघ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने पश्चिमी देशों पर जड़वाद फैलाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि इन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और जो भी बाधक बने उसे मिटा दो, और आज यही काम अमेरिका और चीन कर रहे हैं।

भागवत ने यह भी कहा कि भारत को अगर विश्व गुरु बनना है तो उसे सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, भागवत ने लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान में वैश्वीकरण का मतलब बाजारीकरण से है, जो खतरनाक है। उन्होंने कहा पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया। उन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और बाकी को छोड़ दो, जो बाधक बने उन्हें मिटा दो। यही काम आज अमेरिका और चीन कर रहे हैं। भागवत ने कहा कि आज दुनिया भर की समस्याओं का जवाब भारत के पास है, मगर यदि उसे विश्व गुरु बनना है तो सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा, क्योंकि दुनिया तभी मानती है जब सत्य के पीछे शक्ति हो। संघ प्रमुख ने शिक्षा और स्वास्थ्य के व्यवसायीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकताएं है और यह व्यवसाय नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होने चाहिए। भागवत ने अंग्रेजों पर भारत की शिक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम के लोगों ने भारत की शिक्षा व्यवस्था हटाकर अपनी व्यवस्था थोपी, जिससे उन्हें काम करने के लिए काले अंग्रेज मिल जाएं। उन्होंने कहा अंग्रेजों ने जो बिगाड़ा उसको ठीक करना होगा। आरएसएस प्रमुख ने कहा संघ का कार्य देश को परम वैभव सम्पन्न बनाना है और संघ को समझना है तो संघ के अंदर आकर कर देखें, क्योंकि संघ को पढ़ कर नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कहा संघ को सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने वाला एक ही काम करना है। संघ किसी के विरोध में नहीं है। संघ को लोकप्रियता, प्रभाव और शक्ति नहीं चाहिए। भागवत ने शोध की भूमिका के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की बड़ी भूमिका है। उन्होने शोधार्थियों से कहा कि जो भी शोध करें उसे उत्कृष्ट रूप से, प्रामाणिकता पूर्वक और निःस्वार्थ भाव से देश के लिए करें। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है, और शोधार्थियों को सत्य सामने लाना चाहिए। उन्होंने धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, सृष्टि जिन नियमों से चलती है वह धर्म है। धर्म सबको सुख पहुंचाता है। हमारी सभी बातों में धर्म लागू है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) संबंधी नये नियमों को लेकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### पेड़ से टकरायी कार तीन लोगों की मौत

रायबरेली। जिले के डीह क्षेत्र में बुधवार को तेज गति से जा रही एक कार के, पेड़ से जा टकराने के कारण उस पर सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीह थाना क्षेत्र में डीहपरशदेपुर मार्ग पर गोपालपुर के नजदीक आज सुबह तेज गति से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों मुकेश (50), उसके बेटे कुणाल (20) और साले रामू (24) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में चंदन और अभिषेक नामक व्यक्ति जख्मी हुए हैं। उन्हें गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सेप्टिक टैंक में गिरे भाई-बहन की मौत

बांदा। बांदा से सटे फतेहपुर जिले के राधा नगर क्षेत्र में मंगलवार की रात पड़ोसी के घर पानी भरने गए भाई-बहन की खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से डूबकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे राधा नगर क्षेत्र के बड़नपुर गांव में झुग्गी में रहने वाले राकेश शर्मा की बेटी शिवांशी (सात) और बेटा शत्रुघ्न (पांच) सफाई के लिए खुले छोड़े गए सेप्टिक टैंक में फिसलकर गिर गये और उसमें डूबने से दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## भारत-यूरोप संबंधों में स्वर्णिम युग की शुरुआत : मोदी

### ❍ प्रधानमंत्री ने स्पेन, फिनलैण्ड के शीर्ष नेताओं से की मुलाकात ❍ दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के महत्व पर दिया जोर

एजेंसी





नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते ने भारत-यूरोप संबंधों में एक स्वर्णिम युग की शुरुआत की है।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सांचेज के साथ उनकी एक सार्थक बैठक हुई और खासकर रक्षा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत-स्पेन मित्रता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा दोनों देश (भारत और स्पेन) 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। विश्वविद्यालयों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल को भारत आते देखकर खुशी हुई। इससे भी दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क स्थापित करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) स्पेन के साथ आर्थिक साझेदारी पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा और दोनों देशों के लोगों को नये अवसर प्रदान करेगा।

भारत और यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। राष्ट्रपति सांचेज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उन्होंने स्पेन और भारत के बीच शानदार संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसे दोनों नेता और मजबूत करना जारी रखेंगे। सांचेज ने एक्स पर स्पेनिश भाषा में एक पोस्ट में कहा, मैंने उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई दी। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि मानव-केंद्रित एआई की दिशा में कदम बढ़ाते रहना आवश्यक है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति सांचेज ने द्विपक्षीय वार्ता की तथा भारत-स्पेन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की, जिनमें व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा, जलवायु और नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान शामिल हैं। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग में सकारात्मक गति का स्वागत किया और वडोदरा में सी-295 परिवहन विमान के निर्माण के लिए टाटा-एयरबस सहयोग में हुई प्रगति पर खुशी व्यक्त की, जिसका उद्घाटन दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में संयुक्त रूप से किया था।

बयान के अनुसार, मोदी और सांचेज ने भारत-स्पेन की संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दोहरे वर्ष पर जोर दिया, जिसे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी, नवाचार, व्यापार और लोगों के बीच संबंधों को और बढ़ावा देने में सहायक होगा। दोनों नेताओं ने सह-विकास और सह-उत्पादन पर आधारित रक्षा औद्योगिक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। स्पेन के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी के न्योते पर 18 से 19 फरवरी तक आधिकारिक दौरे पर यहां हैं। सांचेज ने एआई समिट के महत्व को रेखांकित किया और भरोसा जताया कि इसके परिणाम वैश्विक एआई शासन को आकार देने में सार्थक योगदान देंगे। बयान के अनुसार, मोदी और सांचेज ने एआई को एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया तथा समावेशी विकास और सामाजिक लाभ के लिए इसकी क्षमता का लाभ उठाने के वास्ते भारत-स्पेन के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रमजान का चांद दिखा पहला रोज़ा आज



लखनऊ। लखनऊ में बुधवार को रमजान का चांद दिखाई देने के साथ ही पवित्र महीने की शुरूआत की घोषणा कर दी गई। शहर की शिया और सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद नजर आने की पुष्टि की, जिसके बाद मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल बन गया। पहला रोजा गुरुवार, 19 फरवरी को रखा जाएगा। चांद की खबर मिलते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई और लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। वहीं पूरे देश में रमजान के महीने का आगाज़ बृहस्पतिवार से होगा। आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिल्ली-एनसीआर में चांद के दीदार नहीं हुए हैं, लेकिन देश के कई हिस्सों में चांद दिखने की पुष्टि हुई है। धर्म गुरुओं ने बुधवार को यह जाकारी दी। चांदनी चौक स्थित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्यसभा की 37 सीट के लिए 16 मार्च को चुनाव

### महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में पड़ेंगे वोट

एजेंसी




नयी दिल्ली। राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है।

कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (सात सीट), ओडिशा (चार), तेलंगाना (दो), तमिलनाडु (छह), छत्तीसगढ़ (दो), पश्चिम बंगाल (पांच), असम (तीन), हरियाणा (दो), हिमाचल प्रदेश (एक) और बिहार (पांच) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) एकजुट होकर चुनाव लड़ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गूगल भारत-अमेरिका के बीच बिछायेगा समुद्री केबल

नयी दिल्ली। भारत की एआई (कृत्रिम मेधा) क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की।

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड में चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव का शुभारम्भ

### विकास और विरासत के संकल्प के साथ चंपावत को आदर्श जिला बनाने की घोषणा : धामी



प्रमुख संवाददाता

चम्पावत/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चंपावत के प्रत्येक घर में इन दिनों उत्साह और उमंग का वातावरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि होली का पर्व समीप है और काली कुमाऊं की होली अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के कारण पूरे देश में अलग स्थान रखती है। बैठकी होली, खड़ी होली, चौफुला, सुर-ताल और लोकसंस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देश में विरल ही देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत की पुण्य भूमि इतिहास, अध्यात्म और संस्कृति की धरोहर रही है। उनके अनुसार चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026 केवल सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य, मातृशक्ति के सामर्थ्य, युवाओं के उत्साह और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प का जीवंत उत्सव है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष महोत्सव को शीतकालीन कॉर्बेट महोत्सव के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महोत्सव ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:17 | 5:02 | 6:07 | 5:12 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें

❍ निजीकरण समेत अन्य मुद्दों पर हंगामा (पृष्ठ-02)
❍ आगरा में आज गूंजेगी शिवाजी की शौर्य गाथा (पृष्ठ-02)
❍ रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 90.67 पर बंद (पृष्ठ-14)
❍ मप्र बजट: 4.38 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय (पृष्ठ-14)
❍ गुजरात में 4.08 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

राष्ट्रपति ने बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर सवार होकर विशाखापत्तनम तट पर अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा की अध्यक्षता की

## समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है नौसेना

एजेंसी



विशाखापत्तनम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशाखापत्तनम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा के दौरान कहा कि भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के साथ-साथ व्यापक समुद्री वाणिज्य गतिविधियों की स्थिरता में भी योगदान दे रही है।

बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर सवार होकर विशाखापत्तनम तट पर अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू आईएफआर) की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना समुद्र में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और खतरों के खिलाफ रक्षा और प्रतिरोध के एक विश्वसनीय साधन के रूप में क्षेत्र में तैनात है। मुर्मू ने कहा भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सर्तक है और व्यापक समुद्री वाणिज्यिक गतिविधियों की स्थिरता में योगदान दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना दुनिया भर की नौसेनाओं के साथ सद्भावना को बढ़ावा देने और विश्वास, भरोसे व दोस्ती का सेतु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति के अनुसार, विशाखापत्तनम का समुद्री इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन विशाखापत्तनम के निरंतर नौसैनिक महत्व को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) का मुख्यालय विशाखापत्तनम में स्थित है। भारत और उसके मित्र देशों की नौसेनाओं के युद्धपोतों के प्रभावशाली बेड़े और नौसैनिकों के प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें बधाई दी।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईएफआर समुद्री परंपराओं के प्रति राष्ट्रों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के जहाज और अलग-अलग देशों के नाविक एकजुटता की भावना का प्रदर्शन करते हैं। मुर्मू ने समुद्रों के साथ भारत के संबंधों पर कहा कि यह संबंध सदियों पुराने, गहरे और स्थायी हैं। उन्होंने महासागरों को भारत के लिए वाणिज्य, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मार्ग बताया। राष्ट्रपति ने कटक में कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होने वाले सप्ताह के दौरान उत्साहपूर्वक मनाए जाने वाले बाली ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में 3.26 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर का नोटिस

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई) के तहत 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं और उन्होंने भरोसा दिलाया कि सिर्फ नोटिस न मिलने की वजह से किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। रिणवा ने एसआईआर की हालिया प्रगति का ब्योरा देते हुए नोटिस, विसंगतियों की पहचान करना और नाम जोड़ने-हटाने में इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-छह और फॉर्म-सात से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट किया। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के रिकॉर्ड में नो मैपिंग या तार्किक विसंगतियां पाई गईं उन्हें नोटिस भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौचा सूची में थे, उन्हें नोटिस भेजे गए। इनमें से 1.04 करोड़ मतदाताओं ने पिछली एसआईआर के दौरान संबंधित कॉलम खाली छोड़ दिया था और मतदाता सूची की मैपिंग पूरी नहीं की थी, जबकि 2.22 करोड़ के रिकॉर्ड में तार्किक गड़बड़ियां थीं। उन्होंने बताया कि 1.85 करोड़ नोटिस वितरित किए जा चुके हैं और 1.15 करोड़ मामलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है। रिणवा ने कहा पांच फरवरी तक केवल 30 लाख सुनवाई हुई थीं। 18 फरवरी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# निजीकरण समेत अन्य मुद्दों पर हंगामा

## सपा का बहिर्गमन, श्रम मंत्री ने आंकड़ों के साथ विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधान परिषद में बुधवार को कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में शुरू हुई सदन की कार्यवाही में विपक्ष ने बिजली के निजीकरण के मुद्दे को लेकर भी सरकार को घेरा। कहा कि बिजली विभाग की अरबों-खरबों रुपये की सरकारी संपत्तियों का आज तक कोई मूल्यांकन नहीं किया गया। सरकार बिजली का निजीकरण कर इन संपत्ति को पूंजीपतियों को कौड़ियों के दाम पर बेचने की तैयारी कर रही है। परिषद में निजीकरण के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा व डॉ. मानसिंह यादव सहित सपा के अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि युवाओं को स्थायी रोजगार देने का वादा कर सरकार निजीकरण की नीति लागू कर रही है।

निजीकरण के बाद सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित भर्तियां घट रही हैं। नियमित पद समाप्त हो रहे हैं। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने पिछले करीब नौ वर्षों में दी गई नौकरियों का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सबसे ज्यादा नौकरियां दी हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सदन को गुमराह कर रहा है। इस दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई और सपा के सदस्यों ने सदन का बहिर्गमन किया।

भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रश्न किया कि महोबा में पहली जनवरी से वाहनों की फिटनेस का कार्य बंद कर दिया गया है। क्या हर जिले में तीन-तीन वाहन फिटनेस स्टेशन खोले जाने हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर स्वचलित वाहन परीक्षण स्टेशन (एटीएस) खोले जाने हैं। वाहनों की फिटनेस के लिए महोबा को झांसी से संबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि हर जिले में अधिकतम तीन स्वचलित परीक्षण स्टेशन खोलने की अनुमति है। सभापति ने कहा कि जब तक सभी जिलों में एटीएस नहीं स्थापित हो जाते पुरानी व्यवस्था लागू रखी जाए।

वहीं शिक्षक दल (गैर राजनीतिक) के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के बाद शिक्षकों की सेवाशर्तों संबंधी धारा 21 व 18 के समाप्त होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आयोग अधिनियम की धारा 11 (L) में व्यवस्था की गई है कि यदि प्रबंध तंत्र या नियुक्ति अधिकारी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी करने में विफल रहता है तो संबंधित पद समाप्त कर दिया जाएगा। यह धारा विद्यालयों के अस्तित्व के लिए घातक है। निर्दलीय सदस्य डा. आकाश अग्रवाल ने आगरा में यातायात व्यवस्था का मुद्दा उठाया। नेता सदन केशव मौर्य ने कहा कि आगरा की यातायात व्यवस्था मेट्रो व अन्य विकास कार्यों की वजह से प्रभावित है। इसे और व्यवस्थित कराया जाएगा।

### विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि दिशा निर्देश समिति ने दिए सुझाव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री व नेता सदन, विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) दिशा निर्देश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस समिति का उद्देश्य विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं का समाधान, प्रक्रियाओं का सरलीकरण तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं गति सुनिश्चित करना है। उप मुख्यमन्त्री ने कहा कि निधि का उपयोग निर्धारित गाइड लाइन के अनुरूप हो समिति को प्राप्त होने वाले प्रस्तावों का परीक्षण करते हुये नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि कोई प्रकरण लम्बित हो, उनका अतिशीघ्र निस्तारण किया जाए। केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सरकार सदन के प्रति जवाबदेह है। कहा कि इस निधि के माध्यम से जनोपयोगी कार्यों का लाभ आम जनता तक पहुंचता है। समिति के सुझावों से प्रदेश में आधारभूत ढांचे का विकास और तेज होगा। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित विकास हो और जनता को योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो।

# डिजिटल रूप में संरक्षित रखे जायेंगे पांडुलिपियां व दुर्लभ ग्रंथ

**गोरखपुर।** भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय अभियान ज्ञान भारतम मिशन में प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों को सहेजकर विश्व पटल पर डिजिटल रूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में जिला स्तर पर पांडुलिपियों को चिन्हित व संग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। इसके पर्यवेक्षण के लिए हर जिले में वहां के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विरासत के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत हर जिले में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पांडुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रंथों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। उत्तर प्रदेश के लिए यह अभियान और भी विशेष है क्योंकि उत्तर प्रदेश को प्राचीन ज्ञान दर्शन, साहित्य और संस्कृति की भूमि माना जाता है। गोरखपुर के उप निदेशक संस्कृति यशवंत सिंह राठौर ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों, व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण तथा डिजिटलीकरण का कार्य किया जाना है। पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण होने से यह ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से आमजन को आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। रखरखाव के अभाव में व्यक्तियों या संस्थाओं के पास उपलब्ध कई ग्रंथ नष्ट होने की कगार पर हैं। अब जिला स्तर पर इन ग्रंथों को चिन्हित करने और उनके संरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों के फोन न उठाने वाले मुद्दे पर अध्यक्ष सतीश महाना ने शासन को कड़े निर्देश जारी करने को कहा है। नियमों के उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा मंगलवार को सदन में इसका मुद्दा उठाए जाने के बाद यह व्यवस्था की है, जिसमें अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कार्यपालिका द्वारा विधायिका एवं न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप करने की सूचना संविधान के प्रावधानों के संदर्भ में होने के कारण इसे स्वीकारा गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम 300 के अंतर्गत नेता प्रतिपक्ष की सूचना के बारे में चर्चा से परिलक्षित होता है कि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों को सहयोग नहीं किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बाबत जारी शासनादेशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने की बात कही, जो आपत्तिजनक है। यह स्पष्ट करना भी उपयुक्त होगा कि संविधान के अनुच्छेद 164 (2) के अंतर्गत मंत्री परिषद राज्य की विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी। विधानसभा के किसी सदस्य द्वारा यदि अधिकारियों से जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किया जाता है तो वह सम्मान और समय दें तथा सुनवाई का अवसर प्रदान करें। इस सदन में कुछ दिन पहले कुछ अधिकारियों को दंडित किया गया था, आगे ऐसा न हो तो उपयुक्त होगा। दंड देने से यह परिलक्षित होता है कि अधिकारियों का आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है। यदि ऐसी स्थिति आती है तो सदन के पास कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। शासन की ओर से विधायिका को मजबूत करने की पूरी पहल की जाती है, लेकिन कुछ अधिकारियों के स्तर पर सजग होकर इसका अनुपालन कराने की आवश्यकता है।

कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका एक-दूसरे की पूरक हैं। तीनों एक-दूसरे की परिधि और क्षेत्राधिकार का सम्मान करें। अपने दायित्व, कर्तव्य, अधिकार एवं सीमाओं का दृढ़ता से पालन करें। इसमें हस्तक्षेप लोकतंत्र के उद्देश्यों के विपरीत होगा। इससे आने वाली पीढ़ी के लिए हम सुखद विरासत नहीं छोड़ पाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था बिगड़ने से अराजकता होगी, जिसको आने वाले समय में संभालना मुश्किल होगा। सदस्यों से भी अपेक्षित है कि वह कार्यपालिका और न्यायपालिका की मर्यादा का सम्मान करें। जो राजनेता अगली पीढ़ी के लिए काम करते हैं, उन्हें हम स्टेट्समैन की संज्ञा देते हैं। हम जनता के कार्यों के लिए ही यहां जुटते हैं।

# बुंदेलखंड क्षेत्र में 98% से अधिक घरों तक पहुंचा नल से जल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कभी पानी की किल्लत और प्यास की राजनीति के लिए चर्चित रहा बुंदेलखंड अब नल से जल आपूर्ति के मामले में नई पहचान बना रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान आंकड़ों के अनुसार बुंदेलखंड मंडल के सातों जिलों में 98 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण घरों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी) उपलब्ध कराया जा चुका है। कई जिलों में यह कवरेज 99 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार इसे ग्रामीण जीवन स्तर में ऐतिहासिक बदलाव का संकेत मान रही है।

बांदा में कुल 2,68,960 ग्रामीण घरों में से 2,68,722 घरों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है, जो लगभग 99.91 प्रतिशत है। चित्रकूट में 1,63,970 में से 1,63,698 घरों तक कनेक्शन पहुंचा है, जो 99.83 प्रतिशत है। महोबा में 1,40,149 में से 1,39,904 घरों (99.83 प्रतिशत), हमीरपुर में 1,86,530 में से 1,85,693 घरों (99.55 प्रतिशत) और ललितपुर में 2,06,983 में से 2,05,966 घरों (99.51 प्रतिशत) को नल से जल सुविधा मिल चुकी है। झांसी में 2,51,232 में से 2,49,111 (99.16 प्रतिशत) तथा जालौन में 2,12,069 में से 2,08,174 घरों (98.16 प्रतिशत) को कवर किया गया है। समूचे बुंदेलखंड जोन में कुल 7,59,609 घरों में से 7,58,017 घरों तक कनेक्शन पहुंच चुका है, जो 99.79 प्रतिशत कवरेज दर्शाता है। 2019 से पहले प्रदेश में ग्रामीण नल जल कवरेज दो प्रतिशत से भी कम था। बुंदेलखंड जैसे सूखा प्रभावित क्षेत्र में पाइप से पेयजल सुविधा अपवाद मानी जाती थी। जल जीवन मिशन की शुरुआत के बाद बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण किया गया। ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक और व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य तेजी से पूरा किया गया। भौतिक संरचना लगभग पूर्ण हो चुकी है और अब ध्यान कमीशनिंग तथा नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर है।

# 'सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और कृषि क्षेत्र की उत्पादकता तथा उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र 'अटारी' में 'भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस सीड पार्क के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सुलभ होंगे, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में सकारात्मक बदलाव आएगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' (एसएमएई) योजना के मानक मदों में राज्यांश सम्मिलित करते हुए कुल 9 करोड़ 5 लाख 62 हजार 500 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' (तिलहन विकास) के लिए 4 करोड़ 68 लाख 5 हजार 550 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य तेलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।



इसी शृंखला में, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत आजमगढ़ कैंपस में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्यों के लिए 7.66 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी इन निवेशों से उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य में संरचनात्मक सुधार होंगे और तकनीकी प्रसार को मजबूती मिलेगी।

### सपा विधायकों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** सपा के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में एसआईआर में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए उससे जुड़े विषयों को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग को हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा जो ज्ञापन सौंपा गया है वो एक ऐसी आशा है जो हर इंसान के अंदर बैठे ईमानदार जमीर से दुनिया हमेशा करती आई है। सदैव ये नहीं होता कि लोग कुछ गलत करते हैं, कभी-कभी सत्ताधारी दल के लोग अधिकारियों को गलत करने पर मजबूर भी करते हैं। बचपन में हमने पंच परमेश्वर की जो कहानी सुनी थी, उस पर हमारा एतबार आज भी कायम है। एसआईआर में फार्म 7 की अनगिनत धांधलियों और गड़बड़ियों को लेकर हमारी जो आपत्तियां और ठोस साक्ष्य हैं, उनका संज्ञान लेकर चुनाव आयोग न्यायसंगत निर्णय लेगा और इस अपराध के लिए कानूनी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर भी करेगा, ये हमारा अटूट विश्वास है। चुनाव आयोग जब अपने गौरवशाली अतीत के प्रति सजग रहेगा तभी लोकतंत्र बचेगा।



# कार्यकर्ता नकारात्मकता से दूर रहें : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद से चिढ़ है। भाजपा पीडीए को बदनाम करना चाहती है। नौजवानों में फूट डाल रही है। पार्टी के विरोध प्रचार की नीति बना रही है। पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को भाजपा से सावधान रहना है। बीजेपी के जाल में नहीं फंसना है। कार्यकर्ता नकारात्मकता से दूर रहें। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सपा डॉ. राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलने के लिए अडिग है। उन्होंने कहा कि पीडीए का रास्ता ही विकल्प है। कार्यकर्ता एकजुटता और आपसी तालमेल से कार्य करें। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सिर्फ विध्वंस करना जानती है। नफरत की राजनीति करती है। सपा विकास की राजनीति करती है। किसान, गरीब, नौजवानों को आगे बढ़ाने तथा प्रदेश के विकास के लिए सपा की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का अपना कोई कार्य नहीं है। वह सपा की सरकार के समय हुए विकास कार्यों को अपना बताती है।

# कौशल कनेक्ट सेल से युवाओं को सीधे मिलेगा रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

- इन्वेस्ट यूपी और कौशल विकास मिशन के बीच समन्वय के लिए गठित हुई सेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की ओर से एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित कार्यबल उपलब्ध कराने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' का गठन किया गया है। प्रदेश में आने वाले बड़े निवेश को सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योगों को समय पर स्किल्ड मैनपावर मिल सके। इसी उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' बनाई गई है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मिशन में प्रशिक्षण और सेवायोजन (रोजगार) की प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीड-अप-पीएमयू को आबद्ध किया गया है। यह पीएमयू अब 'कौशल कनेक्ट सेल' के माध्यम से निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय स्थापित करेगा। 'कौशल कनेक्ट सेल' केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं होगी, बल्कि इसके कार्य जमीन पर बदलाव लाएंगे। रियल-टाइम ट्रैकिंग कर इन्वेस्ट यूपी के साथ दैनिक समन्वय कर निर्गत प्रोजेक्ट्स की स्थिति को अपडेट रखना यह सेल का मुख्य कार्य होगा। इसके साथ ही किस जिले में कितना निवेश आ रहा है और वहां किस सेक्टर (जैसे ऑटोमोबाइल, आईटी, टेक्सटाइल आदि) में कितने युवाओं की जरूरत है, इसका डेटाबेस तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी होगी। निवेशकों के एचआर विभाग से लगातार संपर्क में रहना और ट्रेनिंग पार्टनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को संबंधित उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार सुनिश्चित करना भी सेल का काम होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा लगभग 35 सेक्टर्स और 1300 से अधिक जॉब रोल्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 'कौशल कनेक्ट सेल' के सक्रिय होने से अब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री की मांग के बीच का अंतर खत्म होगा और यूपी के युवाओं को उनके जिले में ही बड़े उद्योगों में नौकरी मिल सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। 'कौशल कनेक्ट सेल' की स्थापना न केवल प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को 'स्किल हब' के बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दोनों विभागों की ओर से एकल संपर्क सूत्र (एसपीओसी) नामित किए गए हैं।

इन्वेस्ट यूपी की ओर से ओमेर शहिद, टीम लीडर एसपीओसी के रूप में कार्य करेंगे। कौशल विकास मिशन की ओर से इस सेल की अध्यक्षता डॉ. पवित्रा टंडन, सहायक निदेशक द्वारा की जाएगी। मिशन के एसपीओसी अतुल कुमार सिंह को नामित किया गया है। उनकी सहायता के लिए श्री धनंजय कुमार द्विवेदी और ज्योति श्रीवास्तव को भी टीम में शामिल किया गया है।




# नरेंद्र मोदी युवाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : पंकज चौधरी

## कार्यक्रम में बोले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर/लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने गोरखपुर में विकसित भारत बजट 2026-27 पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने कहा कि देश की युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और सरकार की प्रत्येक योजना में युवाओं को केंद्र में रखा गया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बजट की विशेषताओं को समझकर जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जो वायु के वेग को बदल दे उसे युवा कहते हैं। जब युवा सोच बदलता है तो समय भी बदल जाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बजट के प्रावधानों को गहराई से समझें और उन्हें सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आम जन की सुविधा, नवाचार, रोजगार सृजन, आर्थिक वृद्धि और समावेशी विकास को केंद्र में रखकर नीतियां बनाई हैं। यह बजट भी वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य के भारत की नींव मजबूत करने वाला है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2014-15 में जहां बुनियादी ढांचे का बजट मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है।

रक्षा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रस्तुत यह पहला बजट है, जिसमें रक्षा बजट को 15 प्रतिशत बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ रुपये किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग और आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सात रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन दिया गया है।

उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 200 पुराने औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार और 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा को रोजगार और उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने महिलाओं और किसानों पर विशेष फोकस का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल, ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए शी-मार्ट, जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य तथा कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एआई आधारित भारत विस्तार योजना के माध्यम से किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध होगी।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के 9.12 लाख करोड़ रुपये के बजट का उल्लेख करते हुए बताया कि यह पिछले वर्ष से 12.9 प्रतिशत अधिक है। 20 प्रतिशत बजट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निर्धारित है और ग्रामीण विकास में 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वर्ष 2016-17 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13.3 लाख करोड़ रुपये थी, जो 2025-26 में बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

पंकज चौधरी ने युवाओं से नए जोश और दृढ़ संकल्प के साथ संगठन और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# आगरा के किले में आज गूंजेगी शिवाजी की शौर्य गाथा

## भव्य लेजर शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से 'भगवामय' होगा आगरा का किला

विशेष संवाददाता (vol)

- महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस होंगे शामिल

**आगरा।** ताजनगरी एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम की गाथाओं से गूंजने वाली है। 19 फरवरी को उनकी 396 वीं जयंती के अवसर पर आगरा किले में लगातार चौथे वर्ष भव्य 'शिव जयंती उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। योगी सरकार जिस प्रकार राष्ट्र नायकों को सम्मान दे रही है, आगरा में हो रहा यह आयोजन उसी का जीवंत प्रमाण है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक संस्था 'अजिंक्य देवगिरि प्रतिष्ठान' के अध्यक्ष विनोद पाटिल ने बताया कि आगरा किला छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वाभिमान का सबसे बड़ा साक्षी है। इसी किले में उन्होंने औरंगजेब को करारा जवाब दिया था। बुद्धिमत्ता के साथ उसकी कैद से निकल कर शिवाजी महाराज ने स्वराज्य को और मजबूत किया था। पिछले तीन सालों से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र की सरकारों और पुरातत्व विभाग के सहयोग से यहाँ यह उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। इस बार भी यह आयोजन पूरी भव्यता से मनाया जाएगा और आगरा किला भगवामय हो जाएगा।

आगरा किला में शाम छह बजे से शुरू होने वाले इस भव्य कार्यक्रम का सहसंयोजक महाराष्ट्र सरकार का सांस्कृतिक विभाग है। उत्सव में मुख्य आकर्षण शिवाजी महाराज पर आधारित 'लेजर शो' होगा। इसके साथ ही उनके जीवन पर आधारित नाटिका और गौरवशाली गीतों की प्रस्तुति होगी। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहेंगी। उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्र नायकों की विरासत को सहेजने का ऐतिहासिक कार्य कर रही है। राष्ट्रवाद और आत्मसम्मान की भावना जगाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी ने सितंबर 2020 में स्पष्ट संदेश दिया था कि हमारे नायक शिवाजी हैं, मुगल नहीं। इसी के तहत उन्होंने ताजमहल के पूर्वी गेट के पास निर्माणाधीन 'मुगल म्यूजियम' का नाम बदलकर 'छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम' कर दिया था। लगभग छह एकड़ क्षेत्र में 141 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह आधुनिक म्यूजियम दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें अत्याधुनिक तकनीक और इंटरैक्टिव गैलरी के जरिए शिवाजी महाराज की वीरता और आगरा किले से उनके साहसपूर्ण ढंग से निकलने की ऐतिहासिक घटना को दर्शाया जाएगा। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार मिलकर 'कोठी मीना बाजार' को भी एक भव्य स्मारक के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर काम कर रहे हैं। जहां 1666 में औरंगजेब ने शिवाजी को नजरबंद रखा था। आगरा किले के सामने पहले से ही शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित है, जो उनके अदम्य साहस की याद दिलाती है।



# ब्रह्मांड के रहस्यों को समझ रहीं बागपत की बालिकाएं

## 100 छात्राएं सीख रही हैं एस्ट्रोनॉमी सॉफ्टवेयर का उपयोग करना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां सीख रही हैं। बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक में स्थापित अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब से ग्रामीण छात्राओं के सपनों को उड़ान मिलेगी।

ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में बनाई गई इस हाईटेक खगोलशास्त्र प्रयोगशाला के माध्यम से छपरौली ब्लॉक की लगभग 100 बालिकाओं को आधुनिक विज्ञान को समझने का अवसर मिल रहा है। प्रयोगशाला में 45 प्रकार के प्रयोगों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्राएं अंतरिक्ष से जुड़े जटिल सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझ रही हैं। योगी सरकार के इस प्रयास से अब ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राएं भी टेलिस्कोप संचालित करने से लेकर नाइट-स्काई ऑब्जर्वेशन तक की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र छपरौली में स्थापित एस्ट्रोनॉमी लैब को हाईटेक टेक्नोलॉजी से विकसित किया गया है। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरणों के साथ-साथ छात्राओं को एस्ट्रोनॉमी सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे वे आकाशीय पिंडों की स्थिति, गति और संरचना को डिजिटल माध्यम से समझ रही हैं। इस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में बेहद सहायक होगा। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अब छात्राएं स्वयं टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रमा और अन्य आकाशीय पिंडों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रही हैं। जब एक बालिका अपने हाथों से टेलिस्कोप चलाकर चंद्रमा देखती है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास और जिज्ञासा दोनों का विकास होता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छपरौली की सभी छात्राएं इस लैब में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रही हैं। नाइट-स्काई प्रेक्षण जैसी गतिविधियां उनके लिए रोमांचक अनुभव साबित हो रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि इससे बालिकाओं की विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और वे अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े करियर के बारे में गंभीरता से सोचने लगी हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि बागपत में शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के 25 सरकारी विद्यालयों में एआई-संचालित स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं। इनके माध्यम से बच्चों को इंटरैक्टिव और तकनीक आधारित शिक्षा मिल रही है।

संक्षेप

## कलेक्ट्रेट में सम्पूर्णता अभियान 2.0 की बैठक




**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को 'सम्पूर्णता अभियान 2.0' को सफल बनाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी उपस्थित रहे। यह अभियान नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षात्मक जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का हिस्सा है। जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि नीति आयोग ने सिद्धार्थनगर को आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चुना है। 'सम्पूर्णता अभियान 2.0' का संचालन 14 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और पोषण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण संकेतकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को चयनित संकेतकों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से जुड़े लक्ष्यों की संतृप्ति के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करें।

## दो पालियों में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा

श्रावस्ती। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 जनपद में सुव्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 12,210 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 1,197 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा में 8,595 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जबकि 682 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी, सीसीटीवी व्यवस्था एवं प्रशासनिक सतर्कता के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई गई।

## पुलिसकर्मियों की छुट्टी ऑनलाइन

इटावा। पुलिसकर्मियों के लिए अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। मंगलवार से सभी प्रकार की छुट्टियों के लिए मानव संपदा उत्तर प्रदेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य हो गया है। अब बिना ऑनलाइन आवेदन के कोई भी छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अधिकारियों के चक्कर लगाने से बचाना और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाना है। एएसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र ने बताया कि अवकाश स्वीकृति प्रणाली को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनपद के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश या किसी भी अन्य प्रकार की छुट्टी के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करेंगे।

# त्योहारों पर बरतें विशेष सावधानी

## एसपी ने अपराध गोष्ठी में की कानून-व्यवस्था की समीक्षा



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से बुधवार शाम पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने इसकी अध्यक्षता की। इस दौरान जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी की शुरूआत सैनिक सम्मेलन से हुई, जिसमें पुलिस कर्मियों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आगामी होली और रमजान ईद-उल-फितर को देखते हुए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पैदल गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही, संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी कैमरों को सक्रिय रखने और आवश्यकतानुसार नए स्थानों पर भी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए।साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को आमजन को साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया।गोष्ठी में महिला उत्पीड़न, संपत्ति से जुड़े अपराध, गुमशुदा और लापता बच्चों की बरामदगी तथा लंबित विवेचनाओं की स्थिति की भी समीक्षा हुई। पुलिस अधीक्षक ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ गुण्डा अधिनियम और गैंगेस्टर अधिनियम के तहत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

आईजीआरएस और सीसीटीएनएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसका उद्देश्य आम जनता का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बनाए रखना है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, अग्निशमन अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पुलिस कार्रवाई नहीं होने से था आहत



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट गेट पर एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। बसड़ीलिया गांव निवासी जयराम ने अपने ऊपर डीजल डाल लिया, लेकिन वहां तैनात पीआरडी जवानों की मुस्तैदी से उसे आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया गया। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल युवक को हिरासत में लेकर पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। चिकित्सकों ने बताया कि आत्मदाह का प्रयास करने से पहले युवक ने कुछ मात्रा में डीजल भी पी लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसका उपचार जारी है और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। पारिवारिक विवाद से जुड़ा मामला

घटना के पीछे पारिवारिक विवाद और पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने की बात सामने आ रही है। युवक की पत्नी पुष्पा के अनुसार, दो दिन पहले घर के सामने कचरा फेंकने को लेकर उसकी भाभी से कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर जयराम के भाई ने उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई। पुष्पा ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसकी जेठानी ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद जयराम और उसकी पत्नी कोतवाली पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय जयराम की भाभी की शिकायत पर उसी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि इसी से आहत और क्षुब्ध होकर जयराम मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा और गेट पर आत्मदाह का प्रयास किया। घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल युवक का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# अधिवक्ता सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार से आर -पार संघर्ष का एलान



लखनऊ। आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन द्वारा बुधवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर संघर्ष की मुहिम पर रणनीतक चर्चा भी हुई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार ने यदि विधानसभा के मौजूदा सत्र में सुरक्षा कानून पारित नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ वकील आर पार का संघर्ष शुरू करेगें।राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी ने कहा कि वकीलों के लिए केंन्द्र व राज्य के बजट में सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं पर कोई पैकेज न देना दुर्भाग्यपूर्ण है। संचालन मीडिया सचिव हरिश्यंद्र पांण्डेय ने किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पाल, उपाध्यक्ष मध्य सौरभ कुमार श्रीवास्तव, रानी कुमारी रावत, नरेन्द्र सिंह यादव, जीवन लाल यादव, करन गुप्ता, दिब्यांस अवस्थी को संघर्ष सम्मान सौंपा। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता आनंद शुक्ल व सूर्य प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर अमित मिश्रा, प्रभात रंजन, रजनीश तिवारी, अनिल रस्तोगी, डीपी सिंह, अशोक दीक्षित आदि अधिवक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त मंत्री वृजेन्द्र तिवारी ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता मधुकर मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया।

## फायरिंग की घटना को लेकर अज्ञात पर दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। घर के सामने फायरिंग की घटना से गांव में हडकंप मच गया। घटना को लेकर पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के खानीपुर गांव निवासी पवन दीक्षित पुत्र रामसुख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह गांव से लगभग पचास मीटर की दूरी पर उदयपुर रेहुआ लालगंज मार्ग पर बनाए गए मकान मे रहता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती पन्द्रह फरवरी की रात करीब सवा दो बजे चार पहिया वाहन से अज्ञात लोगों ने घर के सामने पहुंचकर तीन राउण्ड फायरिंग की। इसके बाद आरोपी भाग निकले। फायरिंग की घटना सीसी कैमरे में कैद है। फायरिंग की सूचना से गांव के लोग भी जुट गये। घटना से पीड़ित व उसका परिवार डरा सहमा है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अपहरण का वांछित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान अपहरण के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव बुधवार को सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित चल रहे सारीपुर निवासी अंतिम पटेल पुत्र ऊदल पटेल को रानीगंज कैथौला बस स्टॉप के पास से धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया।

## बोर्ड परीक्षा का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



श्रावस्ती। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को सकुशल एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी स्थित जनता इंटर कॉलेज, पटना खरगौरा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर व्यवस्थाओं, बैठने की व्यवस्था तथा कक्ष निरीक्षकों की सतर्कता का जायजा लिया। केन्द्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों के संचालन की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि में निरंतर भ्रमणशील रहकर पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में नकल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा डबल लॉक प्रणाली से सुनिश्चित की जाए। अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## महिला सम्मान और साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेजझ्र5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध से बचाव को लेकर सशक्त अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमें सक्रिय हैं। टीमों द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, पार्कों, बस स्टैंडों और प्रमुख चौराहों पर नियमित गश्त कर महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अथवा अनुचित गतिविधि पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत साइबर अपराधों—ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, सोशल मीडिया उत्पीड़न एवं डिजिटल ठगी—से बचाव की जानकारी दी जा रही है। साथ ही 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस सेवा एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा कानूनों, गुड टचझ्रबैड टच एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूकता और आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया जा रहा है।

# पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस को उसकी तलाश थी। थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपी की लोकेशन के संबंध में सूचना मिली थी। बाद उसके टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बुधवार दोपहर करीब 12:37 बजे ग्राम गनचौरा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष उर्फ राम आशीष (33 वर्ष) पुत्र पुजारी निवासी ग्राम मसीना, थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई है। वह वर्तमान में बाणगंगा क्षेत्र में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ थाना शोहरतगढ़ में मुकदमा संख्या 16/26 विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज है। पुलिस के अनुसार, वह घटना के बाद से ही फरार था। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही थी। सूचना मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के दौरान सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया

# हृदय रोगी बच्चों को मिला नया जीवन




श्रावस्ती। जनपद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय और मानवीय पहल के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 17 बच्चों को निःशुल्क उपचार हेतु अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों एवं उनके अभिभावकों की सुरक्षित यात्रा हेतु विशेष बस की व्यवस्था की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को अलीगढ़ के लिए विदा किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे को समय पर उच्च स्तरीय निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव में उपचार से वंचित नहीं रहेगा। गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और समुचित चिकित्सा से बच्चों को स्वस्थ भविष्य प्रदान करना हमारा दायित्व है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर गंभीर बीमारियों की पहचान की जाती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के उपरांत इन 17 बच्चों को हृदय संबंधी जटिलता के उपचार हेतु चयनित किया गया। उपचार, दवा एवं चिकित्सकीय परामर्श की संपूर्ण व्यवस्था शासन द्वारा निःशुल्क सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सकगण तथा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वे निजी अस्पतालों में उपचार कराने में असमर्थ थे, किंतु इस योजना से उनके बच्चों को नया जीवन मिलने की आशा जगी है। जनपद में संचालित यह पहल न केवल चिकित्सा सेवा का विस्तार है, बल्कि संवेदनशील प्रशासनिक प्रतिबद्धता का भी सशक्त उदाहरण है।

# एसपी ने पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

## 4 थानाध्यक्ष समेत 9 निरीक्षक-उप निरीक्षकों का तबादला

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। इस आदेश के तहत चार थानाध्यक्षों सहित कुल नौ निरीक्षक और उप निरीक्षकों का स्थानांतरण कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी सूची के अनुसार, प्रभारी जनपदीय साइबर सेल के पद पर तैनात निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय को अब थाना सिद्धार्थनगर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, थाना सिद्धार्थनगर के प्रभारी निरीक्षक रहे दुर्गा प्रसाद को थाना देबरुआ की जिम्मेदारी दी गई है।साइबर क्राइम थाना में तैनात निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को



प्रभारी जनपदीय साइबर सेल नियुक्त किया गया है। साइबर क्राइम थाना के ही एक अन्य निरीक्षक अरुण कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समयमाता बनाया गया है।

थानाध्यक्ष कठेला समयमाता रहे उप निरीक्षक अभय सिंह को थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जोगिया उदयपुर की थानाध्यक्ष रहीं महिला उप निरीक्षक मीरा चौहान को अब एंटी रोमियो सेल का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी एंटी रोमियो सेल रहीं महिला उप निरीक्षक शाइस्ता को थाना सिद्धार्थनगर भेजा गया है। थानाध्यक्ष देबरुआ रहे उप निरीक्षक नारायण लाल श्रीवास्तव को प्रभारी सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त, प्रभारी सर्विलांस सेल के पद पर तैनात उप निरीक्षक हरेन्द्र चौहान को साइबर क्राइम थाना में नई तैनाती मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि ये तबादले प्रशासनिक आवश्यकताओं और जिले में बेहतर पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस फेरबदल से थानों और विशेष इकाइयों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश बना औषधि और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश-नवाचार का वैश्विक केंद्र

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश आज विश्वास, परिवर्तन और समयबद्ध आपूर्ति के आदर्श रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने और राज्य को औषधि क्षेत्र में अग्रणी विनिर्माण और नवाचार केंद्र बनाने के लिए सरकार पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास न केवल देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए आवश्यक विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना और कुशल कार्यबल भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार प्रत्येक निवेशक को ह्यसुरक्षा, स्थिरता और गतिह्न की गारंटी प्रदान कर रही है, जो औद्योगिक विकास की अनिवार्य शर्त है। औषधि और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मौजूद असीमित संभावनाओं को देखते हुए विभिन्न जनपदों में समूह आधारित विकास किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध ललितपुर जनपद में प्रदेश के पहले औषधि उद्यान के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहीं, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में चिकित्सा उपकरण उद्यान का निर्माण तीव्र गति से जारी है। इस परियोजना की सफलता का प्रमाण यह है कि अब तक 100 से अधिक कंपनियां इससे जुड़ चुकी हैं। निवेशकों की सुविधा के लिए यहाँ अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यू.एस.एफ.डी.ए.) मानकों वाली परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रदेश लंबी छलांग लगा रहा है।

# महोत्सव दर्पण का किया गया लोकार्पण

प्रतापगढ़। इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर महोत्सव दर्पण का समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। स्मारिका में पर्यटन नगरी बाबा घुइसरनाथ धाम में विकास की श्रृंखला व बाबा की महत्वता को दशार्या गया है। महोत्सव के तीस वर्षो की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियों तथा बाबा घुइसरनाथ की महिमा से जुडी स्मारिका का संपादन महोत्सव आयोजन समिति की संयोजिका एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा किया गया है। जिले के डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर ने बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ स्मारिका का विमोचन किया। अतिथियों द्वारा विधायक मोना के संपादन में बाबा धाम के पौराणिक महत्व पर स्मारिका में ज्ञानवर्धक लेख व चित्रों को देखकर स्मारिका को सराहा गया। महोत्सव दर्पण में बाबा घुश्मेश्वर के भव्य आध्यात्मिक गौरव तथा बाबा से जुडी जनश्रुति एवं धाम के माहात्म्य व पर्यटन विकास से जुडी तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव दर्पण-2026 में विधायक मोना ने संपादकीय लेख में धाम के सुयश व सुकीर्ति तथा प्रगति के संकल्प में धाम की उपलब्धियों का बेहतरीन खाका खींचा है। स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगो को बाबा धाम की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की भी वृहद जानकारियां दी गई है। महोत्सव दर्पण मे बाबा घुइसरनाथ के स्वस्फुटित लिंग के सुफल मंगलफल और सई पार स्थित करील के वृक्ष तथा उपलिंग बूढ़ेश्वरनाथ के साथ प्रथम महोत्सव की शुरूआत से लेकर विगत तीस वर्षो से हो रहे महोत्सव की सांस्कृतिक उपलब्धियो पर भी प्रकाश डाला गया है। विमोचन समारोह का संचालन महोत्सव दर्पण के कार्यकारी संपादक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रामबोध शुक्ल, भगवताचार्य पं. विनय शुक्ल, आदि रहे।




लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव | भवन सं० 2/182 विराट खण्ड, एम०आई०जी० | गोमती नगर योजना | 19.05.2015 | 1. श्री आशीष प्रकाश श्रीवास्तव, 2. श्री अमित प्रकाश श्रीवास्तव | श्रीमती पूरम श्रीवास्तव | पुत्र, पुत्र, पुत्री |
| 2. | स्व0 हरीराम शुक्ल | भूखण्ड सं० 2/175-ई | विनम्र खण्ड गोमती नगर | 16.01.2025 | श्री सचिदानन्द शुक्ला (पुत्र) | रजिस्टर्ड वसीयत नामा के आधार पर | पुत्र |
| 3. | श्री नरसिंह नारायण तिवारी एवं श्रीमती कुसुम तिवारी | भवन सं०- सी-8/8 | निराला नगर कालोनी योजना | 05.09.2004 | श्रीमती कुसुम तिवारी | 1. वन्दना तिवारी 2. अभिषेक तिवारी | पत्नी, अविवाहित पुत्री, पुत्र |
| 4. | स्व० शकुन्तला मिश्रा | भूखण्ड सं०- 1/205 | विराम खण्ड गोमती नगर | 02.06.2023 | श्री अंश मिश्रा | वसीयत के आधार पर | पौत्र |
| 5. | श्री बुद्धन | भूखण्ड सं०- सी-2/2 | निराला नगर कालोनी योजना | 03.09.2023 | श्री दीपक कुमार श्री अनुज कुमार | श्रीमती आशा, श्रीमती दीपा कुमारी श्रीमती निशा कुमारी | पुत्र, पुत्र, पत्नी, विवाहित पुत्री, विवाहित पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## वृद्ध ने गोली मारकर आत्महत्या की

बकेवर, इटावा। ग्राम हलूपुरा में ससुराल में आये एक अधेड़ ने मंगलवार रात करीब नौ बजे खुद को तमंचे से गोली मार ली। अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। आत्महत्या के पीछे साले की पत्नी से प्रेम प्रसंग का मामला बताया जाता है। मृतक दस साल से साले की पत्नी को अपने साथ ही रख रहा था। दो माह पहले महिला झगड़े के चलते ससुराल आगयी थी।मृतक मैनपुरी जनपद के करहल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोना का रहने वाला है। राजमिस्त्री का काम करता था। सूचना पर बकेवर थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक व सीओ भरथना रामदवन मौर्य मौके पर पहुँचे। 48 बर्षीय मतृक अनिल कुमार उर्फ पप्पू पुत्र राम चन्द्र कठेरिया निवासी ग्राम मनोना थाना करहल मैनपुरी की ससुराल बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम हलूपुरा निवासी मुन्नू कठेरिया के यहाँ थी। ससुराल आने जाने के चलते कई साल पहले अनिल के संबंध अपनी साले सत्यनारायण की पत्नी लक्ष्मी से हो गये थे। जिसके चलते पति सत्यनारायण ने अपनी पत्नी लक्ष्मी को घर से निकाल दिया था। जिसके चलते महिला अपने मायके औरैया जनपद के अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम नबादा पिता राम आसरे के घर पर पिछले दस बर्ष से अपने प्रेमी अनिल के साथ रह रही थी।

## मौरंग लदा डंपर पलटा चालक, परिचालक घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग से कचैरा बाईपास होकर आगरा जनपद के पिनाहट की ओर जा रहा ओवरलोड मौरंग लदा डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया गया कि डंपर इटावा की ओर से बालू भरकर पिनाहट जा रहा था। कचैरा बाईपास पर रेलवे पुल के आगे मोड़ पर अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और डंपर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह मार्ग राजस्थान, मध्यप्रदेश और आगरा जाने के लिए शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल होता है।

## हत्यारे को भेजा जेल

इटावा। शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र के करनपुरा में बीते 11 फरवरी को घर में शादी के दौरान हुए खूनी संघर्ष में जीजा उमेश चंद्र बाथम की मौत हो गई, जबकि साला प्रेम सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि दोनों ने अत्यधिक शराब पी रखी थी। नशे में विवाद बढ़ा और प्रेम सिंह ने सिल से सिर पर वार कर दिया। इलाज के दौरान उमेश चंद्र बाथम ने दम तोड़ दिया। 11 फरवरी की रात शादी वाले घर में खुशियों का माहौल था। परिवार के लोग और मेहमान समारोह में शामिल थे। इसी बीच उमेश चंद्र बाथम और उनके साले प्रेम सिंह ने ज्यादा शराब पी ली। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया निरीक्षण

## जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त : डीएम



जिला संवाददाता

गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सदर तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था, आर0के0 अनुभाग तथा अन्य पटलों पर लंबित प्रकरणों की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। साथ ही तहसील परिसर में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित दिया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने नामांतरण, वरासत, खतौनी सुधार, आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र निर्गमन तथा राजस्व वादों की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि कुछ प्रकरणों में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उद्धरण खतौनी प्राप्त करने हेतु बने काउंटरों में यूपीआई क्यूआर कोड़ लगाने का निर्देश दिया ताकि प्राप्तकर्ता के समय की बचत हो। उन्होंने सभी पटलों पर नाम, पदनाम, वर्क चार्ट, फाइल रजिस्टर तथा ई-फाइलिंग शत प्रतिशत अवश्य रहे, इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अनुभागों की पत्रावलियां व्यवस्थित ढंग से रखी जाए। आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का निरीक्षण कर उन्होंने आईजीआरएस मामलों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व वादों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित की जाए तथा पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। साथ ही अभिलेखागार कक्ष का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने तथा अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील परिसर में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित दिया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (भू0/रा0) हिमांशु वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर दीपक गुप्ता, तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## इंद्र के अहंकार को भगवान कृष्ण ने तोड़ा : आचार्य आनंद जी महराज



गगहा, गोरखपुर। गोकुल वासी इन्द्र की पूजा पाठ विधि-विधान से प्रति वर्ष किया करते थे।एक बार गोकुल वासी इन्द्र की पूजा करने जा रहे थे तो भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा कि आप लोग गोवर्धन पर्वत व प्रकृति की पूजा करिए।इन्द्र की पूजा तो अहंकार की पूजा है।सभी गोकुल वासी इन्द्र की पूजा की जगह गोवर्धन की पूजा करने लगे जिससे कुपित होकर इन्द्र ने भारी वारिस शुरू कर दी जिससे पूरे गोकुल मे हाहाकार मच गया लोग त्राहि-त्राहि करने लगे।जिस पर भगवान्‌ने अपनी उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत को ही उठा लिया।इन्द्र ने देखा कि इतनी वर्षा के बाद भी सभी लोग सुरक्षित है।तब इन्द्र ने वर्षा बन्द की और भगवन से क्षमा मांगा।इस प्रकार इन्द्र के अहंकार को समाप्त किया। उक्त बातें गगहा क्षेत्र के मिश्रौली में सप्तदिवशीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन मथुरा से पधारे आचार्य आनंद जी महराज ने भागवत कथा के महात्म्य को समझाते हुए उपस्थित श्रद्धालुओ को कथा का रसपान कराते हुए कही। कथा के मुख्य यजमान पंडित रामजी तिवारी पत्नी संतोषा देवी, के निर्देशन मे भगवत पुराण का पूजन अर्चन और आरती हुई। इस अवसर पर किशन तिवारी, दिनेश द्विवेदी उर्फ गोली बाबा, रिंटु दुबे, ग्राम प्रधान राकेंद्र द्विवेदी, सुधाकर तिवारी, राजन शुक्ला, सहित सैकड़ो श्रद्धालु देर रात तक भागवत कथा की ज्ञान गंगा में गोता लगाते रहे।

## इटावा में यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू, 67 केंद्रों पर 42 हजार परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



इटावा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं आज बुधवार से पूरे प्रदेश की तरह इटावा जिले में भी धूमधाम से शुरू हो गई। पहले दिन हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं सुबह की पाली में हिंदी विषय की परीक्षा दे रहे हैं, वहीं इंटरमीडिएट के विद्यार्थी दूसरी पाली में हिंदी सामान्य व साहित्यिक विषय की परीक्षा देंगे जिले में कुल 42,812 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 21,627 और इंटरमीडिएट के 21,185 अभ्यर्थी शामिल हैं। इस बार जिले भर में 67 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी से लैस हुए केंद्र नकल रोकने के लिए इस बार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी 67 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से की जा रही है। इस बार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए लखनऊ और प्रयागराज में भी लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है। जिले के 67 केंद्रों में से तीन केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहेंगे। इसके अलावा, महिला शिक्षकों सहित आधा दर्जन उड़नदस्ते फ्लाइंग स्क्वायड भी औचक निरीक्षण के लिए गठित किए गए हैं परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.00 से शाम 5.15 बजे तक चलेगी छात्रों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र की हार्ड कॉपी के साथ आधार कार्ड लाना भी अनिवार्य है, जबकि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है डीआईओएस अतुल कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद हैं। उन्होंने छात्रों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी है।

## असफलता से न डरने वालों का वरण करती है सफलता : प्रीति उमर



**गोरखपुर।** नगर पंचायत बढ़हलगंज की चेयरमैन प्रीति उमर ने कहा कि असफलता से न डरने वालों का ही सफलता वरण करती है। श्रीमती उमर मंगलवार को बड़हलगंज स्थित एक होटल में उमा टेक्निकल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित सेमिनार में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जीवन के सफर में कई बार हमें असफलता को गले लगाना पड़ता है, लेकिन सत्य यही है कि सफल वही होता है जिसने अपने असफलता को सफलता की पहली सीढ़ी बना लिया और अपनी प्रतिभा को निखारते हुये सफलता पाने का प्रयास जारी रखा। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जीतेन्द्र यादव ने हरिवंश राय बच्चन की कविता 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती' के माध्यम से बच्चों को संघर्ष से न घबराने और कोशिश करते रहने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकिक चीजों से जुड़ कर उसे जान कर बेरोजगारी से लड़ा जा सकता है। केवल डिग्री नहीं हुनर का जीवन में होना बहुत जरूरी। सेमिनार के आयोजक उमा टेक्नीकल इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर सत्येन्द्र यादव ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। सेमिनार में प्रीति यादव, कनक यादव, चंचल जायसवाल, भावना, काव्य यादव, प्रिया, सोनम, महिमा गुप्ता, आस्था दूबे, प्रिया मद्धेशिया, स्मिता चौहान, कनक सिंह, प्रियंका पाण्डेय, किशन मद्धेशिया, अजीत, अमिता गौड़, खुशी यादव, पूनम यादव, श्वेता यादव, रवि कुमार, सौरभ जायसवाल आदि छात्रों ने भाग लिया।

## एक सप्ताह बाद भी किसी मुकाम पर नहीं पहुंची गुलरिहा पुलिस

### मंदिर में हुई चोरी का सीसी कैमरा फुटेज भी मिला था फिर भी परिणाम शून्य

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सरहरी के 200 मीटर दूर स्टेट बैंक के थोड़ा आगे बीते आठ फरवरी को दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी हुई थी।बांसस्थान बामंत मंदिर में भी सी सी कैमरा के सामने चोरी हुई थी।पीड़ित को पहले पीली पर्ची थमाकर घटना को टालने का प्रयास किया गया।समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन पीड़ित दो दुकानदार दर्ज हुआ एक मुकदमा।महराजगंज चौराहे पर इस तरह भीषण चोरी से दुकानदार सहमे हुए हैं क्योंकि सरहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में किसी चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है।पहले तो गुलरिहा थाना पुलिस का प्रयास होता है कि मुकदमा न दर्ज कर, अपराध पर काबू पाया जाए।क्योंकि रामपुर गोपालपुर निवासी रामनिवास सिंह का पंपिंगसेट चोर उठा ले गए थे।थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।लेकिन चोरी का खुलासा क्या मुकदमा ही दर्ज नहीं हुआ।इस कारण चोरों के हौसले बुलंद होते हैं और चोरी पर चोरी होती रहती है।कसौधन फुटवेयर एवं कॉस्मेटिक श्रृंगार भवन के मालिक रवींद्र गुप्ता और आदर्श श्रृंगार के मालिक सुमंत ने बताया कि हम लोग अब चोरी के खुलासे की उम्मीद छोड़ रहे हैं।महराजगंज चौराहे के दुकानदारों ने नाम न लिखने की शर्त पर कहा कि, सरहरी पुलिस की हर गश्त जंगल टिकरिया की तरफ होती है महराजगंज चौराहे पर दुर्घटना या जाम लगने पर पुलिसकर्मियों को खोजना पड़ता है।

## ऑल इंडिया उलेमा करायेगी निःशुल्क शादी सम्मेलन

जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र जसवन्तनगर के जैनपुर नागर स्थित पीके भट्टा पर ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा ने अपनी टीम के साथ निःशुल्क शादी सम्मेलन को लेकर एक अहम बैठक की। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि इस बार हमारा पांचवां शादी सम्मेलन है हम चाहते कोई भी गरीब लड़की जिसका रिश्ता पक्का हो गया है और उसके मां बाप शादी करने में असमर्थ है, ऐसे लोग हमारे शादी सम्मेलन में अपना फॉर्म 20 फरवरी तक जमा कर दे। उन लड़कियों का शादी कार्यक्रम 5 अप्रैल दिन रविवार को नारायण धाम इटावा में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड व चेयरमैन वर्ल्ड सूफी फोरम कछौछा शरीफ होंगे। खजांची रजी ने कहा कि हमारी तंजीम शादी सम्मेलन के साथ साथ आंखों का निःशुल्क आई कैम्प लगवाती है।

## ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को मारी टक्कर

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा अन्तर्गत इटावा कन्नौज हाइवे के मुख्य चैराहा मोना स्वीट हाउस के निकट बुधवार की सुबह करीब सवा 7 बजे तेज रफ्तार एक नए चेचिस ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी पर बैठी 16 वर्षीय कु.प्रिया यादव पुत्री रजीब यादव निवासी ग्राम लौंडी वहारपुर गम्भीर रूप से घायल हो गई, जबकि स्कूटी चला रही उसकी मां रीत यादव चोटिल हो गई। घटना चूंकि कस्बा पुलिस चैकी के समीप घटित हुई जिसके कारण तत्काल पुलिस ने नए चेचिस ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। और घायल प्रिया को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सालय भेज दिया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद प्रिया को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। घटना के सम्बन्ध में घायल प्रिया की मां रीता यादव ने बताया कि उसकी बेटी भरथना के ज्ञान स्थली कालेज में हाई स्कूल की छात्रा है, बुधवार से बेटी प्रिया की बोर्ड परीक्षा शुरू हुई थी, सुबह वह खुद अपनी बेटी को पहले दिन की परीक्षा ग्राम मोढी स्थित जन सहयोगी इंटर कालेज में स्कूटी से दिलाने जा रही थी। जैसे ही वह कस्बा के मुख्य चैराहे पर पहुंची इसी बीच नए चेचिस ट्रक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उसकी बेटी प्रिया गंभीर रूप से घायल हो गई।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर / टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं.:– 1. निविदा सं०:–** वमंविइं–टीआरडी–लजं–ओटी–198, **कार्य का विवरण:–** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में ऐशबाग स्टेशन पर टर्न टेबल लाइन का विद्युतीकरण।, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि व समय:–**18.03.2026 व 15.00 बजे, **ई–निविदा खुलने की तिथि व समय:–** 18.03.2026 व 15.30 बजे, **अनुमानित लागत:–**21,48,766.81 रू०, **बयाना राशि:–** 43,000.00 रू०, **निविदा मूल्य:–** 0.00 रू०, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 09 माह।, **नोट–1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **2.** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।
वरि०मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–284 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव धनुआ में बुधवार की दोपहर एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वैचारिक उत्थान के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना जरूरी : सन्तराज यादव

## प्रशिक्षण के माध्यम से भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का करती है व्यक्तित्व का विकासः जनार्दन तिवारी



गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के रानीडीहा स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर जनपद में आगामी 07 मार्च से 15 अप्रैल तक चलने वाले प्रशिक्षण की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व भूमि विकास बैंक के निवर्तमान सभापति सन्तराज यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो अपने समय समय पर प्रशिक्षण कार्यशालायें आयोजित कर अपने कार्यकताओं को प्रशिक्षित करती है उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ संगठन का कार्य करने के लिये ही कार्यकताओं को नही जोड़ती है बल्कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं के व्यक्तित्व का विकास भी करती है जिससे कार्यकर्ता के व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि वैचारिक उत्थान के लिये कार्यकताओं का प्रशिक्षित होना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की नीतियों को धरातल और जन जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। श्री यादव जी ने कहा कि प्रशिक्षण के कारण ही हमारे कार्यकर्ता समाज मे अनुशासित ढंग से संगठन और सरकार में समन्वय बनाकर आमजन से जुड़े रह कर काम करते हैं। उन्होंने पंच परिवर्तन को लेकर विस्तृत सम्बोधन देते हुए कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने अपने संबोधन में भाजपा कार्यकताओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोग में सतर्कता बरतने की जरूरत बताई। कहा कि ए आई के युग मे विरोधियों द्वारा एडिटिंग वीडियो व गोटोग्राफ के माध्यम से भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है जिससे स्वयं सतर्क रहना होगा तथा आमजन को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया का सही उपयोग किया जाए तो हमारे लिए सबसे बड़ा हथियार भी साबित होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की विकास परक नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये शोसल मीडिया प्लेटफार्म का सकारात्मक उपयोग मील का पत्थर साबित होगा। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से भाजपा अपने कार्यकताओं के व्यक्तित्व का विकास करती है। कहा प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन के सभी कार्यों में रूचि लेते के साथ साथ भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं का भी खूब प्रचार प्रसार कर रहे हैं यही कारण है कि भाजपा का विजय अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिकेश राम त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, मार्कण्डेय राय, बंशबहादुर सिंह, भाजपा जिला महामन्त्री व प्रशिक्षण अभियान जिला संयोजक डॉ आरडी सिंह, सहसंयोजक चंचला शुक्ला, हरिकेष राम त्रिपाठी दीपक सिंह प्रमुख रूप से मंच पर उपस्थित थे।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1203–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 18.02.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत बाराबंकी–अकबरपुर के खण्ड में विभिन्न स्टेशनों पर आउटडोर LT पैनल के प्रावधान के साथ संबंधित केबलिंग और अन्य सहायक कार्य के संबंध में विधुत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,35,42,483.33 (एक करोड़ पैंतीस लाख बयालीस हजार चार सौ तिरासी रूपये एवं तैंतीस पैसे मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,17,800/– (दो लाख सत्रह हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह। |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 13.03.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0: 1203–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक– 18.02.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 558/26

न्यायालय सूचना
न्यायालय श्रीमान परगनाधिकारी तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव
वाद सं. T 202510690417103
सन् 25 ई.
तारीख पेशी 27.02.2026
श्रीमती बसंती .............वादी
बनाम
रामऔतार आदि ..........प्रतिवादी
धारा 144 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
1. गुड्डू व बाबू लाल व रामचंद्र व विनोद पुत्रगण स्व. रामऔतार व श्रीमती ज्योति पुत्री स्व. रामऔतार
2. परमेश्वर पुत्र सीताराम
3. बुद्धीलाल पुत्र स्व. टीका
4. सुल्तान व लाल मोहम्मद व इकबाल व अहमद पुत्रगण स्व. सिरदार व श्रीमती मक्की पत्नी स्व. सिरदार
5. तारादेवी पत्नी विजय कुमार निवासी 548/168 बड़ाबरहा आलमबाग लखनऊ
6. रहीसा बानो पत्नी रियासत अली
7. श्रीमती परमेश्वरी पत्नी परमेश्वर
8. गांव सभा धौरा द्वारा ग्राम प्रधान
9. राज्य सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिला अधिकारी उन्नाव
चूंकि ऊपर नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 27 माह 02 सन 2026 ई. को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज ता. 13 माह 02 सन् 2026 की निकाली गई।
न्यायालय

## मजदूरी के रुपए मांगने पर युवक को पीटा

इकदिल, इटावा। मजदूरी के रुपए नही देने पर युवक को पीटा। गांव बमनपुर भगौती के रहने वाले ललित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने थाने में तहरीर देकर गांव के ठेकेदार पर मजदूरी के रुपये नही देने मांगने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने बताया कि गाँव के रहने वाले एक ठेकेदार युवक के साथ चार माह पूर्व अपने एक अन्य साथी के साथ काम करने के लिए गया था। जहां करीब डेढ़ माह काम किया। जब पीड़ित ने मजदूरी के रुपए मांगे तो वह रुपए देने में आनाकानी करने लगा। मंगलवार को जब रुपए लेने के लिए पीड़ित अपने एक अन्य साथी के साथ उसके घर गया तो ठेकेदार गाली गलौज करने लगा और रुपए देने से मना कर दिया। युवक ने गलियों का विरोध किया तो ठेकेदार युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी डंडो से मारपीट कर उसे भगा दिया।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव

इकदिल, इटावा। गांव मड़ैया मुसवाली में मंगलवार सुबह एक महिला का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। जिसमे महिला के मायके पक्ष के लोगों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसमें महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग की पुष्टि हुई है। गांव निवासी पवन कुमार की 22 वर्षीय पत्नी गुंजन मंगलवार सुबह कमरे में थी। पवन कुमार खेत पर पानी लगाने गए थे। इसी बीच घर में खेल रहा बच्चा गुंजन के कमरे के पास पहुंचा। दरवाजा खुला देख जब अंदर झांका तो गुंजन को फंदे पर लटका देख चीखने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य दौड़ते हुए कमरे में पहुंचे। उन्होंने फंदे को काटकर गुंजन को नीचे उतारा। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। गुंजन के पिता राकेश बाबू निवासी कचैरा घाट चित्राहाट आगरा ने बताया कि उन्होंने 29 अप्रैल 2025 को बेटी की शादी पवन कुमार के साथ की थी। पिता का कहना है कि गुंजन गर्भवती थी उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोगों ने चार लाख रुपये की मांग कर रहे थे। और बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके बाद घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया गया है। मृतिका के मायके वालों ने महिला के पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चैहान ने बताया महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण हैंगिंग की पुष्टि हुई है। और मृतिका के मायके पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर महिला के पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज हत्या में केस दर्ज किया गया है। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

## किशोरी का नहर में मिला शव

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र से तीन दिन पहले लापता हुई 14 वर्षीय किशोरी का शव घर से करीब 40 किमी दूर लवेदी क्षेत्र की नहर में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पोस्टमार्टम के दौरान रिपोर्ट को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया और वार्ड बॉय पर पैसे मांगने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। वैदपुरा थाना क्षेत्र के नगला वंशी गांव निवासी मोहिनी शनिवार शाम बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। देर रात तक वापस न लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिजनों ने गांव और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना वैदपुरा थाने में दी गई। पोस्टमार्टम हाउस में तैनात वार्ड बॉय अजय सक्सेना पर परिजनों ने 50 हजार रुपये लेकर रिपोर्ट अपने पक्ष में तैयार कराने का आरोप लगाया। आरोप लगते ही परिवार ने हंगामा शुरू कर दिया और कार्रवाई की मांग की। सूचना पर वैदपुरा थाना पुलिस और बाद में सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी
संख्या -1037/आबकारी/अपील/चेता./2025 26/बाराबंकी/ दिनांक : 17.02.2026
अपील/चेतावनी
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466233, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-7017569578, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।
(कुलदीप दिनकर) जिला आबकारी अधिकारी बाराबंकी
(शंशांक त्रिपाठी) जिलाधिकारी बाराबंकी

संक्षेप

## सात माह से लापता युवक, मां ने कोतवाली में दी तहरीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गूंगेपुर निवासी एक महिला ने अपने 22 वर्षीय पुत्र के सात माह से लापता होने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम गूंगेपुर निवासी पद्मा पत्नी राकेश के अनुसार रक्षाबंधन के समय उसका पुत्र अनुज गांव महमदपुर निवासी पुत्तू पुत्र पंचम के साथ कर्नाटक काम करने गया था। आरोप है कि पुत्तू तीन दिन बाद ही गांव वापस लौट आया, जबकि अनुज के संबंध में उसने परिजनों को बताया कि वह वहीं काम कर रहा है और होली तक घर आ जाएगा। परिजनों का कहना है कि सात माह बीत जाने के बाद भी अनुज घर नहीं लौटा है और न ही उससे कोई संपर्क हो सका है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है।महिला का आरोप है कि उसके पुत्र ने खेत गिरवी रखकर उक्त व्यक्ति को रुपये दिए थे।जब इस संबंध में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर युवक की सकुशल बरामदगी और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने नाबालिग बच्चियों को किया बरामद

लखीमपुर खीरी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गुमशुदा दो नाबालिग बच्चियो की बरामदगी हेतु सीसीटीवी फुटेज व सर्विलान्स टीम की मदद से सलीम खान पुत्र मो0 रफीक निवासी मो0 इस्लामनगर गोटैय्याबाग थाना कोतवाली सदर की दोनों नाबालिग बच्चियों को जनपद कासगंज के सिकंदरा राव रोड स्थित महादेव ढाबे पर बरामद कर पुलिस द्वारा गुमशुदा के परिजनो (पिता व भाई) को साथ लेजाकर, परिजनों की पहचान के आधार पर दोनो गुमशुदा नाबालिग बच्चियोको मात्र 24 घण्टे के अन्दर बरामद किया गया जिन्हे सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया ।बच्चियों ने बताया की वे जयपुर का नाम बहुत अच्छे शहर में सुना था इसलिए जयपुर घूमने जा रही थी। बरामद करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 तेज सिंह चौकी इंचार्ज राजापुर, का0 सुरेन्द्र सिंह,म0का0 कमलेश कुमारी कोतवाली सदर शामिल रहे।

## 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

मीरजापुर। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने इनामिया, पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम छितपुर मोड़ के पास से ? 50 हजार के इनामिया राकेश वर्मा 48 वर्ष पुत्र त्रिलोकी नाथ वर्मा निवासी बसखारी जनपद अम्बेडकर नगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए राकेश वर्मा के खिलाफ देहात कोतवाली मीरजापुर सहित अम्बेडकर नगर में कई मुकदमे दर्ज हैं। जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने पचास हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

# डीएम की पहल पर परिषदीय स्कूलों में हुई पीटीएम





जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बुधवार को पूरे एक्शन मोड में नजर आईं। सुबह-सुबह खंड विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर उन्होंने साफ संदेश दे दिया कि फॉर्मर आईडी अभियान में ढिलाई नहीं चलेगी और स्कूलों में उपस्थिति सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। बैठक में डीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए और जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सख्त रणनीति तय की।कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सिर्फ आदेश से नहीं, मैदान में उतरकर ही संभव है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश मिलते ही अधिकारी और बीडीओ फील्ड में निकल पड़े। कहीं फॉर्मर आईडी बनाने के आंकड़ों की पड़ताल हुई तो कहीं स्कूलों में बच्चों की हाजिरी और पढ़ाई का स्तर परखा गया। विद्यालयों में आयोजित पैरेंट-टीचर मीटिंग में अफसरों ने अभिभावकों से सीधा संवाद कर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और स्कूल के माहौल पर फीडबैक लिया। डीएम ने दो टूक कहा कि सिर्फ उपस्थिति बढ़ाना लक्ष्य नहीं, कक्षाओं में गुणवत्ता दिखनी चाहिए। दिनभर की मॉनिटरिंग के दौरान वह खुद भी अपडेट लेती रहीं, जिससे अफसरों में हलचल बनी रही। सुबह की बैठक से लेकर शाम तक चले इस अभियान ने साफ कर दिया कि जिले में अब योजनाओं की प्रगति फाइलों से निकलकर सीधे जमीन पर परखी जाएगी।

### जब स्कूल बना संवाद का मंच, अभिभावकों ने थामा जिम्मेदारी का हाथ

जिले के परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को आयोजित विशेष अभिभावक बैठकों ने स्कूलों को जीवंत संवाद का केंद्र बना दिया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर हुई इस पहल का उद्देश्य स्पष्ट था कि हर बच्चा रोज स्कूल आए और पढ़ाई में गुणवत्ता दिखे।

बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित किया गया। मंच से उनका उदाहरण पेश कर संदेश दिया गया कि नियमित उपस्थिति ही सफलता की पहली सीढ़ी है। वहीं जिन बच्चों की उपस्थिति कम रही, उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर जिम्मेदारी का अहसास कराया गया। अब एक भी दिन बेवजह अनुपस्थित नहीं-ऐसा संकल्प दिलाया गया।

## हिन्दी परीक्षा में 95.19 प्रतिशत उपस्थिति रही

जौनपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा के तहत बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा जिले के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में हुई।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कुल 76,848 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 73,154 उपस्थित रहे। 3,694 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। इस प्रकार, परीक्षार्थियों की उपस्थिति 95.19 प्रतिशत और अनुपस्थिति 4.81 प्रतिशत रही। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू थी। परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र समय पर पहुंचे और परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू थी। परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र समय पर पहुंचे और परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई। नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त, कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई-डिस्ट्रिक्ट सेल से परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी भी सक्रिय रही।

## सरकारी नाली पर कब्जे की शिकायत एसडीएम से कार्रवाई की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरिया निवासी रामासरे वर्मा ने एसडीएम और तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी नाली पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की है। शिकायत के अनुसार रामासरे वर्मा की कृषि भूमि ग्राम तेंदुआ में स्थित है। उनके खेत के पास लगभग आठ फुट चैड़ी सरकारी नाली दर्ज है, जिसे गांव के ही राजकुमार, अवधेश कुमार, कमलेश कुमार और राकेश कुमार पुत्रगण शिव सागर लाल द्वारा जोतकर अपने खेत में मिलाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि नाली की जमीन को समतल कर उसे कृषि भूमि के रूप में उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। रामासरे वर्मा ने आरोप लगाया कि संबंधित लोग उनकी जमीन की मेड़ तोड़कर उसे भी अपने खेत में मिलाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही नाली की भूमि पर जबरन यूकेलिप्टस के पेड़ लगा दिए गए हैं, जिससे भविष्य में सरकारी भूमि पर स्थायी कब्जे की आशंका बढ़ गई है। विरोध करने पर आरोपितों द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व टीम भेजकर मौके का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए, नाली की पैमाइश कराई जाए और सरकारी भूमि को तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए।

## पॉवर हाउस का ट्रांसफार्मर फुंकने से अंधेरे में डूबे गांव

मोहम्मदी खीरी। विद्युत स्टेशन में ग्रामीण पावर हाउस पर लगा ट्रांसफार्मर में अचानक खराबी आ जाने से तीन फीडरो से संचालित दर्जनों गांव की बिजली गुल हो गई जिससे हाहाकार में अधिकारियों ने आनन-फानन में जुगाड़ से छुटपुट



तरीके से बिजली आपूर्ति बहाल कराने का दावा किया है। जबकि विद्युत आपूर्ति की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। जिससे लोग बूंद-बूंद पानी को तरसने को मजबूर हुए है। जानकारी अनुसार मोहम्मदी पावर हाउस पर ग्रामीण क्षेत्र के 10 एम बी ए के ट्रांसफार्मर में सोमवार को आई तकनीकी खराबी के चलते आपूर्ति बाधित होने से गोकन, उचौलिया और राजेपुर फीडर के सैकड़ों गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए कर्मचारियों ने दूसरे फीडर के ट्रांसफार्मर से जॉइंट कर जुगाड़ से विद्युत आपूर्ति बहाल करने का दावा किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों का कहना है बोर्ड की परीक्षाएं शुरू है जिसके चलते बच्चों को पढ़ाई के लेकर भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है एसडीओ शुभमं मौर्या ने बताया अचानक तकनीकी खराबी के चलते विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आई हैं स्थिति नियंत्रण में है देर रात तक नया ट्रांसफार्मर पहुंचने की उम्मीद है दूसरे ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बहाल की गई है।

## अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांग पत्र अपर आयुक्त को सौंपा

दुद्धी, सोनभद्र। बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल ने तहसील दुद्धी का मुआयना किया गया, उन्होंने तहसील अंतर्गत सभी न्यायालय की गंभीरता से जांच किया, जहां नजारत एवं अभिलेखों के रखरखाव सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहनता से जांच किया। उप जिला अधिकारी न्यायालय के जांच उपरांत दुद्धी बार संघ के नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं में संयुक्त रूप से 6 सूत्री मांगों को लेकर अपर आयुक्त से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को बताया जिसे संज्ञान ले उनके द्वारा कुछ मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया ।अधिवक्ताओं ने तहसील दुद्धी के मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट करने के संबंध में ज्ञापन सोपा जिसमें मुख्य 6 बिंदु दिए गए हैं पहले यह की इस क्षेत्र के अधिकांश अराजी नंबर मिनजुमला गाटा है जिसे सीमांकन की कार्वाई करने में काफी परेशानी होती है दूसरा यह की राजस्व संहिता में कितने समय के अंदर सीमांकन कार्यवाही व पाठ की कार्रवाई होना चाहिए निर्धारित किया गया है किंतु समय का कोई ध्यान नहीं रखा जाता तीसरा धारा 116 के तहत पारित आदेश का अमल बरामद वह कंप्यूटर कृत खतौनी पर अनुपालन नहीं हो रहा में मिनजुमला कागजात के बाबत फाट की कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी सोनभद्र के यहां धारा 30(2) की कार्यवाही करने हेतु जिला मुख्यालय पर जाना पड़ रहा है। लंबी दूरी होने के कारण मुकदमे की पहली करना संभव नहीं है इस तरह के प्रकरण का निस्तारण अपर जिलाधिकारी महोदय सोनभद्र को दुद्धी तहसील मुख्यालय पर आकर सुनवाई करने हेतु आदेशित किया जाए ।असंक्रमणीय भूमिधर का मियाद पूरा होने के बाद भी असंक्रमणीय भूमिधर नहीं किया जा रहा है जिसे तत्काल प्रभाव से कराया जाए चुकी दुद्धी तहसील आदिवासी बहुल क्षेत्र है सर्वे प्रक्रिया के दरमियान किसी के कब्जे कास्त की भूमि किसी अन्य के नाम कर दिया गया है, जो विवाद का मुख्य कारण है यहां के अधिकारी जो मदारी क्षेत्र से आते हैं और उसे बिना समझे नाम वाले को पुलिस बल से या धन बल के आधार पर कब्जा दिला देते हैं ।

## दुधवा में हाथी मानव संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला संपन्न



पलिया कलां खीरी। दुधवा टाईगर रिजर्व के पर्यटन परिसर के ऑडिटोरियम में मानव हाथी संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला आयोजित हुआ ।

कार्यशाला फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाईगर रिजर्व लखीमपुर खीरी के निर्देशन में दुधवा टाईगर रिजर्व और डब्लू डब्लू एफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता और प्रशिक्षक डब्लू डब्लू एफ इंडिया नई दिल्ली से आये एलीफेंट प्रोग्राम के प्रमुख डॉ अरित्र खेत्री और वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन रहे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उप निदेशक दुधवा टाईगर रिजर्व जगदीश आर ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला और हाथियों की जंगल में निगरानी, उनके प्राकृतिक वास में सुधार और पूर्वानुमान से ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना प्रेषित करने पर बल दिया जिससे ग्रामीण अपने फसलों की सुरक्षा में आवश्यक कार्यवाही कर सके उन्होंने समुदाय आधारित क्रियाकलाप को अपनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया और तकनीकी आधारित क्रियाकलाप पर सहयोग हेतु डब्लू डब्लू एफ से अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी हाथी को रेडियो कॉलर करते हैं तो तो उसके मूवमेंट का पैटर्न पता चल जाएगा जिससे हम उनके संरक्षण और ग्रामीणों की सुरक्षा में आवश्यक कार्यवाही कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधानों ने भी अपने विचार एवं सुझावों को प्रस्तुत किया। अंत में उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां दीपक कुमार पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और सफल आयोजन हेतु डब्लू डब्लू एफ इंडिया का सराहना किया ।कार्यशाला में दुधवा नेशनल पार्क के वार्डन महावीर प्रसाद तथा समस्त क्षेत्रीय वनाधिकारी और बफर जोन के समस्त क्षेत्रीय वनाधिकारी और फील्ड स्टाफ तथा संबंधित गांवों के ग्राम प्रधान और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डब्लू डब्लू एफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी रोहित रवि, सलाहकार नाशित अली, सहायक परियोजना अधिकारी राधेश्याम, बायोलॉजिसट अपूर्व गुप्ता उपस्थित रहे।

## विधानसभा में ऊर्जा मंत्री पर बरसीं विधायक

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज बुधवार को मछली शहर की सपा विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर ने ऊर्जा मंत्री से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अंत्योदय कार्डधारकों, विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांग जनों को बिजली बिल में राहत प्रदान करने पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने सदन में मंत्री के दोहरे चरित्र पर तंज कसते हुए कहा कि सदन में तो आम बबूल की बातें और पुरानी सरकारों पर आरोप लगाते आंखें बबूल हो जाती हैं, लेकिन क्षेत्र में जाकर प्रभु श्रीराम और सीता मैया की कहानी सुना कर अधिकारियों को डराते हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में लगभग 40 लाख अंत्योदय कार्डधारक गरीबी रेखा से बहुत नीचे हैं, जिनके लिए कोई विशेष बिजली स्कीम नहीं लाई गई। 300 यूनिट बिजली का सालाना बिल 20,800 रुपये आता है, जबकि विधवाओं को मात्र 1,000 रुपये पेंशन दी जा रही है लेकिन 1,740 रुपये बिजली बिल वसूला जाता है। इसी प्रकार दस लाख दिव्यांगों और वृद्धों से पेंशन के नाम पर एक तरफ 1,000 रुपये देकर दूसरी तरफ बिजली बिल से डबल वसूली की जा रही है ।अंत्योदय कार्डधारकों, विधवाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाए, बिजली बिल में वर्तमान को बढ़ाकर पूर्ण छूट दी जाए। विधायक ने चेतावनी दी कि नेता सदन का दावा है कि 6 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आ गए, लेकिन राशन पर निर्भरता बनी हुई है। नौ साल की सरकार में ये परिवार बिजली बिल चुकाने में सक्षम नहीं बने। सरकार से तत्काल स्पष्ट उत्तर और कार्रवाई की मांग की गई है।

# जिला पंचायत गेट पर दोबारा कब्जे की तैयारी, सड़क पर डाले तख्त



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जिला पंचायत परिसर के मुख्य द्वार पर हटाया गया अतिक्रमण दोबारा किए जाने की कोशिश से विवाद की स्थिति बन गई है। पूर्व में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई कर प्रवेश मार्ग खाली कराया गया था, लेकिन अब फिर से सड़क पर तख्त डालकर अतिक्रमण की तैयारी किए जाने का मामला सामने आया है।

9 जनवरी को नायब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह, कार्य अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जेई रमेशचंद विश्वकर्मा, आरआई देवेन्द्र वर्मा, एआरआई संजीव कुमार, लेखपाल रमेश कुमार तथा नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर मुख्य द्वार पर किया गया अतिक्रमण हटवाया था। कार्रवाई के बाद कॉम्पलेक्स का प्रवेश मार्ग पूरी तरह खुल गया था और आवागमन सुचारु हो गया था। बुधवार को संबंधित पक्ष द्वारा पुनः सड़क किनारे तख्त डालकर अतिक्रमण की तैयारी शुरू कर दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही जिला पंचायत के दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। दुकानदारों का कहना है कि मुख्य द्वार पर अतिक्रमण से ग्राहकों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ता है। दुकानदारों ने प्रशासन से दोबारा सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि हटाए गए अतिक्रमण को फिर से न पनपने दिया जाए।

### दोबारा अतिक्रमण पर होगी सख्त कार्रवाईः एसडीएम

जिला पंचायत के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण हटाए जाने के बाद दोबारा कब्जा करने की कोशिश पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम के माध्यम से पूर्व में अतिक्रमण हटवाया जा चुका है और प्रवेश मार्ग को सुचारु रखा जाना आवश्यक है। सार्वजनिक स्थल पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के साथ जुमार्ना और अन्य दंडात्मक कदम भी उठाए जाएंगे। प्रशासन की ओर से क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गईं। पहले दिन निर्धारित समय पर परीक्षा कराई गई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गई और अभिभावक भी बच्चों को केंद्र तक छोड़ने पहुंचे।

परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। केंद्रों के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, मोबाइल फोन या आपत्तिजनक वस्तु ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। उड़नदस्तों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने के लिए सख्ती बरती गई। प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले केंद्र पर पहुंचें और परीक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## दारोगा पर जमीन हथियाने का आरोप

जौनपुर।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से स्पष्टीकरण के साथ दो हफ्ते में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने या कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने एसपी जौनपुर से पूछा है कि प्रश्नगत प्लाट जिसकी 3 फरवरी 18 को याची के पक्ष में बैनामा हुआ है, उस पर किसका कब्जा है ।क्या मुंगराबादशाहपुर थाना के पुलिस उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव का निर्माण ढहाकर किसी दूसरे को कब्जा सौंपने में कोई भूमिका रही है और क्या याचिका में जिस निर्माण का फोटो दाखिल किया गया है वह याची की जमीन पर या बगल की जमीन पर है ।याची ने पुलिस उपनिरीक्षक पर आरोप लगाया है कि उसने याची का निर्माण ढहाकर विपक्षियों का निर्माण करा रहा है। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस के खिलाफ गंभीर आरोप को देखते हुए सत्यापन के लिए कोर्ट ने एसपी जौनपुर से सफाई हलफनामा मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी ।यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने नागेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है ।याची का कहना है कि उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव उसकी जमीन हथियाना चाहता है। लाखों की जमीन मात्र दो लाख में बेचने का दबाव डाल रहा है ।कहा कि 15 से 20 लोग इकट्ठा होकर याची की जमीन पर जबरन निर्माण करा रहे हैं और ताला सहित गेट लगा दिया है। पुलिस प्रशासन को कई शिकायते की गई। किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई तो हाईकोर्ट की शरण ली है ।इसके विरोध में कहा गया कि मुंगराबादशाहपुर के उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप तिवारी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद है। धारा 170 की कार्यवाही की गई है। चालान किया गया है। किंतु कोर्ट ने कहा कि उप निरीक्षक पर गंभीर आरोप है। इसलिए इसका सत्यापन किया जाना जरूरी है और एसपी से हलफनामा दाखिल कर जानकारी मांगी है।

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक, शिवोत्सव और बस अड्डा विस्थापन पर हुई चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधायक अमन गिरि ने लखनऊ पहुंचकर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने छोटी काशी शिव उत्सव के आयोजन, रोडवेज बस अड्डे के विस्थापन और कॉरिडोर निर्माण की प्रगति जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

विधायक ने मुख्यमंत्री को छोटी काशी शिव उत्सव की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि यह आयोजन आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि शिवोत्सव के माध्यम से नगर की धार्मिक पहचान को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने वाला कदम बताया। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग का आश्वासन भी दिया। बैठक में शहर की यातायात समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। विधायक ने कहा कि वर्तमान में रोडवेज बस अड्डा शहर के मध्य संचालित होने के कारण मुख्य मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार, अस्पताल और विद्यालय क्षेत्रों में यातायात दबाव अधिक होने से आमजन, व्यापारियों और विद्यार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने बस अड्डे को शहर से बाहर उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे न केवल जाम की समस्या कम होगी, बल्कि शहर के भीतर यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित होगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कॉरिडोर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि कार्य निर्धारित चरणों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर परियोजना पूर्ण होने के बाद नगर की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और छोटी काशी के रूप में गोला गोकर्णनाथ की पहचान प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ होगी। विधायक ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा लंबित योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

## आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों का जेई मेन में चयन




जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आकाश इंस्टीट्यूट शाखा लखीमपुर किस संस्थान के दो विद्यार्थियों ने जेई मेन 2026 में शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12 में अध्यनरत छात्र शौर्य गुप्ता ने 98.51 अंक प्राप्त किया वही प्रखर वर्मा ने 93.44 अंक प्राप्त कर जेई मेन 2026 उत्तीर्ण किया है। दोनों विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं।

जेई मेन पास करने वाले ग्रीन फील्ड के पूर्व छात्र शौर्य अवस्थी 98 अंक पाकर उन्हें सम्मानित किया गया। आकाश इंस्टीट्यूट लखीमपुर के निदेशक आलोक मिश्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह संस्थान शिक्षकों अभिभावकों पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है उन्होंने संस्थान से चयनित पांच विद्यार्थियों में से तो विद्यार्थियों ने जेई मेन उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रेस वार्ता में दीपक पुरी, डॉ सुबोध मिश्रा, जिला महामंत्री आशू मिश्रा,जिला मंत्री राम जी दीक्षित ने छात्रों को शुभ कामनायें दी।

## रोजगार-योग्यता कौशल प्रशिक्षण शुरू

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा नांदी फाउंडेशन एवं महिंद्रा प्राइड क्लासरुम के संयुक्त तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्राओं हेतु रोजगार-योग्यता संवर्धन कौशल विषय पर एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के अनुसार दिनांक 17 फरवरी से 23 फरवरी, तक विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन केंद्र में संचालित किया जा रहा है ।प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा नामित प्रशिक्षक हिना मिश्रा एवं रोहित द्वारा अंग्रेजी बोलचाल, संप्रेषण कौशल, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता तथा साक्षात्कार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार हेतु योग्य बनाना है।

## श्रीमद्भागवत कथा आज से

इटावा। नीलकंठ महादेव मंदिर सतसंग भवन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 19 फरवरी गुरूवार 2025 बुधवार तक व प्रसाद वितरण 26 फरवरी गुरूवार को होगा। नीलकंठ मंदिर समिति लालपुरा राजेश बाजपेयी, राजीव मिश्रा, कृष्णकान्त दुबे, प्रशांत दीक्षित, सुढ़कू यादव, अनिल दुबे, राजू दीक्षित, महेन्द्र सिंह तोमर, पंकज तिवारी, मुकेश कश्मीरी दीक्षित, कमल चैधरी ओपी मिश्रा, सनी पंकज दीक्षित व कथा परीक्षित योगेन्द्र कुमार दीक्षित, मुन्नी देवी दीक्षित, मयंक दीक्षित आदि लोगों ने भक्तजनों से अपील की है कि वह समय पर आकर कथा प्रवक्ता आचार्य साकेत बिहारी दीक्षित साहित्याचार्य के विचारों द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आनन्द लें। कल यानी आज कथा से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन होगा जिसमें महिला व पुरूष व बच्चे शामिल होंगे।

## दूसरे छात्र की परीक्षा देते युवक को पकड़ा

बकेवर, इटावा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की ओर से संचालित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा के दौरान बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया। उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सिंह की औचक चेकिंग के दौरान एक युवक को दूसरे छात्र की जगह परीक्षा देते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। घटना से परीक्षा केंद्र पर हड़कंप मच गया। पकड़ा गया युवक अभिषेक पुत्र रविन्द्र, निवासी निवाड़ी कला थाना बकेवर बताया गया है। वह छात्र अपने छोटे भाई अनुज के स्थान पर परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचा था। जांच के दौरान जब प्रवेश पत्र व पहचान पत्र का मिलान किया गया तो गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद अधिकारियों ने तत्काल युवक को हिरासत में ले लिया। मामले की जानकारी मिलते ही केंद्र व्यवस्थापक बेनीराम पाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर आरोपी युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने युवक से पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की नकल या फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

## विवाद के बाद घात लगाकर किशोर को चाकू घोंपा

जौनपुर। मछली शहर कोतवाली क्षेत्र के थलोई गांव में जमीनीविवाद को लेकर पड़ोसी ने किशोर को चाकू मार कर घायल कर दिया। चाकू लगने से घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी हरिकेश तिवारी से पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति से जमीन का कुछ विवाद चल रहा था। उसी रंजिश को लेकर मंगलवार की शाम बजे हरिकेश तिवारी का पुत्र श्याम कुमार तिवारी उम्र लगभग 17 वर्ष अपने साथी ऋषभ कुमार यादव के साथ जा रहा था।घात लगाकर बैठे हमलावरों ने नाबालिक को पड़कर उसके ऊपर चाकुओं से वार करना शुरू कर दिया। एक चाकू के गले में लगा जो आर पार हो गया और दूसरा चाकू उसके सीने में घुसेड दिया। चाकू लगते ही श्याम तिवारी जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। यहां नजारा देख कर उसका साथ रहा लड़का वहां से फरार हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़े लेकिन हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों द्वारा घायल को उपचार के लिए मछली शहर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां गंभीर लगने के कारण चिकित्सक ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जिला अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा घायल को जिला अस्पताल ने भी वाराणसी बीएचयू के लिए रेफर कर दिया है। घायल की हालत नाजुक बताई गई है।

## पुलिस चौकी के निकट चोरी

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गाँव में चोर सरकी पुलिस चौकी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक घर से नगदी रुपए, मोटर साइकिल सहित लाखों रुपये के जेवरात पार कर फरार हो गयें हैं। आरोप है कि चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा जेवर और नगदी रूपया समेत घर में खड़ी बाइक को लेकर वहां से फरार हो गयें हैं। इस मामले को लेकर पीड़ित ने मामले का विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हादसे के बाद चांदी से भरा बैग लेकर फरार

जौनपुर। जिले के थाना जलालपुर क्षेत्र में एक हाईवे के पास सड़क हादसे के बाद बाइक सवार बदमाशों ने आभूषण बनाकर बाजारों में बेचने वाले एक युवक का चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गयें हैं। जिला वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के कोदोपुरथाला गांव निवासी कन्हैया वर्मा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका पुत्र आशीष वर्मा चांदी के आभूषण को तैय्यार कर कई जगहो पर बाजारों में उन्हें बेचता है। आगे उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते सोमवार की रात मेरा बेटा आशीष अपने साथी युवक द्वारश खरवार के साथ जौनपुर बाजार से चांदी के आभूषण को बेचकर अपनी बाइक से घर वापस लौट रहा था कि करीब 10 बजे अकबरपुर अंडरपास के ऊपर हाईवे पर बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस घटना में दोनों बाइक सवार युवक गिर पड़े। घटना के बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश आएं और आशीष के पास पड़ा चांदी के जेवरात से भरा बैग लेकर वहां से फरार हो गए। बाइक के फिसलने के कारण युवक आशीष घायल हो गया है। मामले को लेकर पुलिस जांच करना बता रही है।

## ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय विकास खंड ब्लॉक सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों एवं ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए तथा स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय कर छोटे उद्योगों के जरिए आय बढ़ाने का कार्य किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान सीएम फेलो गौरव कुमार ने 9 प्रमुख विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजनाएं, पंचायत निधि का सही उपयोग, विद्यालयों में एमडीएम व्यवस्था, पोषण वाटिका निर्माण तथा पंचायत स्तर पर जमीनी कार्यों को मजबूत करने पर जोर दिया।

# 121 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा



बीजपुर, सोनभद्र। बीजपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी से चाक चैबंद सुरक्षा और कड़ी निगरानी के बीच यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ शुरू हो गई हैं। नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे ,वॉइस रिकॉर्डर और पुलिस बल की तैनाती की गई है, साथ ही सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की हुई। नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सघन चेकिंग के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है।

परीक्षा केंद्रों की निगरानी स्थानीय पुलिस द्वारा भी की जा रही है। बीजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चार परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गई। सुबह की पाली में कक्षा दसवीं की हिंदी विषय की परीक्षा के साथ प्रारंभ हुई।चारो परीक्षा केंद्र पर कुल 900 परीक्षार्थी का नामांकन था जिसमें 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा 965 परीक्षार्थियों का नामांकन हुआ जिसमें से 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शिवम संकल्प इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक विनोद शुक्ला ने बताया की हमारे परीक्षा केंद्र पर हाई स्कूल में 295 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमे 28 बच्चे अनुपस्थित रहे और इंटरमीडिएट की हिंदी परीक्षा में 169 में से 12 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

गुरुकुल इंटर मीडिएट कालेज सेवकाडाँड़ के व्यवस्थापक मार्तण्ड देव पांडेय ने बताया कि हमारे यहाँ प्रथम पाली हाई स्कूल में 280 विद्यार्थियों का नामंकन हुआ जिसमें 19 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे और दूसरी पाली इंटरमीडिएट में 203 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ जिसमें 07 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

वही अंबेडकर इंटर कॉलेज राजमिलान के केंद्र व्यवस्थापक कृपा शंकर ने बताया कि हाई स्कूल में 148 में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली इंटरमीडिएट की परीक्षा में 342 परीक्षार्थियों में 17 अनुपस्थित रहे। प्रभावती सिंह इंटर कॉलेज जरहा के केंद्र व्यवस्थापक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि हाई स्कूल में 196 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे जिसमे 13 अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली की इंटर की परीक्षा में 251 में से 27 अनुपस्थित रही।वार्षिक परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट विकास दुबे, अरविंद कुँवर,इंद्रेश कुमार,पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से तैनात रही।थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह सभी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# माटी चोरी और ऊखल बंधन लीला ने मोहा भक्तों का मन



रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। स्थानीय श्री रामलीला मैदान में आयोजित 11 दिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मंचन की शुरूआत नटखट कान्हा द्वारा सखाओं के साथ माटी खाने के प्रसंग से हुई। जब माता यशोदा उन्हें पकड़ती हैं और मुख खोलने को कहती हैं, तो कान्हा के मुख में ब्रह्मांड के दर्शन पाकर मैया अचंभित रह जाती हैं। इस दृश्य ने दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इसके बाद माता यशोदा द्वारा बाल कृष्ण की शरारतों से तंग आकर उन्हें ऊखल से बांधने का प्रसंग दिखाया गया। इस लीला के माध्यम से कलाकारों ने दिखाया कि कैसे भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वश में बंध जाते हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि रासलीला का मंचन 25 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के अलग-अलग प्रसंगों को दशार्या जाएगा। अंत में आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के जितेन्द्र, राम प्रसाद यादव कृष्ण मुरारी गुप्ता सचिन गुप्ता, धीरज जालान, बचाऊं पाण्डेय, राकेश गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव संदीप चौरसिया, राजेश सोनी, विजय कनोडिया, अशोक श्रीवास्तव, धर्मेश सिंह खरवार, मनोज सिंह, संजू केशरीसहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नकलविहीन परीक्षा के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने उत्तर प्रदेश यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन संपादित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई-डिस्ट्रिक्ट सेल का औचक निरीक्षण किया गया। ई-डिस्टिक सेल प्रभारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला को निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है जिसके सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। जिला प्रशासन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 206 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 206 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रिजर्व अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। हाईस्कूल में कुल 77,042 तथा इंटरमीडिएट में 77,080 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्टर परिसर में ई-डिस्टिक सेल स्थापित किया गया जिसका फोन नंबर 05452318005 है और किसी भी समस्या की स्थिति में विभागीय कंट्रोल रूम नंबर 7905471191 एवं 9451962481 पर संपर्क किया जा सकता है।

## गौ-संर्वधन में 28 लाभार्थियों का ई-लाटरी में हुआ चयन

आजमगढ़। जनपद आजमगढ में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अर्न्तगत मुख्यमंत्री गौ-संर्वधन योजनान्तर्गत 28 लाभार्थियो का चयन ई-लाटरी के माध्यम से जिलाधिकारी के अध्यक्षता दिशा निर्देश पर कराया गया था। उक्त दुग्ध उत्पादको का प्रशिक्षण विभागीय दुग्ध संघ मूसेपुर आजमगढ़ में ए.एफ.सी इण्डिया लिमिटेड लखनऊ द्वारा दिया गया, जिसमें दुग्ध उत्पादकों स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, पशुओं के रख-रखाव, पशुओं के कृत्रिम गभार्धान, पशुओं के स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्याएं, पशुओं के सन्तुलित आहार से सम्बन्धित जानकारी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों को दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों द्वारा किये गये प्रश्नों का भी उत्तर लखनऊ से आये हुए प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ० लालचन्द्र वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र आजमगढ़, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी अतुल कुमार सिंह, प्रशिक्षक आनन्द सिंह ए.एफ.सी इण्डिया लि० लखनऊ, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक मनीष कुमार एवं राजकीय दुग्ध पर्यवेक्षक चौधरी मान सिंह पटेल एवं मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन योजनान्तर्गत के चयनित लाभार्थी आदि उपस्थित रहें।

## विवि में मनायी गयी वीर बहादुर सिंह की जयंती

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह जी की जयंती के अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और नमन किया। कुलपति ने कहा कि स्व. वीर बहादुर सिंह जी का व्यक्तित्व सरलता, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना से ओत-प्रोत था। वे ऐसे जननायक थे जिन्होंने सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान को अपनी प्राथमिकता बनाया। उनका प्रशासनिक कौशल, निर्णय क्षमता तथा विकासोन्मुख दृष्टिकोण उन्हें एक प्रभावशाली एवं लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करता है। प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. अविनाश पार्थिडकर, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, डॉ. विनोद कुमार, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने कृषकों की सुनी समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन के आडीटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम उप कृषि निदेशक द्वारा गत किसान दिवस बैठक की आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। तदोपरान्त विकास खण्ड पहाड़ी के किसान शारदा प्रसाद मिश्र द्वारा फसल बीमा क्लेम के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि असमय हुयी वर्षा के कारण नुकसान फसलों का प्रतिपूर्ति अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। कंचन सिंह फौजी विकास खण्ड नरायनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि चुनार तहसील अन्तर्गत ग्राम कुण्डाडिह, करहट, जादोपुर, बरईपुर, मकईपुर व अन्य गांव के किसानों की जमीन रेलवे में अधिग्रहण की जा चुकी है, और कुछ किसानों का पुनर्वास (5 लाख) और मुआवजे का भुगतान अभी नहीं हो पाया है। रेशू पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि बगहीं से जलालपुर माफी के बीच की सड़क जो अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा बनाया गया था। बाढ़ में ध्वस्त हो गया है, जिससे ग्रामवासीयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दौलत सिंह, ग्राम नियामतपुर ने बताया कि जरगो जलाशय के अन्तर्गत बनइमिलियां एवं बहेरा के बीच लस्करीयां घाट पर बना हुआ रपटा जलाशय की धारक क्षमता 362 फिट किये जानें के कारण नाव का संचालन करना पड़ रहा है। वहां नये पुल का निर्माण कराया जाए। अनिल सिंह, द्वारा अवगत कराया गया है कि रामनगर से कंचनपुर मार्ग पर जिवनाथपुर के पास रेलवे ओभर बृज पर दोनों तरफ मिट्टी जमा होनें के कारण आने-जानें वाले लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, कृपया मिट्टी साफ करानें की कृपा करें। श्री राममहाल सिंह, ग्राम नीबी देवरिया द्वारा अवगत कराया गया है कि अहरौरा ब्रांच के नीबी माइनर तृतीय के तीसरे फाल से ग्राम सभा देवरिया के लिए जो सिंचाई नाली गयी है, उसे पक्का कराया जाए। बैठक में विशाल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, विकेश कुमार, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अभियंता नहर प्रखण्ड, अधिशासी अभियंता, सिरसी बांध, अधिशासी अभियंता, सिंचाई खण्ड चुनार एवं अन्य अधिकारी, कृषकगण उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों सहित तीन लोगों को मौत हो गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के गजहड़ा के पास बुधवार की सुबह गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई।

कंधरापुर और कप्तानगंज थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से दो युवकों ने दम तोड़ दिया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के आदमपुर निवासी 64 वर्षीय रामवचन चैहान बुधवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे साइकिल से गजहड़ा गांव जा रहे थे। मुबारंकपुर कस्बे के नया रोडवेज गजहड़ा के पास पीछे से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। रामवचन ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गए। दबने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामवचन के तीन बेटे और चार बेटियां हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उधर, अतरौलिया कस्बा निवासी 35 वर्षीय गुड्डु सोनी घर में ही जनरल स्टोर चलाते थे। मंगलवार को सामानों की खरीदारी के लिए शहर गए थे। देर रात वे बाइक से घर लौट रहे थे। कंधरापुर थाना क्षेत्र के मंदुरी के पास पीछे से आ रही कार टक्कर मारते हुए फरार हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उनकी एक बेटी और एक बेटा है। घटना के बाद से परिवार के लोग रो-रो कर बेहाल हैं। इसी तरह, कंधरापुर थाना क्षेत्र के जमुआ हरिराम गांव निवासी 25 वर्षीय धीरेंद्र भारती कप्तानगंज बाजार में सिलाई मशीन बनाने का काम करते थे। मंगलवार को अपनी बहन के घर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पासीपुर गांव गए थे। शाम को बाइक से घर लौट रहे थे। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जेहरा पीपरी गांव में बाईपास मार्ग पर पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। मौके पर ही धीरेंद्र भारती की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार छोड़कर चालक फरार हो गया। मृतक दो भाई और तीन बहनों में छोटा था। परिवार में मौत की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया।

# किसान दिवस में कृषकों ने किया प्रतिभाग, दी गयी जानकारी

आजमगढ़। कृषि विभाग-आजमगढ़ द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा, आजमगढ़ के परिसर में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन बुधवार को उप कृषि निदेशक आशीष कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जनपद के सुदूर क्षेत्रों से आये तमाम कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।किसान दिवस में कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा, आजमगढ़ के वैज्ञानिक डा0 रणधीर नायक द्वारा सम-सामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए रबी फसल में गेहूँ, चना, मटर, एवं सरसों इत्यादि फसलों में रोग-व्याधि की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त रबी मौसम में फसलों एवं पशुओं को रोग से बचाव हेतु भी सुझाव कृषकों को दिये गये।उप कृषि निदेशक, आजमगढ़ आशीष कुमार ने विभाग के माध्यम से संचालित कृषि की योजनाओं तथा उसमें अनुमन्य अनुदान की जानकारी कृषकों के मध्य साझा की गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को कृषि के अतिरिक्त पशुपालनध्मौन पालन एवं मत्स्य तथा कुक्कुट पालन अपनाते हुए अपनी आय में वृद्धि का सुझाव दिया गया। कृषकों द्वारा प्रस्तुत शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।किसान दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप कृषि निदेशक आजमगढ़, वरिष्ठ वैज्ञानिक के0वी0के0 कोटवा आजमगढ़, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड-32, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता नलकूप, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा, जिला कृषि अधिकारी आजमगढ़ सहित अन्य अधिकारीगण एवं विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

# किसान दिवस पर उठायी समस्या , दिया ज्ञापन



जौनपुर । कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजनाथ यादव ने किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। श्रीयादव ने जायद फसल के लिए उड़द, मूंग और मक्का किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों से आ रहे गलत बिलों में सुधार करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, आवारा पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान पर तत्काल रोक लगाने और उनके उचित प्रबंधन की भी मांग की गई। अन्य मांगों में बदलापुर स्थित धान क्रय केंद्र पर धान खरीद में कथित धांधली की जांच शामिल थी। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण के लिए पूरे ब्लॉक में गाँव-गाँव अभियान चलाने और ग्राम सभा नेमनी में एक स्थायी केंद्र स्थापित करने की बात भी कही। मुंगरा बादशाहपुर की सहकारी समिति को स्थायी रूप से संचालित करने और जौनपुर की प्रथम कॉलोनी में गेट संबंधी समस्या के समाधान की मांग भी रखी गई। राजनाथ यादव ने नरना स्थित बंद पड़े विद्युत पावर हाउस केंद्र को तत्काल चालू करने की भी मांग की। इस कार्यक्रम में राजनाथ यादव के साथ रमेश, अमित पटेल, राजकुमार पटेल, असमती, मीना, प्रमिला, रामचरन बिन्द और बिनादे मोदी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर का आयोजन 19 को

आजमगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना अन्तर्गत 50 अदद निःशुल्क विद्युत चालित चाक एवं 4 अदद पगमिल का वितरण एवं 1 दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर का आयोजन 19 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आजमगढ़ सिधारी के परिसर में किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित लाभार्थी एक फोटो, आधार कार्ड एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ उक्त दिनांक को कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर विद्युत चालित चाक प्राप्त करना सुनिश्चित करें एवं आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि माटीकला जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में कार्यरत कार्मिक श्यामपाल सोनकर, वरिष्ठ सहायक मो0नं0 9935753655 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## रोहित वीरेंद्र का भारतीय कुश्ती संघ में चयन



जौनपुर। केराकत तहसील अंतर्गत चंदवक बाजार में स्थित सत्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटसन के मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी इन आथोर्पेडिक के छात्र व वीपीए सदस्य डॉ रोहित वीरेंद्र सिंह ने नए कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारतीय कुश्ती संघ में चयन हुआ है। चयन की खबर मिलने पर बुधवार को सेंटर के चेयरमैन व वीपीए सचिव डॉ अवनीश कुमार सिंह ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। उन्होंने बताया कि बनारस फिजियो कॉन्क्लेव के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी सफलता है।यह सफलता एकजुटता हमारी ताकत का प्रतीक भी है।इस अवसर पर वाराणसी कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष डॉ.पंकज सिंह, डॉ.सुरेश सिंह, सरत, शुभम, डॉ.मयंक सिंह, डॉ.अभिनव, डॉ.रुद्रेश समेत आदि मौजूद रहे।

# मंत्री ने भिखारी बाबा से लिया आशीर्वाद



- भगवान शंकर का पूजन-अर्चन कर गौशाला में गौ माता को गुड़ खिलाया
- आश्रम के संचालन में हर संभव दिया जाएगा सहयोगरू संजय गौड़

जिला संवाददाता

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर शिवरात्रि की रात्रि में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री संजय गौड़ जा पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा भगवान शंकर का पूजन- अर्चन किया और गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से मंत्री जी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री जी ने आश्रम की सराहना करते हुए संचालन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

भिखारी बाबा ने बताया कि मंत्री की आश्रम पर आने की इच्छा बहुत दिनों से थी। जब प्रभु का बुलावा आया तो शिवरात्रि के अवसर पर मंत्री जी का आगमन आश्रम पर हुआ। उन्होंने भगवान शंकर का पूजन-अर्चन किया, उसके बाद आश्रम के गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। मंत्री जी ने आश्रम की सराहना करते हुए कहा कि आश्रम के संचालन में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री जी का भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा साथ में पहुंचे इंजीनियर रमेश पटेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल का भी अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी विशाल मौर्या, रामबाबू मोदनवाल, अरविंद उमर बैस, परमानंद महराज, सूरज जी महराज, इंद्रपती पांडे जी महराज, शुखराम जी महराज, भिखारी बाबा आश्रम की उत्तराधिकारी साध्वी कृष्णावती, विनीता गुप्ता, मधु उमर बैस, आकाश केसरी, देव उमर बैस, सोनू जायसवाल, सविता मिश्रा, कलावती चौबे, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या आदि मौजूद रही।

# सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक के आदेश के बाद भी सचिव ने नहीं लिया चार्ज




हलिया, मीरजापुर। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अमित कुमार पाण्डेय ने बी पैक्स रामपुर खोमरमैना के सचिव रणजीत कुमार सिंह का स्थानांतरण बी पैक्स भटवारी दिघिया विकास खंड हलिया पर किया, लेकिन स्थानांतरण के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सचिव बी पैक्स भटवारी दिघिया का चार्ज नहीं लिया है जबकि बी पैक्स भटवारी दिघिया के सचिव रमाकांत मौर्य बी पैक्स रामपुर खोमरमैना पर पहुंचकर चार्ज ले लिया है बी पैक्स रामपुर खोमरमैना के सचिव को खाद को सरकारी दाम से अधिक दाम में बेचने और रात में बिचौलियों से धान खरीद का सचिव पर किसानों ने आरोप लगाया था जिस पर जिलाधिकारी मिजार्पुर पवन कुमार गंगवार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रामपुर खोमरमैना बी पैक्स के सचिव रणजीत सिंह को बी पैक्स भटवारी दिघिया व बी पैक्स भटवारी दिघिया के सचिव रमाकांत मौर्य को रामपुर खोमरमैना का सचिव के पद पर स्थानांतरण किया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने स्थानांतरण सचिव को आदेशित किया है की स्थानांतरण समिति पर तत्काल अपना योगदान करते हुए समिति के चार्ज का आदान प्रदान कर समिति के समस्त कार्यों का सम्पादन सुचारु रूप से करना सुनिश्चित करें लेकिन आदेश के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सचिव रणजीत सिंह ने बी पैक्स भटवारी दिघिया का चार्ज नहीं लिया है।

## आसनों के साथ किया सूर्यनमस्कार का अभ्यास

मीरजापुर। युवा भारत की ओर से नगर के गणेशगंज स्थित केबी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन दिन युवा भारत के सह राज्य प्रभारी राष्ट्रीय योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों को खड़े होकर करने वाले आसनों के साथ साथ सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया। योग गुरु ने पहले अभ्यर्थियों को पहले ताड़ासन ऊर्ध्वताड़ासन, त्रिकोणासन, कोणासन वृक्षासन जैसे आसनों के साथ साथ सूर्य लनमस्कार के बारह अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में पूर्णरूप से जाकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हर मनुष्य के पास समय का अभाव है, लेकिन अगर हर दस से पन्द्रह मिनट का समय निकालकर पांच से सात आवृत्ति नियमित रूप से सूर्यनमस्कार का अभ्यास करें तो भी मनुष्य के शरीर का सर्वांगीण विकास हो सकता है तथा इसके अभ्यास से योग अभ्यासी का शरीर हृष्ट पुष्ट बलिष्ठ व मजबूत होता है इसके अभ्यास से, मनुष्य शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। अतः हर किसी को रोज थोड़ा समय निकालकर इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट वाराणसी मंडल के श्रीमोहन शुक्ला ने कहा कि योग मनुष्य को के स्वास्थ्य प्रदान ही, नहीं करता अपितु समाज के हर अच्छे बुरे विषयों से भी परिचित कराता है, जो मनुष्य के जीवन में संतुलन बनाने का कार्य करता है। युवा भारत के जिला प्रभारी प्रवीण मौर्या ने कहा कि योग मनुष्य जीवन के उत्थान के लिए कल्याणकारी मार्ग है, जिसपर चलकर मानव जीवन की सार्थकता की सिद्ध कर सकता हैं। इस अवसर प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह योग कर रहे बीएड अभ्यर्थियों का सुंदरी तरीके से योग अभ्यास करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।



संक्षेप

## कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के सचिव व जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी

**देवरिया**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राकेश कुमार पाठक एवं धनश्याम त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद में कांग्रेसियों के बीच उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल रहा। कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राकेश कुमार पाठक एवं धनश्याम त्रिपाठी को मिली जिम्मेदारी से जिले में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने में पाठक एवं त्रिपाठी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न, पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी,राघवेंद्र सिंह ह्यराकेश आदि उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में हुआ किसान समाधान दिवस का आयोजन

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद**। बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषि विभाग एवं कृषि विभाग से सम्बद्व विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। साथ ही कृषि में डिजिटल एग्रीकल्चर के विषय में कृषकों को विस्तृत रूप से बताया। जिसमें ए0आई0 पावर्ड भारत विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषकों को खेती किसानी से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए टॉल फ्री नम्बर-155261 जारी किया गया है। जिस पर कृषक बन्धु मौसम उन्नतशील प्रजातियों कीटरोग, मण्डी भाव एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते है।उन्होने प्राकतिक खेती एवं सिचांई के लिए ड्रिप एवं स्पिंरकलर सिचांई विधि का उपयोग करने की सलाह दी। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा कृषकों को बताया कि जायद सीजन में बोने वाली फसलों जैसे-उर्द, मूंग सकर मक्का एवं बाजरा की उन्नतशील प्रजातियों का बीज अनुदान पर समस्त राजकीय बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। कृषक बन्धु बीज को समय से प्राप्त कर बुबाई करें। साथ ही जनपद में विभाग द्वारा संचालित कृषि रक्षा इकाईयों पर पर्याप्त कीटनाशक रसायन 40 प्रतिशत अनुदान पर एवं सोलर लाइट ट्रेप,यलो स्टीकी ट्रेप 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है।पंजीकृत कृषक उक्त यंत्रों का लाभ प्राप्त कर सकतें है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 सोमेश गुप्ता द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान संचालित है,जिसके अन्तर्गत विभागीय टीमों द्वारा ग्रामों में टीकाकरण कराया जा रहा है।

साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा जारी टॉल फ्री नंम्बर-1962 पर कृषक पशु सम्बन्धित आपात कालीन स्थिति में दूरभाष से सम्पर्क उचित समाधान



प्राप्त कर सकते है। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को खेत तालाव योजना, किसान समृद्रि योजना एवं रेन फेड एरिया डवलपमेन्ट (आर0ए0डी) योजना एवं कृषि यंत्रों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी कृषकों का दी गयी।प्रभारी के0वी0के0 ओमकार यादव के द्वारा कृषकों को बताया गया कि आलू फसल खुदाई के पश्चात ग्रेडिंग का विशेष ध्यान रखें जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकें, साथ ही मृदा परीक्षण के विषय में विस्तृत रूप से बताया। दुग्ध विकास विभाग डा0 राघवेन्द्र सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि नन्दबाबा दुग्ध मिशन अन्तर्गत, नन्दिनी कृषक समृधि योजना, मुख्यमंत्री गौ संबर्धन योजना के विषय में बताया, किसान समाधान दिवस में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी जिला कृषि अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ, कनिष्ठ सहायक जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय मत्स्य निरीक्षक उप जिला सहकारी अधिकारी, सहायक अभियन्ता सिंचाई, अवर अभियन्ता नलकूप अध्यक्ष के0वी0के, प्रतिनिधि प्रधान दुग्ध,संघ, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक उप सम्भागीय अधिकारी विद्युत उप सम्भागीय अधिकारी (सिंचाई)जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि फसल बीमा, मण्डी निरीक्षक पी0सी0एफ0 प्रबन्धक कृषक उपस्थित रहे।

## नहर में पानी न होने से सूखी रही रबी की फसलें, किसानों ने किया प्रदर्शन



**कुशीनगर**। नहरों में पानी न आने से रवि की फसलें सुख रही हैं। महंगे खाद, बीज, उर्वरक और जुताई कर बोई फसलों की सिंचाई को लेकर किसान काफी चिंतित हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम चकदेइया में नहर में पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

बुधवार को क्षेत्र के किसानों ने भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी कसया पश्चिमी रमेश सिंह के नेतृत्व में किसानों ने खजूरिया नहर पुल पर दोनों हाथ उठाकर प्रदर्शन किया और नहर में पानी न आने से आ रही अपनी चिंताओं को बताया। किसानों ने कहा कि नवंबर में नहर की सफाई होने के बाद पानी आया था उसके बाद से नहर में पानी नहीं आया। यदि आया भी तो पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिला जिससे सिंचाई नहीं हो पा रही है। नहर में चार दिन पहले पानी आया लेकिन पानी कम मात्रा में आने से गुल तक नहीं पहुंच पाया। जिससे गेहूं, मक्का, गन्ने और सब्जियों की फसल की सिंचाई न हो पाने से चिंता बढ़ गई है। निजी साधन पंपिंगसेट्स से सिंचाई महंगी पड़ रही है। भाजपा नेता रमेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के तमाम नहर और माइनर में पानी न आने से किसान परेशान हैं। चेताया कि अगर नहरों में समय से पानी नहीं मिला तो फसलें सुख जाएगी। किसानों ने नहरों में मानक के अनुरूप पानी छोड़ने की मांग जिम्मेदारों से की। इस दौरान पवन कुमार , हरिन्द्र गोंड, जवाहर सिंह, पंकज राजभर, पवन कुमार चौबे, राजू पसाद, राजन गुप्ता, पलटू प्रसाद, राजु विश्वकर्मा, शरसायन राजभर इत्यादि किसान मौजूद रहे।

## श्रीराम जानकी मठ में एनएसएस का सप्त दिवसीय शिविर शुरू



**कुशीनगर**। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राष्ट्र में परिवर्तन के अग्रदूत बन सकते हैं। आप लोगों की क्षमता और ताकत को देखते हुए ही कहा गया कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय सेवा योजना बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा 24 फरवरी तक आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यअतिथि कसया चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कही। आपने युवाओं से आह्वान किया कि संकल्प से भारत विश्व का सबसे स्वच्छ देश बन बनेगा। और यह युवा शक्ति के बलपर होगा। मुख्य वक्ता डॉ नन्द रतन महाथेरो ने बताया कि युवाओं के बिना राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता। स्वच्छ भारत का सपना युवाओं के सहयोग से साकार होगा। राष्ट्र की समस्याओं का हल इस देश के युवाओं की प्रज्ञा और मेहनत से ही साकार होगा। कहा कि युवा देश के भविष्य है अतः भविष्य राष्ट्र वैसा ही होगा जैसा हमारे युवा होंगे। प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने बताया कि युवा राष्ट्र की निधि है। आप सभी राष्ट्र को आगे ले जाएंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव वीरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने बताया कि हम सभी भारत माता की संताने हैं। जिस तरह हम सभी अपने माता पिता की सेवा करते हैं उसी तरह एन एस एस स्वयंसेवक अपने राष्ट्र की सेवा करते हैं। इस अवसर पर पूर्व स्वयंसेवक दिनेश तिवारी ने युवाओं से अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। डॉ पारस नाथ ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ जितेंद्र मिश्र ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिषेक कुमार ने किया। सुबह में स्वयंसेवकों द्वारा परिसर की सफाई की। बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक सत्र में भव्य प्रस्तुतियां दी।

# राष्ट्रहित का बोध ही प्रशिक्षण का मकसद : संतराज यादव

**देवरिया**।क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत तीन सत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रथम सत्र की कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष व जिले के प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र है चरैवेति चरैवेति और इसी मंत्र को चरितार्थ करते हुए समय समय पर हमारा संगठन ऐसे प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता है। प्रशिक्षण का मकसद है कि एक कार्यकर्ता को अपने राजनीतिक जीवन में किस प्रकार से समाज में समन्वय स्थापित करना चाहिए। आगे यह प्रशिक्षण विधानसभावार और मंडलवार आयोजित होना है जिसमें बूथ से लेकर मंडल स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के लिए किस प्रकार से हमें कार्य करना है, हमारी क्या योजना होनी चाहिए, क्या दिनचर्या होनी चाहिए, कार्यकताओं



का एकदूसरे के प्रति क्या व्यवहार होना चाहिए, नागरिक कर्तव्य क्या होना चाहिए इसका प्रशिक्षण इस कार्यशाला के माध्यम से कराया जाएगा। हमारा मकसद व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण, समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने बताया कि आगे हर मंडलों की संचालन समिति बनाई जाएगी तथा मंडल प्रशिक्षण के दौरान रात्रि विश्राम वहीं करना होगा। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रत्येक मंडलों की प्रशिक्षण कार्यशालाएं सम्पन्न कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति अपने इन्हीं कर्तव्यों की पूर्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अन्य दलों से भिन्न होता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समय समय पर अपने कार्यकताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासन और देश सेवा का पाठ पढ़ाती रहती है। सरकार और संगठन के तालमेल को बनाए रखने के लिए आज तीन वर्षों के बाद प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। दूसरे और तीसरे सत्र की कार्यशालाओं में विधानसभावार टोली बैठक कर आगामी मंडलों की कार्यशालाओं के लिए योजना रचना बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया तथा क्षेत्र के आई टी के संयोजक व प्रशिक्षण महाअभियान के सह संयोजक अनादिप्रिय पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी रहे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, पूर्व महामंत्री कृष्णनाथ राय, जितेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, ऊषा पासवान, संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, अरविंद पांडे बबुना, निर्मला गौतम, अभिषेक जायसवाल, भारती शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, ब्लाक प्रमुख पिंटू गुप्ता, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मारकंडे गिरी, अभयनाथ त्रिपाठी, महेश मणि, सुधीर श्रीवास्तव, डा विनय राव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, भगवान यादव, दिनेश शुक्ला, राजन यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, आराधना पांडे, सोमेश्वर नाथ त्रिपाठी, अमित तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मॉडल प्रभारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## मंदिर की भूमि बेचने का लगाया आरोप

**कसया, कुशीनगर**। कसया थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा शिवपुर बुजुर्ग टोला तपसी मठिया में कुछ लोगों द्वारा मंदिर की जमीन अपने नाम करा लिया गया है और जमीन बेचकर उस धन का उपयोग अपने लिए किया जा रहा है। इस तरह का आरोप गांव के एक व्यक्ति ने लगाया है। थानाध्यक्ष कसया को दिए गए तहरीर में ग्राम निवासी भीम मद्धेशिया पुत्र पिंटू मद्धेशिया ने बताया हैं कि गांव में पुराना शिव मंदिर है। जिसके पास तीस एकड़ भूमि है। उक्त भूमि को योगेंद्र पाठक और धनंजय पाठक ने अपने नाम करा लिया है और उक्त जमीन को विक्रय करके धन को अपने निजी काम में उपयोग कर लिए हैं। पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही किया जाय।

## भारत माता के जयकारे के साथ नौसैनिक का हुआ जोरदार स्वागत



**कसया, कुशीनगर**। तहसील क्षेत्र के ग्राम कोईलसवा बुजुर्ग गोसाई टोला निवासी मेडिकल एसिस्टेंट में चयनित नौसैनिक नीरज मद्धेशिया पुत्र राजेंद्र मद्धेशिया का बनकटा बाजार पहुंचने पर भारत माता के जयकारे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। बुधवार को बनकटा बाजार स्थित माता यशोदा देवी निकेतन पहुंचने पर जवान नीरज का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय यादव, सचिव राम गुलाब यादव और शिक्षकों ने माल्यार्पण कर किया। बता दें कि नीरज ने प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। उसने अपने गुरु और प्रधानाचार्य श्री यादव को सैल्यूट किया और बच्चों को पढ़ने लिखने और खेलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आप सभी के मार्ग दर्शन और शिक्षण की बदौलत यह मुकाम हासिल हुआ है। नीरज को शुभकामनाएं देते हुए श्री यादव ने कहा कि शुरू पढ़ने में होनहार नीरज ने नौ सेना में भर्ती होकर विद्यालय सहित जनपद का नाम रौशन किया है। नीरज से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान शिक्षक जेपी गुप्ता, नितेश शर्मा, विकास राय, अनिल सिंह, सरोज यादव, रिंकू शर्मा, स्नेहा गोल्ड सहित गणमान्य जनों ने नीरज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय मंच पर फिर चमके डॉ. संदीप, डायबिटीज इंडिया से मिला फेलोशिप सम्मान



**कुशीनगर**। जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन, एफआईसीपी, एफआईएसीएम, एफआईएसएच, एफडीआई, सीसीईबीडीएम एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव मिश्र को डायबिटीज इंडिया के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय फेलोशिप कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मधुमेह के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, शोधपरक दृष्टिकोण और समर्पित सेवाओं की मान्यता के रूप में प्रदान किया गया।

बतादे कि हैदराबाद हैदराबाद में आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर से चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। फेलोशिप के दौरान साक्ष्य-आधारित उपचार दिशानिदेशों, नवीनतम शोध प्रगति, आधुनिक इंसुलिन थेरेपी, जटिल मधुमेह प्रबंधन और जीवनशैली आधारित उपचार पद्धतियों पर विस्तृत मंथन हुआ। यह अकादमिक मंच चिकित्सकों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अपनी चिकित्सा सेवाओं को और सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है।

**पूर्व में भी दो बार राष्ट्रीय सम्मानः**

कहना ना होगा कि डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर दो बार सम्मानित हो चुके हैं। चिकित्सा क्षेत्र में उनके सतत योगदान, शोधपरक कार्यशैली और उत्कृष्ट रोगी-सेवा को लेकर उन्हें पहले भी राष्ट्रीय मंचों पर सराहा जा चुका है। ऐसे में यह नवीन फेलोशिप उनके उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ती है। डॉ. श्रीवास्तव लंबे समय से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय-जोखिम कारकों एवं चयापचय विकारों के समग्र प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि जन-जागरूकता अभियानों, सतत चिकित्सा शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से भी समाज में स्वास्थ्य चेतना को मजबूत कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुजनों, वरिष्ठ चिकित्सकों, सहयोगियों और समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम-वर्क और मरीजों के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से अपनी पत्नी डॉ. सुरभि श्रीवास्तव का धन्यवाद किया, जिनका निरंतर सहयोग उनके जीवन और पेशेवर यात्रा की प्रेरणा रहा है। साथ ही उन्होंने नवजीवन हास्पिटल एण्ड मेटरनिट सेंटर के मरीजों और सहयोगियों के प्रति भी कृतज्ञता जताई। उनका कहना है कि मरीजों का विश्वास ही चिकित्सक की सबसे बड़ी पूंजी है, जो उसे हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

# शिक्षक संगठनों ने बैठक कर टी इ टी अनिवार्यता का विरोध किया आंदोलन की बनायी रणनीति



जिला संवाददाता

**देवरिया**! टी . ई.टी. की अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवरिया , उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ देवरिया और उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ देवरिया की संयुक्त बैठक शिक्षक भवन बी आर सी देवरिया सदर पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवरिया के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह व संयोजक रामा जी यादव, जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के नेतृत्व में सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक पदाधिकारियों ने एकजुट होकर टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद किया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी जी के संयोजकत्व में क्रमबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया है। जिसमें 22 फरवरी को (ट्वीटर) अभियान23 से 25 फरवरी काला पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य , 26 फरवरी को जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधान मंत्री को प्रेषित किया जाएगा। यदि सरकार शिक्षकों के साथ न्याय नहीं होता तो मार्च के तीसरे सप्ताह दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल महारैली किया जाएगा। शैलेंद्र कुमार सिंह ने जनपद के सभी शिक्षकों का आह्वान किया यह प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में सड़क से लेकर राजधानी तक संघर्ष करेंगे सफलता मिलने तक चुप नहीं बैठेंगे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामा जी यादव ने कहा कि आर टी ई एक्ट से पूर्व नियुक्त के शिक्षकों के लिये टीईटी अनिवार्य करना अन्याय पूर्ण निर्णय है। सरकार शीघ्र इसके निराकरण कर शिक्षक हित में घोषणा करे अन्यथा शिक्षक आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीलम सिंह ने कहा कि टीईटी अनिवार्य कर शिक्षकों के रोजी रोटी छीनने और उनके परिवार का भविष्य अंधकार मय बनाने का कुत्सित रवैया है। इसके लिये जनपद की शिक्षिका बहने कंधा से कंधा मिलकर आर पार का संघर्ष करने के लिए तैयार है। संयुक्त बैठक का संचालन ऋषिकेश जायसवाल व जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी ने किया, बैठक को आनंद प्रकाश यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा , प्रियंका राय , डॉ. सत्यप्रकाश सिंह , बैजनाथ पतित्रिपाठी संध्या यादव , जयप्रकाश मणि, विपिन दूबे , बसंती राय, सुनीता सिंह , विनोद कुमार मिश्रा जयप्रकाश सिंह , द यादव, संजय मिश्रा, निर्भय राय , शफीक अहमद खान , ओमप्रकाश शुक्ला , लालकृष्ण सिंह , रामानंद यादव , संजय सिंह , अरुण कुमार तिवारी , सुशील यादव , विश्वजीत मल्ल आदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मोमिन अंसार सभा के शमशाद जिला उपाध्यक्ष और नौशेर बने नगर अध्यक्ष



**कसया, कुशीनगर**। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोमिन अंसार सभा अकरम अंसारी के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष हाफिज रफीक अहमद की संतुती पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के पंडित दीनदयाल नगर कसया निवासी शमशाद अंसारी को मोमिन अंसार सभा कुशीनगर का जिला उपाध्यक्ष एवं नौशेर अंसारी को कसया नगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन पत्र देतें हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि आपकी मेहनत और मोमिन अंसार सभा सहित सभी पिछड़े, दलित मुस्लिमो और दस्तकारों के प्रति आपकी खिदमतगारी,नेक ख्वाहिशात. को देखते हुए आपको यह पद दिया जा रहा है। हमें आशा है कि आप अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करते हुए मोमिन अंसार सभा को नई उचाईयो पर लें जाएंगे और उद्देश्यों पर खरा उतरेंगे। मनोनीत जिला उपाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष ने भी विश्वास दिलाया है कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने जो हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। इनके मनोनयन पर अतहर अंसारी, सलीम अंसारी, यासीन मलिक, शादाब अंसारी, अली इमाम, सिकंदर, गुफरान बक्शी, हजरत उमर, राजू सिद्दीकी, अशफाक अंसारी कैश खान, रहमत आदि ने बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

# शिक्षा तंत्र में हड़कंपः 700 छात्रों के आवेदन निरस्त, नोडल अधिकारी-प्रधान लिपिक पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में जिम्मेदारो की गैरजिम्मेदाराना के कारण पंजीकृत 700 इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों के आवेदन निरस्त कर उनके अनुक्रमांक फ्रीज व विलोपित किए जाने के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। नतीजतन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर पत्राचार पंजीकरण

- अनुक्रमांक फ्रीज कांड में कानून का शिकंजा।
- छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ पर विभाग सख्त।

केंद्र संख्या 901 गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज, पडरौना के प्रकरण में विद्यालय के नोडल अधिकारी व प्रधान लिपिक पर आपराधिक अभियोग दर्ज कराने के आदेश जारी किया गया हैं। पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार) सी.एल. चौरसिया द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर श्रवण कुमार गुप्त को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रकरण में संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत सुनिश्चित कराये।

### इन पर दर्ज होगा मुकदमा

अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार) सी.एल. चौरसिया की ओर से जारी पत्र में पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज, बिन्दवलिया व गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के नोडल अधिकारी, विकास मणि त्रिपाठी एंव गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज, पडरौना के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ यह भी परीक्षण करने को कहा गया है कि मामला अधिनियम-2024 की धारा 2(च) व धारा 14 के अंतर्गत आता है, तो उन्हीं धाराओं में विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### 700 आवेदन निरस्त, अनुक्रमांक फ्रीज, जिम्मेदार कौन

इस गंभीर प्रकरण मे अहम सवाल यह है कि 700 छात्रों के आवेदन आखिर किन परिस्थितियों में निरस्त किया गया? क्या यह तकनीकी त्रुटि थी, प्रशासनिक लापरवाही है या फिर सुनियोजित षड्यंत्र ? छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश है कि एक झटके में पूरे साल की मेहनत बर्बाद कर दी गयी।

### अब क्या होगा

अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार) सी.एल. चौरसिया के ओर से जारी आदेश के अनुपालन मे डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त सर्व प्रथम गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के नोडल अधिकारी विकास मणि त्रिपाठी व विद्यालय के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय के विरुद्ध स्थानीय थाने अभियोग पंजीकृत कराकर समस्त साक्ष्य संकलित करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजेगें। इतना ही नही यदि अधिनियम-2024 के तहत मामला सिद्ध होता है, तो यह केवल विभागीय नहीं बल्कि दंडात्मक कार्रवाई का भी रास्ता खोलेगा। 700 छात्रों का भविष्य अधर में है। सवाल सिर्फ कार्रवाई का नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता का है। सवाल यह है कि क्या दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी या फिर जिम्मेदारी की फाइलें ही फ्रीज हो जाएंगी?

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 20 फरवरी को

बहराइच 18 फरवरी। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 20 फरवरी 2026 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति की बैठक होगा

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवरिया**।ारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर द्वारा विकास खंड सभागार, गौरी बाजार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 135 से अधिक विश्वकर्मा बंधुओं (शिल्पकारों/कारीगरों) ने प्रतिभाग किया। इनमें गुड़िया एवं खिलौना निमार्ता, सोनार, लोहार, बढ़ई, मोची, धोबी, नाई, दर्जी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगर शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार, सहायक निदेशक द्वारा किया गया। अविनाश कुमार अपूर्व ने स्वागत भाषण में उपस्थित अतिथियों एवं लाभार्थियों का अभिनंदन करते हुए योजना की रूपरेखा और उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। मनीष वर्मा, सहायक प्रबंधक (उद्योग), देवरिया ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभों के साथ राज्य सरकार की विभिन्न औद्योगिक एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. संजय भारती, उद्यमी ने विश्वकर्मा बंधुओं को डिजिटल माध्यम और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़कर विपणन को सशक्त बनाने की प्रक्रिया समझाईसेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, गौरी बाजार शाखा की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मोना वर्मा ने योजना के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया, पात्रता एवं बैंकिंग सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

अरविंद गोंड, प्रतिनिधि भारतीय डाक ने डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सहयोग के बारे में बताया। विशाल वर्मा, डीपीएमयू देवरिया ने योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

नीरज कुमार, सहायक निदेशक/समन्वयक (पीएमवी) ने योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि देशभर में पांच वर्षों में 30 लाख विश्वकर्मा कारीगरों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे डेढ़ वर्ष में ही प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने इसे कारीगरों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ संभल में प्रदर्शन

संभल। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ संभल जिले में यादव समुदाय के लोगों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और कहा कि यह फिल्म सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के साथ-साथ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है।

गंवा मार्ग पर खिरनी क्रॉसिंग के पास हुए इस प्रदर्शन के दौरान विभिन्न गांवों के लोगों ने सांकेतिक विरोध के तौर पर फिल्म के पोस्टर जलाए और फिल्म की रिलीज पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल देवेंद्र यादव ने कहा कि भारत भाईचारे का देश है और ऐसी फिल्म सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ेगी और अशांति पैदा करेगी। एक अन्य प्रदर्शनकारी बृजेश यादव ने कहा कि वह फिल्म के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे उन्होंने कहा कि हम फिल्म के खिलाफ उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटा रहे हैं। हम 21 फरवरी को जिला स्तर पर एक ज्ञापन देंगे और रैली निकालेंगे। फिल्म के निर्माता और निर्देशक को इस फिल्म की रिलीज रोक देनी चाहिए क्योंकि यह यादव समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। अगर इसे नहीं रोका गया तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शनकारी जीत पाल ने दावा किया कि फिल्म में ऐसी घटनाएं दिखाई गई हैं जो कभी हुई ही नहीं और वे यादव समुदाय को गलत तरीके से निशाना बनाती हैं। फिल्म निर्माताओं की तरफ से इस सिलसिले में अभी कोई बयान नहीं आया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि विरोध शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। हाल ही में फिल्म घूसखोर पंडत के शीर्षक को लेकर भी विवाद हुआ था। इसे रिलीज करने जा रहे ओटीटी प्लेटफॉर्म ने दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा था कि इस फिल्म का नाम बदला जाएगा। फिल्म के खिलाफ दायर एक याचिका में आरोप लगाया गया था कि यह शीर्षक आपत्तिजनक और मानहानिकारक है।

## ससुर की पीटकर हत्या की, हमले में बहन घायल

हरदोई। जिले के पचदेवरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को कथित तौर पर एक व्यक्ति की उसके दामाद ने पीट-पीटकर हत्या कर दी, जबकि ससुर की बहन हमले में घायल हो गयी। पुलिस के अनुसार, शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज के मोहल्ला विकास नगर गंज निवासी अशोक बाबू उर्फ पिन्ने (50) मंगलवार को अपनी बहन अल्का के साथ हनुमत धाम रामताल मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर वापस मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। पचदेवरा थाना क्षेत्र के हथौड़ा गांव के पास एक नहर के किनारे, हथौड़ा गांव के ही दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू ने कथित तौर पर उन्हें रोका। पुलिस ने बताया कि घटना का सटीक कारण अभी ज्ञात नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर अशोक बाबू पर हॉकी स्टिक से हमला किया और उनके सिर और शरीर पर बार-बार प्रहार किए। पीड़ित मौके पर ही गिर पड़े, जबकि उनकी बहन इस घटना में घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि अशोक बाबू को फर्रुखाबाद के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाहबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण ने बताया कि मामले दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## 500 क्विंटल खैर की लकड़ी ज़ब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

रामपुर। ामपुर की वन विभाग की टीम ने तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पंजाब से 500 क्विंटल खैर की लकड़ी बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। रामपुर के प्रभागीय वन अधिकारी प्रणव जैन ने कहा कि बरामद की गई लकड़ी की कीमत 50 लाख रुपये से ज्यादा है। यह पहली बार है जब गैर-कानूनी तरीके से काटी गई खैर की लकड़ी की इतनी बड़ी मात्रा दूसरे राज्य से बरामद की गई है। इस लकड़ी को तस्करी कर पंजाब ले जाया गया था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान को ऑपरेशन खैर नाम दिया गया, जिसमें राज्य की सीमाओं के पार तस्करी कर लकड़ी ले जा रहे वाहनों की आवाजाही का पता लगाने के लिए तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस का इस्तेमाल किया गया। खैर की लकड़ी उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के तराई के जंगलों में पाई जाती है। इसका इस्तेमाल कत्था बनाने में होता है, जो पान मसाला और गुटखा की एक मुख्य सामग्री है, ज्यादा कीमत होने की वजह से माफिया अक्सर इसकी तस्करी करते हैं। वन विभाग कई दिनों से इस गिरोह पर नजर रख रहा था और तस्करी के रास्ते का पता लगाने के लिए मुखबिरों से मिली सूचनाओं के साथ-साथ टेक्निकल ट्रैकिंग तरीकों का इस्तेमाल भी कर रहा था। लगातार मिल रही सूचनाओं और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर हमने खैर की लकड़ी ले जा रही एक गाड़ी का पता लगाया और पंजाब तक उसका पीछा किया। टीम पंजाब के पटियाला शहर के राजपुरा इलाके में पहुंची जहां बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ी छीली जा रही थी। डीएफओ ने कहा कि मौके से लगभग 500 क्विंटल लकड़ी जब्त की गई। इस लकड़ी की बाजार में कीमत लगभग 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, एक और संदिग्ध का पता लगाया जा रहा है।

## लोन नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त आवागमन रोकने के निर्देश



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के कस्बा बिहार से लेकर सरेनी तक जाने वाले मार्ग पर बजौरा गांव के पास लोन नदी के ऊपर बना पुल क्षतिग्रस्त हो जाने पर जे ई के निरीक्षण के बाद एक्सइन एचडी अहिरवार ने पुल पर आवागमन रोक देने के निर्देश दिए थे। बिहार सरेनी मार्ग पर बजौरा गांव के सामने लोन नदी के ऊपर बना पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते जे ई अनिवेश की रिपोर्ट पर एक्सीइन एचडी अहिरवार के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल के दोनों और मिट्टी के ढेर लगाकर पुल पर आने जाने से रोक दिया गया है। स्थानीय लोगों को बाया सुमेरपुर, भगवंतनगर से लगभग 7 किलोमीटर का चक्कर लगाकर चैनपुर मवैया भगवंतनगर जाना पड़ रहा है। स्कूली बसों को भी ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है। बाइक सवार डाली गई मिट्टी के बगल से अपने वाहनों को निकाल कर टूटे पुल के ऊपर से यात्रा कर रहे हैं।

## सबका दल यूनाइटेड का राष्ट्रपति को ज्ञापन, आरक्षण की मांग

फतेहपुर। जिले से सबका दल यूनाइटेड ने उच्च शिक्षा में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। संगठन ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार, राष्ट्रपति सचिवालय नई दिल्ली को जिला अधिकारी के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन द्वारा जारी शैक्षिक समानता व नियमों के पूर्ण समर्थन में है, जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा करता है। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि अधिसूचना में प्रस्तावित किसी भी परिवर्तन या शिथिलीकरण से शिक्षा में अवसर की समानता को गहरा आघात पहुंचेगा। संगठन ने भारत के संविधान जिसमें सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा अनिवार्य है। उच्च शिक्षा संस्थान न केवल ज्ञान के केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के मजबूत माध्यम भी हैं। किसी भी नियम में ढील देने से भेदभाव बढ़ेगा और वंचित समुदायशिक्षण-शोध पदों से वंचित रह जाएंगे। मुख्य मांगें इस प्रकार हैं:वर्तमान अधिसूचना को कमजोर करने वाले सभी दबावों को अनदेखा किया जाए। सभी केंद्रीय, राज्य एवं विश्वविद्यालयों में आरक्षण व समता प्रावधानों का कठोर पालन सुनिश्चित हो। निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों, आदि में भी इन्हें लागू किया जाए। ताकि सामान्य वर्ग का बहुमत न हो सके। शिक्षा संस्थानों में संवैधानिक प्रावधानों के कड़ाई से कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रपति महोदय उचित निर्देश जारी करें। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धोबी राहुल चौधरी ने कहा, ₹ नियम सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। हम राष्ट्रपति जी से अपील करते हैं कि इनकी मजबूती सुनिश्चित करें, ताकि वंचित वर्गों को उनका हक मिले। प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज लोधी ने जोड़ा, ₹शिक्षा में समानता ही सच्चा लोकतंत्र है। किसी भी बदलाव से पिछड़ों का अहित नहीं होने देंगे।

## बार एसोसिएशन चुनाव अध्यक्ष व महामंत्री प्रत्याशी घोषित



फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों को देखते हुए आदर्श अधिवक्ता संगठन ने बड़ा कदम उठाया। अलग-अलग चयन समितियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सिविल बार एसोसिएशन सभागार में खचाऊ भरे हाल में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर विजय सिंह और महामंत्री पद पर अनुराग नारायण मिश्रा उर्फ पुत्तन मिश्रा को प्रत्याशी घोषित किया गया।

यह उद्घोषणा अधिवक्ता बंधुओं में उत्साह का संचार कर रही है, क्योंकि मतदान फरवरी को प्रस्तावित है। चयन प्रक्रिया का महत्वयह सर्वसम्मति आधारित चयन बार चुनावों में एकता और पारदर्शिता का प्रतीक है। संगठन ने कहा कि ये प्रत्याशी अधिवक्ता हितों की रक्षा, कचहरी सुविधाओं में सुधार और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के प्रति समर्पित हैं। विजय सिंह ने कहा, ₹हम सभी अधिवक्ताओं के एकजुट प्रयासों से बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। वहीं पुत्तन मिश्रा ने जोर देकर कहा कि महामंत्री के रूप में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रमुख उपस्थित सदस्यउद्घोषणा में सैकड़ों अधिवक्ताओं की मौजूदगी रही, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:प्रमोद उपाध्याय, हरदीप सिंह, हंसराज सिंहराजा रंजीत सिंह पटेल, शिवकरण सोनी, राजेश मौर्याकरीम खॉ, प्रेमशंकर त्रिवेदी, गिरीश द्विवेदीसुशील मिश्र, मणि प्रकाश दुबे, अनिल तिवारी उर्फ अन्नूरामशरण सिंह, हितेन्द्र बहादुर सिंह, सुनील बाजपेयीदेववृत्त अग्निहोत्री, महेश द्विवेदी, महेश कान्त त्रिपाठीशिवप्रकाश मिश्रा उर्फ पुत्तू, बुद्धप्रकाश सिंह, अभय सिंहचन्द्रिका सिंह, राजेन्द्र भान सिंह, बकने गिरी रामशरन सिंहपियूष नाथ सिंह, महेन्द्र परिहार, महेन्द्र सिंह गौरनीरज मिश्र, मो० असलम शेर खाँ, संदीप पाण्डेयईश्वर कृष्ण श्रीवास्तव, शुभअवधेश, शाश्वत गर्गनितिन त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, संदीप यादवरन्नो देवी, कमलेश, हर्षिता तिवारी, नेहा वर्मायह आयोजन बार चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है।

## मोटापा भी उच्च रक्तचाप का कारण है: डॉ. अमित तिवारी



उन्नाव (वीओएल)। मोटापा की समस्या दिन प्रतिदिन लोगो में बढती जा रही है। खानपान में ठीक प्रकार से ध्यान न देना भी कही न कही इसका एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। इसके अलावा खाने में नमक की मात्रा का सेवन कुछ लोग अधिक करते है। जिससे रक्तचाप के बढने की संभावना प्रबल हो जाती है।

बता दें कि उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिला चिकित्सालय में ब्लड प्रेशर के आने वाले मरीजों को एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने बताया कि मोटापा भी उच्च रक्तचाप का कारण है। नमक का सेवन अधिक करने से भी रक्तचाप बढ़ता है। उच्च रक्तचाप एक साइलेंट किलर है। समय से इसकी जानकारी लोगों को नहीं हो पाती उच्च रक्तचाप की वजह से युवाओं में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। तनाव और अनियंत्रित खानपान की वजह से हाइपरटेंशन की समस्या बढ़ रही है। उन्होने बताया कि हार्ट या डायबिटीज की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति ब्लड प्रेशर की नियमित जांच कराएं। भरपूर नींद लें। फास्ट फूड का सेवन न करें। पौष्टिक भोजन करें। बीड़ी, सिगरेट व शराब का सेवन न करें। टहलने व नियमित व्यायाम करने की आदत डालें। ब्लड प्रेशर की शिकायत है तो डॉक्टर की सलाह से नियमित दवा का सेवन करें।

## एसडीएम ने तहसील का निरीक्षण कर अभिलेखों की व्यवस्था देखी

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। इस बार डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर एसडीएम ने तहसील का निरीक्षण किया। एसडीएम रणवीर सिंह ने तहसील की प्रशासननिक बिल्डिंग का निरीक्षण किया। सभी विभागों के कार्यालय की साफ सफाई रंगाई पुताई में तेजी लाने के निर्देश दिए। तहसीलदार कोर्ट, एस डी एम कोर्ट में अभिलेखो की व्यवस्था एवं फाइलों के रख रखाव को लेकर कर्मचारियों से जानकारी ली। एस डी एम रणवीर सिंह ने बताया कि अभिलेखों के रखरखाव व साफ सफाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छापेमारी में आबकारी टीम ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया



पाटन, उन्नाव। आबकारी टीम लगातार अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चला रही है। इससे कही न कही अवैध शराब से जुड़े लोगो में दहशत का माहौल व्याप्त हो रहा है। अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर गत दिवस आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह व थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से गुलरिहा व परसंडा के बीच स्थित पुलिया के पास संदिग्ध रूप से खड़ी दो महिलाओं से पूछताछ की। तलाशी पर प्लास्टिक के 10 पाउच में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब मिली। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कमलेश पत्नी पुत्तन व मुन्नी पत्नी राजकिशोर के पास से अवैध शराब बरामद की गई है दोनों महिलाओं के विरुद्ध एक्साइज एक्ट की कार्यवाही की गई।

## बोर्ड परीक्षा का डीएम ने लिया जायजा नकलविहीन व पारदर्शी व्यवस्था के निर्देश



उन्नाव। बुधवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने एसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अटल बिहारी इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के यू पी बोर्ड द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों में बुधवार से प्रारंभ हुई परीक्षा को लेकर एस डी एम रणवीर सिंह ने तहसील क्षेत्र के सुमेरपुर, बिहार, पाटन तथा भगवंत नगर के परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली व द्वितीय पाली में पहुंच कर निरीक्षण किया। एस डी एम ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा नकल विहीन कराने के निर्देश दिये गए। लड़कियों की तलाशी में महिला टीचर की नियुक्ति, मीडिया को प्रेस नोट न जारी करे, छात्रों के जूते मोजे न उतरवाये, बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश न होने दे जैसे निर्देश भी दिए गए।

## लंबित मांगों को लेकर रसोइयों ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय बुधवार को पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। रसोइयों ने न्यूनतम मानदेय में वृद्धि, स्थायीकरण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को शीघ्र लागू करने की मांग की। माध्यमिक भारतीय रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने बताया कि वर्ष 2004 से न्यूनतम मानदेय के अंतर बकाया का भुगतान नहीं हुआ है। संगठन ने रसोइयों से 11 माह के बजाय पूरे 12 माह कार्य लेने और तदनुसार मानदेय देने की मांग की है।

प्रदर्शनकारी रसोइयों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत बहुत कम मानदेय पर काम कर रहे हैं, जिससे उनका जीविकोपार्जन मुश्किल हो गया है। इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन है।

ज्ञापन में रसोइयों के स्वतः नवीनीकरण, प्रस्तावित प्रतिबंधों को समाप्त करने, मातृत्व अवकाश, मेडिकल सुविधा और 14 आकस्मिक अवकाश प्रदान करने की भी मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, मृतक रसोइयों के स्थान पर उनके परिवार के सदस्य को नियुक्ति तथा न्याय पंचायत स्तर पर स्थानांतरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

एसोसिएशन के संस्थापक संरक्षक तईयब अंसारी ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि 2026-27 के बजट में रसोइयों के लिए न्यूनतम मानदेय की घोषणा की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर मानवीय दृष्टिकोण नहीं अपनाती और भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय प्रदान नहीं करती, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन और हड़ताल करने को बाध्य होगा। अंसारी ने यह भी उल्लेख किया कि आशा, आंगनबाड़ी, बेसिक और शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने की चर्चाएं सामने आई हैं, लेकिन रसोइयों के मानदेय वृद्धि पर कोई बात नहीं हुई। हालांकि, संगठन ने शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों और कैशलेस सुविधा के प्रयासों के लिए सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

## वन विभाग की 300 बीघा जमीन 74 साल पुराने कब्जे से मुक्त करायी गयी

जिला संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में प्रशासन ने पिछले 74 वर्षों से वन विभाग की 300 बीघा जमीन पर किसानों द्वारा किए गए कब्जे को हटवा दिया है। इस दौरान जमीन जोतवाकर उस पर खड़ी उनकी फसल को भी नष्ट कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि वर्ष 1952 में खुटार थानाक्षेत्र स्थित जंगल की जमीन पर कब्जा शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे वन विभाग की करीब 300 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया गया और उसमें खेत बनाकर फसल उगानी शुरू कर दी गयी थी।

उन्होंने कहा कि कई बार वन विभाग ने कब्जे को हटाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इसके बाद वन अधिकारियों ने पुलिस से इस जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर पुवायां के पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गयी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों को भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि इस टीम की देखरेख में जंगल की भूमि पर अवैध कब्जे को मंगलवार को हटाते हुए फसल को जोतवाकर नष्ट कर दिया गया। द्विवेदी ने बताया कि इस दौरान प्रशासन को किसानों के विरोध का सामना भी करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। विगत 10 नवंबर को जलालाबाद क्षेत्र के रोली बोली गांव में भी 13 बीघा जमीन पर बने लगभग 30 मकानों को अवैध बताकर पुलिस प्रशासन ने तोड़ दिया था। वहां भी प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ा था।

## कुख्यात इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

प्रतापगढ़। जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) शिव नारायण वैस ने बुधवार को बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के एटीएल ग्राउंड के निकट 17 और 18 फरवरी की दरमियानी रात को निरीक्षण के दौरान हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी अतुल गौड़ (29) पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। वैस ने बताया कि घायल बदमाश को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। गौड़ के खिलाफ प्रतापगढ़ तथा जौनपुर में कुल 38 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर प्रयागराज के पुलिस महानिरीक्षक ने 50 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था।

## वित्तीय वर्ष में वित्तमान के निर्धारण के लिए बैठक आयोजित

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष-2026-27 में वित्तमान के निर्धारण (स्केल ऑफ फाइनेंस) के लिए बैठक आयोजित की गयी।

सदस्य सचिव डा अवधेश कुमार यादव जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष-2026-27 हेतु कृषि के अलावा उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग तथा रेशम विभाग से प्रस्ताव प्राप्त किये गये है। जिला स्तरीय तकनीकी समिति के अनुमोदन के उपरान्त निर्धारित वित्तमान का उपयोग शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की क्षतिपूर्ति, प्रिमीयम का निर्धारण तथा कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा का निर्धारण में किया जायेगा। बैठक में कृषि विभाग से 15 फसलों का, उद्यान विभाग से 6 औघानिक फसलों का, पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं दुग्ध उत्पादन, रेशम विभाग द्वारा रेशम उत्पादन एवं मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन में आने वाले व्यय तथा विभाग में चलने वाली योजनाओं पर चर्चा हुई तथा जिला स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित वित्तमान का अनुमोदन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में बकरी पालन, भेड़ पालन तथा सुअर पालन की व्यापक सम्भावना है। इसके लिये कृषकों को नियमित रूप से योजना से अवगत कराते हुये प्रोत्साहित करते रहें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के कृषक अपने परम्परागत कृषि के अतिरिक्त डायवसीफाईड कृषि जैसे रेशम पालन, मछली पालन, मुघमक्खी पालन तथा राजगढ़ क्षेत्र में ड्रेगन फुट एवं खजूर की खेती, पशु पालन, भेड पालन इत्यादि पर जोर दे। जिससे कृषकों के आय में वृद्धि की सम्भावना है, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि इससे लागत कम तथा आय ज्यादा होगा। बैठक में उप कृषि निदेशक विकेश पटेल, जिला प्रबन्धक नावार्ड, जिला अग्रणी, बैंक प्रबन्धक, सहायक निदेशक रेशम, जिला उद्यान अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तेजन्दर सिंह, डा कुंवर सत्येन्द्र सिंह अपर जिला कृषि अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहें।

### संक्षेप

## किसान दिवस बैठक में योजनाओं की दी जानकारी

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशानुसार 18 फरवरी को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता, सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण, जल निगम, नाबार्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा नमामि गंगे योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। रबी फसलों में कीट-रोग प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। कृषि यंत्र, सोलर पंप व निःशुल्क बीज मिनीकिट आदि के लिए जन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग एवं ई-लॉटरी व्यवस्था की जानकारी दी गई। साथ ही कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषकों ने सहभागिता कर विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने का संकल्प लिया।

## बुजुर्ग दंपति ने जहर खाकर की आत्महत्या

बाराबंकी। जिले के राम सनेही घाट क्षेत्र में एक बुजुर्ग दंपति ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सधवापुर गांव के मजरे इब्राहिमाबाद में मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खाने से गणेश (65) और उनकी पत्नी कलावती (60) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दंपति ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे दोनों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं। ग्रामीणों ने दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान गणेश की मौत हो गई। वहीं, कलावती ने लखनऊके अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## नाबालिग लड़की से बलात्कार के दोषी को आजीवन कारावास

बलिया। स्थानीय अदालत ने 14 वर्षीय एक दलित लड़की के साथ तीन माह तक बलात्कार करने के मामले में मंगलवार को एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोक अभियोजन अधिकारी विमल कुमार राय ने बुधवार को बताया कि पकड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर मनजीत गुप्ता उर्फ नीरज गुप्ता ने करीब तीन माह तक बलात्कार किया। राय ने बताया कि लड़की के गर्भवती होने पर परिजनों को जानकारी हुई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पकड़ी थाने में 26 फरवरी 2025 को मनजीत गुप्ता उर्फ नीरज गुप्ता के विरुद्ध सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम कांत ने मंगलवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 75 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## फांसी से लटकता मिला शव

अमेठी। जिले के परसावां गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव नीम के पेड़ पर फंदे से लटकता पाया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि अमेठी थाना क्षेत्र के परसावां गांव में राम शिरोमणि यादव नामक व्यक्ति का शव आज गांव से बाहर खेत में एक नीम के पेड़ से फांसी के फंदे में लटकता पाया गया है। परिजन शव को खुद उतार कर लेकर अमेठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्यवाही करते हुए मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चल सकेगा।

संक्षेप

## बसपा अपने दम पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**बांदा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की घोषणा का जिला इकाई पदाधिकारियों ने स्वागत किया है। बसपा के जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति का कहना है कि दूसरे दलों के साथ गठबंधन को लेकर चल रही चर्चाएं पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नही देना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष कमलाकांत त्रिवेदी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हांथी की मस्त चाल के साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेगा। जिलाध्यक्ष ने दिल्ली में टाइप-8 आवास आवंटन के बारे में उठाए जा रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती को सुरक्षा कारणों से पहले भी इस श्रेणी का आवास आवंटित रहा है। इस बारे में अनावश्यक रूप से राजनीतिक रंग देने का कोई औचित्य नही है।

## रोजगार मेले में 1344 का चयन

**बांदा।** क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग ने बुधवार को शहर के केसीएनआईटी परिसर में बृहद रोजगार मेला आयोजित किया।

रोजगार मेले का उद्घाटन केसीएनआईटी के निदेशक डॉ प्रदीप भट्नागर ने किया। रोजगार मेला में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों की 22 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले में लगभग 2200 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

कंपनियों ने अनेक पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात 1344 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया। इस दौरान सेवायोजन के सहायक निदेशक वकील अहमद अंशारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जैसवाल, अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में बेरोजगार, नवयुवक और युवतियां मौजूद रहीं।

## कल्याण सिंह सभागार में किसान मेला कल

ललितपुर। जनपद के समस्त कृषक भाइयों को जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया है है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला-गोष्ठी का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से कल्याण सिंह सभागार रामनगर में 20 फरवरी दिन को शुक्रवार को किया जा रहा है, किसान मेला के प्रथम दिवस तकनीकी सत्र होगा जिसमें उद्यान, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, सिंचाई आदि एवं अन्य कृषि सहयोगी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर व मंच के माध्यम से कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जायेगा तथा विभागीय अधिकारीगणों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जायेगी तथा कार्यक्रम के दूसरे दिन कृषकों के समूह को जनपद के प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों, कृषि विज्ञान केन्द्र, विभागीय नर्सरियों का भ्रमण कराया जायेगा, जहाँ पर उन्हें प्रक्षेत्रों पर चल रही गतिविधियों एवं उन्नतशील तकनीकी की जानकारी व उसके उपयोग से होने वाले लाभ की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कृषक भाईयों से अनुरोध है कि अधिक-से-अधिक संख्या में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर पधारकर मेले से उपयोगी, ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त करें।

# सदन में उठायी आवाज, अगले ही दिन सीएम से की सीधी मुलाकात



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड के ललितपुर जिले के लिए एक महत्वपूर्ण सियासी और प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर जनपद से जुड़े तीन प्रमुख जनहित मुद्दों को सीधे शासन के सर्वोच्च स्तर पर मजबूती से रखा। इस घटनाक्रम को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि 17 फरवरी को विधानसभा में अपने भाषण के दौरान विधायक द्वारा जिन मांगों को प्रमुखता से उठाया गया था, ठीक अगले ही दिन मुख्यमंत्री से हुई यह मुलाकात राजनीतिक गलियारों में मजबूत फॉलो-अप और तेज प्रशासनिक सक्रियता के संकेत के रूप में देखी जा रही है ये हैं ललितपुर की बड़ी मांगें विरधा में नए थाने, बढ़ते क्षेत्रफल और

- विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा नए थाने, जिला अस्पताल और सीएचसी की मांग पर तेज हुई हलचल
- ललितपुर के लिए बड़े फैसलों की आहट

आबादी को देखते हुए कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता, जिला चिकित्सालय की पुर्नस्थापना, मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिला अस्पताल के रूप में प्रभावित हुई स्वास्थ्य सेवाओं को फिर से सुदृढ़ करने की मांग, जाखलौन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर और सुलभ इलाज उपलब्ध कराने की पहल की गयी है मुख्यमंत्री का रुख सकारात्मक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया तेज करने के संकेत दिए।

सूत्रों के अनुसार, इन मांगों पर शीघ्र ही विभागीय स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू की जा सकती है।

# हिन्दी विषय की परीक्षा के साथ बोर्ड परीक्षाओं का प्रारंभ



**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो गईं। इसके लिए जनपद भर में सेंटर बनाये गये हैं, और उन पर कडी सुरक्षा के साथ तीसरी आंख द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। बुधवार को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 के

- हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में 968 एवं इंटरमीडिएट में 510 परीक्षार्थी प्रथम दिन रहे अनुपस्थित
- कंट्रोल रूम से रखी जा रही निगाहें, उड़न दस्तों ने देखे जनपद के कई परीक्षा केन्द्र

अंतर्गत मंगलवार को आयोजित हाईस्कूल हिंदी (कोड-901) प्रथम पाली की परीक्षा जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनपद में इस विषय के लिए कुल 20,000 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 19,032 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 968 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। बताया गया है कि संस्थागत श्रेणी में बालकों की संख्या 10,766 तथा बालिकाओं की संख्या 9,096 रही, इस प्रकार कुल 19,862 संस्थागत परीक्षार्थी पंजीकृत थे। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी में 138 परीक्षार्थी पंजीकृत पाए गए। कुल मिलाकर पंजीकृत संख्या 20 हजार रही। परीक्षा में कुल 10,195 बालक एवं 8,837 बालिकाएं उपस्थित रहीं। अनुपस्थित रहने वालों में 675 बालक और 293 बालिकाएं शामिल हैं। वहीं दूसरी शिफ्ट में इंटरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पंजीकृत 15281 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 7897 छात्र एवं 7384 छात्राएं पंजीकृत थे इनमें से 7591 छात्रों ने एवं 7180 छात्राओं ने परीक्षा दी, वहीं 306 छात्र एवं 204 छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। सामान्य हिन्दी में 110 एवं हिन्दी में 400 परीक्षार्थी सहित कुल 510 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकल रोकने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था की गई थी। उड ? दस्तों द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, हालांकि कहीं से भी किसी बड़ी अनियमितता की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में परीक्षा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा-निदेशों के अनुसार कराई जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और तनावमुक्त माहौल मिला। शिक्षा विभाग का कहना है कि आगामी परीक्षाओं में भी इसी तरह सख्ती और पारदर्शिता बरती जाएगी, ताकि बोर्ड परीक्षा की विश्वसनीयता बनी रहे। परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने भी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से जनपद के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सतत निगाह रखी जा रही है, जिसके दोनों पालियों में एक दर्जन से अधिक शिक्षकों को लगाया गया है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच बोर्ड परीक्षाएं शुरू, सघन तलाशी

**बांदा।** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा में 23,188, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 19,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। इनमें 43,026 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों को किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, गुटखा, पान मसाला लेकर आना पूरी तरह प्रतिबंधित है। नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गये हैं। परीक्षाएं प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक चलेंगी। आदर्श बजरंग इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक मेजर मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि परीक्षार्थियों को सवेरे 8 बजे से 8:15 जे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। परीक्षार्थियों को केवल पेन, पेन्सिल और प्रवेश पत्र लाने की अनुमति होगी। छात्राओं की तलाशी के लिए महिला शिक्षक और पुलिसकर्मी रहेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 6 सचल दल बनाए गये हैं। यह लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। डीआईओएस कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की गयी है। इससे सभी परीक्षा केन्द्र लाइव जुड़े हुए हैं। सेल के जरिए प्रत्येक कक्ष की लगातार निगरानी की जाएगी। किसी भी परीक्षा केन्द्र अथवा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे बंद मिलेंगे तो केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कालिंजर महोत्सव में बॉलीवुड सिंगर का भजन सुन झूमे दर्शक



**बांदा।** कालिंजर महोत्सव का मंगलवार की देर रात समापन हो गया। महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या में पहुंची बॉलीवुड सिंगर ममता शर्मा को सुनने के लिए जनपद के अलावा आस-पास के जिलों से भी लोग कालिंजर महोत्सव देखने पहुंचे। सिंगर ममता शर्मा और गायक आफ्ताब के गानों पर लोग जमकर झूमे। ममता शर्मा ने पहली प्रस्तुति में भगवान नीलकण्ठ महाराज को समर्पित भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में द ग्रेट कॉमेडियन राजा एंड रेंचो की कॉमेडी ने लोगों को जमकर हंसाया। महोत्सव समापन पर सांसद कृष्णा देवी पटेल, पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल पहुंचे। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने सांसद को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। एडीएम ने पौधा देकर प्रकृति बचाने का संदेश दिया साथ ही नीलकण्ठ महादेव की मूर्ति देकर सम्मानित किया। कालिंजर महोत्सव में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, प्रदेश मंत्री देवेश कुमार कोरी, बबेरू चेयरमैन विवेकानंद गुप्ता, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, नरैनी चेयरमैन प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर मौजूद रहे। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने अंग वस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया। कलाकारों को विधायक नरैनी व जिलाधिकारी ने भगवान नीलकण्ठ महादेव की फोटो और सील्ड देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन शिक्षा, चिकित्सा सहित लगभग 60 स्टॉल लगाए गये थे। इन्हे मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा को शान्तिपूर्ण, सुचितापूर्ण और नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय इण्टर कॉलेज, वर्णी जैन

- कण्ट्रोल रुम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर रखी जा रही पैनी नजर, मजिस्ट्रेटों को मुस्तैद रहने के दिये निर्देश

इण्टर कॉलेज, एसडीएस और राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में जाकर सभी विद्यालयों के कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी, जिसमें बच्चे परीक्षा देते हुए पाये गए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कैमरों का संचालन सुचारु रखा जाए और केन्द्र व्यवस्थापक पूरे समय सचेत रहकर कैमरों का संचालन देखते रहें। परीक्षा को पूर्णतरू नकलविहीन सम्पन्न कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों में सी0सी0टी0वी0 कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर व राउटर आदि व्यवस्थाओं



की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाये रखने के लिए केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर, साफ-सफाई, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखें। परीक्षा केंद्रों के कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें, इसके साथ ही कण्ट्रोल रुम से लगातार निगरानी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षा में सभी अधिकारी सम्वेदनशील रहकर अपने दायित्वों को पूर्ण करें। साथ ही नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रश्न पत्रों की सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखते हुए शासन द्वारा दिये गये दिशा-निदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहें, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित रखें। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए तनावमुक्त रहने की सलाह दी और कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए विशेषज्ञों की सलाह मानें, परिवारीजन बच्चों का उत्साहवर्द्धन करें, उनसे बातचीत करें और पौष्टिक भोजन करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## माहे रमजान के चलते ईओ को सौंपा ज्ञापन, मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की मांग



**स्योहारा, बिजनौर।** एकता का संदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ रईस के नेतृत्व में पदाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल व पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी के नाम ज्ञापन दिया। एकता का संदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ रईस ने बीते दिन नगर पालिका परिषद स्योहारा के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल को दिये गए ज्ञापन में कहा की मुस्लिम समाज का इबादत का माह ए रमजान 19 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। रमजान माह मे मुस्लिम वार्डों में एवं सभी मस्जिदों के आसपास विशेष प्रकाश, पानी साफ सफाई की व्यवस्था करने की मेहरबानी करें और जल प्रतिदिन दो टाइम दिया जाए ताकि इबादत के महीने में किसी प्रकार की समस्या ना हो। मार्च मे आगामी त्यौहार होली के पावन अवसर पर भी पानी की व्यवस्था रूप से रखी जाये। होली पर पानी का इस्तेमाल ज्यादा होता है। नगर पालिका परिषद स्योहारा के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने फाउंडेशन को पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है की रमजान एंव होली के मौके पर सभी जगहो पर साफ सफाई और पानी प्रकाश की व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी द्वारा कार्य मे लापरवाही बरतने पर उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर रईस अहमद, मौ0 दानिश जैदी, बानो पुष्पक, मौ0 जीशान सभासद विनोद तोमर, जुबैर जैदी, फैजान खान, आसिफ मंसूरी सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## निरंकारी मिशन का केन नदी सफाई अभियान 22 को

**बांदा।** जल संरक्षण को लेकर संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का चैथा चरण केन नदी आरती घाट पर सफाई अभियान के तहत चलाया जाएगा। रविवार को केन नदी आरती घाट को स्वच्छ करने का काम प्रातः 8 से 11 बजे तक संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालु संचालक अंबिका प्रसाद के मार्गदर्शन में करेंगे। इसके अलावा अमृत परियोजना का क्रियान्वयन बांदा जोन की सभी शाखाओं में किया जाएगा। सफाई स्थल पर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन होगा। निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने कहा कि यह विशाल अभियान देश में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप लेगा। यह जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा। बांदा जोन में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी क्षेत्रीय संचालक डॉ सुरेश सिंह ने दी।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक, बोर्ड पर्यवेक्षक, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को सर्वप्रथम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर का निरीक्षण किया, जहां सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सभी कैमरे संचालित हैं और सुचारू रूप से कार्यरत हैं। जिलाधिकारी ने उसके बाद आरजीपी इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



एग्जामिनर द्वारा पहचान पत्र न लगाए जाने तथा महिला एग्जामिनर द्वारा अपना पर्स परीक्षा कक्षा में पाए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराएं और किसी भी अवस्था में परीक्षा केंद्रों में बिना पहचान पत्र के कोई भी कार्मिक ना पाया जाए, इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर सहित कोई भी व्यक्ति कोई वस्तु बैग आदि लेकर प्रवेश न कर सके। आरजीपी इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे संचालित पाए गए। परंतु रिमोट उपलब्ध न होने पर प्रधानाचार्य द्वारा मोबाइल पर सभी परीक्षा कक्षाओं की सजीव स्थिति का अवलोकन कराया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल रिमोट की व्यवस्था सुनिश्चित करें और यदि कोई उपकरण खराब हो जाए तो तत्काल इसकी व्यवस्था कराएं ताकि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बोर्ड पर्यवेक्षक मनोज आर्य, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नकली डीएपी खाद बेचने का बड़ा खुलासा

**ललितपुर।** किसानों को नकली डीएपी खाद बेचकर उनकी मेहनत और फसल से खिलवाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। थाना महरौनी क्षेत्र में कृषि विभाग की जांच के बाद नकली उर्वरक बिक्री का खुलासा हुआ है। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है और वे दोषियों पर सख्तकार्रवाईकीमांगकर रहे हैं। महरौनी के ग्राम पठा निवासी किसान रामलखन ने जनवरी माह में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मटर की फसल के लिए डीएपी खाद खरीदी थी, लेकिन खाद डालने के कुछ ही दिनों बाद खेतों में हरियाली आने के बजाय फसल पीली पड ? लगी और धीरे-धीरे सूखने लगी। फसल में अपेक्षित अंकुरण नहीं हुआ, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

**जांच में खुली नकली खाद की पोल**

किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। जांच में प्रथम दृष्टया फसल पर नकली डीएपी खाद का प्रतिकूल प्रभाव पाया गया। इसके बाद कृषि विभाग ने ग्राम पठा स्थित मे. देवता ट्रेडर्स नामक उर्वरक विक्रेता की दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में उपलब्ध डीएपी खाद का स्टॉक संदिग्ध पाया गया। पोर्टल व अभिलेखों की जांच में डीएपी खाद का वैध स्टॉक शून्य दशार्या गया। इसके बावजूद बिक्री किए जाने के साक्ष्य सामने आए। मौके से डीएपी खाद की एक बोरी जब्त कर उसका नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

**प्रयोगशाला रिपोर्ट में नकली साबित**

प्रयोगशाला से 13 फरवरी 2026 को प्राप्त रिपोर्ट में डीएपी खाद अमानक (नकली) पाई गई। रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि किसानों को जानबूझकर नकली डीएपी खाद बेची गई, जिससे उनकी फसल को भारी नुकसान पहुंचा ामने आया कि किसान द्वारा 20 अक्टूबर 2025 को खाद की खरीद के एवज में 9,000 की ऑनलाइन पेमेंट की गई थी, जिससे बिक्री का तथ्य प्रमाणित होता है।

**दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा**

जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती की तहरीर पर थाना महरौनी में मे.देवता ट्रेडर्स के संचालक ग्राम पठा निवासी संदीप विदुआ और राहुल विदुआ के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर संख्या 0062/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**किसानों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है कि नकली खाद के कारण उनकी पूरी फसल चैपट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जाएं और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी किसानों की मेहनत से खिलवाड़ न कर सकें। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती ने साफ कहा कि नकली खाद, बीज या कीटनाशक बेचने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिले भर में उर्वरक दुकानों की सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भटकी हुई बच्ची पुलिस ने परिजनों को सौंपी



**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने मानवता की मिशाल पेश कर एक भटक रही 10 वर्षीय बच्ची के परिजनों को खोजकर उनके सुपुर्द किया। कोतवाली पुलिस को शहर के महेश्वरी देवी मंदिर के पास एक 10 वर्षीय बच्ची परेशाल हाल भटकती मिली। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बच्ची का नाम और पता पूंछा तो उसने अपना नाम सपना पुत्री कमलेश निवासी ग्राम आऊ बताया। बच्ची ने बताया कि वह भटककर यहां आ गयी है।

पुलिस ने बच्ची से जानकारी मिलने के बाद तत्परता के साथ उसके गांव आऊ से संपर्क कर परिजनों के बारे में जानकारी कर उन्हे बच्ची के मिलने की सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को कोतवाली नगर बुलाकर बच्ची को उनके सुपुर्द कर दिया। बच्ची के मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया। बच्ची से पूंछताछ करने वालों में वरिष्ठ उप निरीक्षक राकेश द्विवेदी, महिला उप निरीक्षक रेनू शर्मा व कांस्टेबल अखिलेश पाण्डेय रहे।

## जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक 23 फरवरी को

**बहराइच ।** आसन्न होली, रमजान एवं ईद इत्यादि त्योंहारों के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 23 फरवरी 2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के पति पर राजस्व निरीक्षक ने लगाये गम्भीर आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पालिका की राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा ने डीएम को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नगर पालिका अध्यक्ष पति द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक ने पत्र में उल्लेख किया है कि वह तबीयत खराब होने के चलते 27 जनवरी 2026 से 29 जनवरी तक अवकाश पर थीं। इसके बाद 30 जनवरी से 16 फरवरी तक वह अधिशाषी अधिकारी से अनुमति लेकर चिकित्सीय अवकाश पर थीं। अवकाश समाप्त होने के बाद जब वह 17 फरवरी 2026 को कार्यालय पहुंचीं तो अध्यक्ष पति द्वारा उन पर अनुचित दबाव बनाया गया और राजस्व से जुड़े कार्यों में मनमाने तरीके से हस्तक्षेप किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष पति द्वारा शासकीय भाषा और

- नगर पालिका में कार्यशैली पर सवाल, राजस्व निरीक्षक ने डीएम से की शिकायत

मयार्दा का उल्लंघन करते हुए उनसे अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया। पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्व निरीक्षक द्वारा नगर पालिका के कार्यों में नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन अध्यक्ष पति द्वारा निजी हितों को साधने के उद्देश्य से दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के किसी भी फाइल या प्रकरण में हस्तक्षेप करना नियम विरुद्ध है। राजस्व निरीक्षक ने यह भी आरोप लगाया कि उनके द्वारा इस पूरे मामले की जानकारी पूर्व में भी उच्च अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उन्हें शासकीय कार्य स्वतंत्र रूप से करने की सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले की प्रतिलिपि नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय निदेशक तथा अपर आयुक्त को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और नगर पालिका परिषद में चल रहे कथित हस्तक्षेप पर क्या कार्रवाई होती है।

**बिना स्वीकृत अवकाश का स्पष्टीकरण मांगने पर लगाये आरोप**

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की है। डीएम से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुये नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने बताया कि सीमा कुशवाहा पिछले काफी समय से बिना किसी स्वीकृत अवकाश के गायब थीं। जब वह उनके कार्यालय में पहुंची तो उन्होंने यही जानकारी चाही। इस पर राजस्व निरीक्षक द्वारा जानकारी नहीं दी। इस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश देते हुये शासन से पत्राचार किया है। इसी बात से क्षुब्ध होकर राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर आरोप लगाये हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि वह सक्षम महिला हैं और निर्णय लेने में भी सक्षम हैं। उनके पति केबल उन्हें लेने के लिए कार्यालय पहुंचे थे, इसी बात का लाभ उठाते हुये राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर बेबुनियाद आरोप लगाये हैं।

# नीति आयोग का सुझाव

भारत नेट जीरो के प्रति किस हद तक प्रतिबद्ध है इसे समझने के लिए बस एक तथ्य ही पर्याप्त है कि देश के प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच से बार-बार पर्यावरण संरक्षण के लिए इस लक्ष्य को हासिल करने की बात कही है। नेट जीरो का अर्थ है कि वायुमंडल में जितना कॉर्बन छोड़ा जाये कम से कम उतना साफ किया जाये या कम किया जाये। नीति आयोग ने इसको लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की है। नीति आयोग के बीते सप्ताह प्रकाशित नये शोध से देश की दीर्घकालिक जलवायु रणनीति केंद्र में आ गई है। यह 2047 तक विकसित भारत बनाने के रास्ते बताती है और देश को 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य तक ले जाने की राह पर भी दिखातीहै। अनुमान है कि मौजूदा नीतियों में भारत को 2070 तक 14.7 लाख करोड़ डॉलर का कुल निवेश करना होगा और नेट जीरो के लिए निवेश 22.7 लाख करोड़ डॉलर होगा। इसका मतलब है कि आने वाले दशकों में हर साल औसतन 500 अरब डॉलर निवेश करना होगा। मगर जलवायु में इस समय सालाना 135 अरब डॉलर निवेश ही हो रहा है, जिस कारण बड़ा अंतर लगातार बना हुआ है। अध्ययन के मुताबिक घरेलू पूंजी निर्माण के आशावादी अनुमान होने पर भी भारत 2070 तक 16.2 लाख करोड़ डॉलर ही जुटा पाएगा। इसके बाद भी लगभग 6.5 लाख करोड़ डॉलर की कमी रहेगी, जिसे




मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय पूंजी, रियायती कर्ज और अनुदानों से पूरा करना होगा। इसमें चुनौतियां बुनियादी और कई तहों वाली हैं। देश की जलवायु में बदलाव की राह में पूंजी की ऊंची लागत और दीर्घकालिक रियायती कर्ज एवं अनुदान की कम उपलब्धता आड़े आ रही है। इस कारण खास तौर पर ऊर्जा भंडारण, हरित हाइड्रोजन और औद्योगिक डीकार्बनाइजेशन जैसे अधिक पूंजी खपत वाले क्षेत्रों में परियोजना की व्यावहारिकता घट जाती है। बढ़ते संरक्षणवाद, भू-राजनीतिक तनाव, बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और बिखरे हुए नीतिगत ढांचे से उपजी वैश्विक अनिश्चितताएं भी चिंता को बढ़ाती हैं। राज्यों और क्षेत्रों में परियोजनाओं की कम और असमान आपूर्ति भी बताती है कि परियोजना तैयार करने और उसे अमल में लाने में कितना अंतर है। क्षेत्रों की तैयारी भी अलग-अलग है। नवीकरणीय ऊर्जा तेजी से बढ़ी है मगर ग्रिड विस्तार, भंडारण क्षमता और स्वच्छ औद्योगिक तकनीकों में प्रगति धीमी रही है। रिपोर्ट ने तीव्र शहरीकरण, संसाधनों की कमी और कुशल मानव पूंजी की बढ़ती मांग को भी रेखांकित किया है, जिस कारण हरित ऊर्जा की ओर सफर जारी रखने में मजबूत बुनियादी ढांचे, हरित तकनीकों तथा श्रमबल में लक्षित निवेश की जरूरत सामने आती है। वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में भी ऐसी कई चिंताएं दी गई हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में जलवायु के लिए कर्ज एवं सहायता सौर और पवन जैसे उन क्षेत्रों को ज्यादा मिल रहे हैं, जो पहले से तैयार हो चुके हैं। उनके उलट अनुकूलन, शहरी बुनियादी ढांचे, एमएसएमई ऋण तथा कठिनाई से घटाए जाने वाले उद्योगों को पर्याप्त रकम नहीं मिल रही। इसलिए नीति आयोग के अध्ययन ने संस्थागत और वित्तीय सुधार पर विशेष जोर दिया है। नीतिगत पहलू की बात करें तो यह मांग पक्ष के उपायों को अहम बताता है जैसे ऊर्जा दक्षता, व्यवहार में बदलाव और सामग्री का रूप बदलकर बार-बार काम आते रहना। इसमें मिशन लाइफ जैसी पहलें शामिल हैं, जो कम खर्च में उत्सर्जन घटा सकती हैं। धन उपलब्ध कराने की बात करें तो अध्ययन में राष्ट्रीय हरित वित्त संस्थान बनाने की सिफारिश है, जो धन जुटाये और मुहैया कराये, जोखिम घटाए और उधारी की लागत भी कम करे। अन्य सुझावों में मिश्रित वित्त सुविधाओं का विस्तार, एकीकृत जलवायु वित्त वर्गीकरण अपनाना और कॉरपोर्ट एवं ग्रीन बॉन्ड बाजार को गहराई देना शामिल हैं। इस प्रकार भारत की नेट जीरो महत्वाकांक्षा के लिए विश्वसनीय वित्तीय ढांचा और संस्थागत सुधार आवश्यक हैं।

### विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

# क्या आतंकी फिर कर सकते हैं दुस्साहस

### सामयिक



लोकमित्र

> आतंकवाद का अंतिम उद्देश्य केवल हिंसा ही नहीं, बल्कि समाज को विभाजित करना भी है। यदि कश्मीरी पंडित घाटी में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं, तो यह आतंकवाद की सबसे बड़ी हार होगी। इसलिए आज आवश्यकता केवल आतंकवाद को हराने की नहीं, बल्कि उस भय को हराने की भी है, जो आतंकवाद का सबसे बड़ा हथियार है।

नवंबर 2025 में दिल्ली में कश्मीरी आतंकवादियों द्वारा किए गये कार विस्फोट के बाद, लगता है आतंकी एक बार फिर से कश्मीर में किसी खौफनाक दुस्साहस की पटकथा लिखने की फिराक में हैं। इसकी सबसे बड़ी आशंका कश्मीरी पंडितों को 3 फरवरी 2026 से अब तक टारगेट किलिंग की मिल चुकी कई धमकियां हैं। गौरतलब है कि 5 फरवरी 2026 को गृहमंत्री अमित शाह की प्रस्तावित कश्मीर यात्रा के दो दिन पहले ही 3 फरवरी 2026 को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी ग्रुप द रेजिस्टेंस फोर्स यानी टीआरएफ की तरफ से यह धमकी दी गयी। कश्मीरी पंडितों के लिए जारी धमकी वाला यह लेटर फाल्कन स्क्वाड के नाम से जारी किया गया, जिसमें लिखा है, 'कश्मीरी पंडितों थोड़े फायदे के लिए बलि का बकरा मत बनो। तुम पहले ही देख चुके हो कि इस रास्ते पर चलने का अंजाम जान गंवाना होता है, जैसा राहुल पंडित, माखन लाल बिंद्रू, मोहन लाल और बाकी के साथ हुआ था। इन्हें भी हमने कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। तुम लोग उनकी तरह मत बनो। अपना नाम मरने वालों की लिस्ट में मत लिखवाओ।'

इसके अलावा 1990 के दशक में एक्टिव रहे ग्रुप मुस्लिम जांबाज फोर्स ने भी पोस्टर लगाकर कश्मीर की आजादी तक जंग जारी रहने की धमकी दी हैं। इन धमकियों के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीरी पंडितों को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। विशेषकर कश्मीरी पंडितों से कहा गया है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले फोन न उठाएं, शाम होने से पहले घर आ जाएं। अजनबियों से दूर रहें। अंधेरे में बाहर न निकलें और कोई संदिग्ध दिखे, तो सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत खबर करें। आतंकी धमकियों और उसके बाद सुरक्षा एजेंसियों की हिदायतों ने एक बार फिर उस सच्चाई को उजागर कर दिया कि आतंकवाद केवल एक क्षेत्रीय समस्या नहीं, बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक चुनौती है। विशेषकर आपरेशन सिंदूर के बाद कश्मीर घाटी में लौटे कश्मीरी पंडितों को मिली धमकियों ने यह सवाल और गंभीर बना दिया है कि क्या तीन दशक के बाद भी उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी है? कश्मीरी पंडितों का विस्थापन 1990 के दशक की सबसे




दर्दनाक घटनाओं में से एक था, जब आतंकवादियों ने चुन-चुनकर उन्हें निशाना बनाया और घाटी से उनका लगभग पूर्ण पलायन हुआ। पिछले कुछ वर्षों में सरकार की पुनर्वास योजनाओं और सुरक्षा आश्वासनों के चलते हजारों पंडित परिवार वापस लौटे। लेकिन नवंबर 2025 में पहले दिल्ली विस्फोट और उसके बाद घाटी में जारी धमकियों ने इस पुनर्वास प्रक्रिया पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। धमकियों का यह नया दौर दरअसल भय का मनोवैज्ञानिक युद्ध है। हाल के महीनों में कई कश्मीरी पंडित कर्मचारियों, शिक्षकों और सरकारी कर्मियों को अज्ञात संगठनों की ओर से धमकी भरे पत्र, फोन कॉल और सोशल मीडिया संदेश मिले हैं। इन संदेशों में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे घाटी छोड़ दें या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

आतंकवादी संगठनों की रणनीति हमेशा से रही है कि वे किसी बड़े हमले से ज्यादा भय का वातावरण बनाए रखें, जिससे समुदाय स्वयं असुरक्षित महसूस करके घाटी छोड़ने को मजबूर हो जाए। यह रणनीति 1990 के दशक में सफल रही थी और अब फिर से उसी पैटर्न को दोहराने की कोशिश की जा रही है। सरकार द्वारा चलाए गए ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ जैसे सुरक्षा अभियानों ने आतंकवादियों के कई नेटवर्क को कमजोर किया था उम्मीद थी कि इससे आतंकवादियों का मनोबल टूटेगा और हिंसा में कमी आएगी। लेकिन इसके विपरीत, हाल के महीनों में धमकियों और छोटे हमलों में वृद्धि देखी गई है। शायद इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जब आतंकवादी संगठनों की संरचना कमजोर होती है, तो वे अपनी उपस्थिति बनाए रखने के लिए 'हाई-विजिबिलिटी टारगेट' चुनते हैं—ऐसे लक्ष्य जो प्रतीकात्मक रूप से अधिक प्रभावशाली हों। कश्मीरी पंडित, जो भारत की धर्मनिरपेक्षता और पुनर्वास नीति का प्रतीक हैं, ऐसे ही लक्ष्य बन जाते हैं। इसके अलावा, सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवादी अब 'लो-कॉस्ट, हाई-इम्पैक्ट' रणनीति अपना रहे हैं—जिसमें बड़े हमलों की बजाय छोटे लेकिन मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावशाली हमले या धमकियां शामिल हैं। सरकार ने कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें सुरक्षित आवास, सरकारी नौकरियां और विशेष कॉलोनियों का निर्माण शामिल है। हजारों पंडित कर्मचारी इन योजनाओं के तहत घाटी में काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन कर्मचारियों में से कई अब भी अलग-थलग कॉलोनियों में रहते हैं, जो उन्हें समाज से अलग और संभावित रूप से अधिक असुरक्षित बनाती हैं। कई मामलों में, स्थानीय स्तर पर सामाजिक एकीकरण की प्रक्रिया धीमी रही है, जिससे उनका अलगाव और असुरक्षा की भावना बढ़ती है। इसके अलावा, जब भी घाटी में कोई आतंकी घटना होती है, तो सबसे पहले निशाने पर वही समुदाय आता है, जो पहले से ही कमजोर स्थिति में है। कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने का उद्देश्य केवल हिंसा फैलाना नहीं है, बल्कि एक राजनीतिक और वैचारिक संदेश देना भी है।

आतंकवादी संगठन यह दिखाना चाहते हैं कि घाटी अब भी 'असुरक्षित' है और भारत सरकार की पुनर्वास नीति विफल हो रही है। यह रणनीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि को प्रभावित करने के उद्देश्य से अपनाई जाती है। जब अल्पसंख्यक समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस करता है, तो यह सरकार की सुरक्षा नीति पर सवाल खड़े करता है। यह भी सच है कि पिछले दशक में घाटी में आतंकवाद के लिए स्थानीय समर्थन में कमी आयी है। बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़कर शिक्षा और रोजगार की ओर रुख किया है। लेकिन सीमापार से आने वाले आतंकवादी और उनके समर्थक अब भी सक्रिय हैं। इन आतंकवादियों का उद्देश्य केवल हिंसा करना नहीं, बल्कि यह दिखाना भी है कि वे अब भी प्रभावी हैं। इसलिए वे ऐसे लक्ष्यों को चुनते हैं, जिनसे अधिकतम मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा हो।

हालांकि सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने हाल की धमकियों को गंभीरता से लिया है। घाटी में सुरक्षा बढ़ाई गई है, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और खुफिया निगरानी तेज की गई है। साथ ही कई आतंकी मॉड्यूल का पदार्फाश किया गया है और कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। लेकिन आतंकवाद की प्रकृति ऐसी है कि पूरी तरह से खतरे को समाप्त करना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। ऐसे में सवाल है क्या कश्मीर में फिर से विस्थापन का खतरा है? वैसे वर्तमान स्थिति 1990 के दशक जैसी व्यापक और संगठित हिंसा वाली नहीं है, लेकिन डर का माहौल निश्चित रूप से मौजूद है। आतंकवादियों का उद्देश्य भी यही है—वास्तविक हिंसा से ज्यादा भय पैदा करना। ऐसे में यदि सुरक्षा और सामाजिक विश्वास दोनों को मजबूत नहीं किया गया, तो पुनर्वास की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। लेकिन यह भी सच है कि आज की स्थिति 1990 के दशक से अलग है—सरकार अधिक सक्रिय है, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के प्रति सहिष्णुता कम हो गई है। फिर भी कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा केवल सैन्य या पुलिस बल से सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसके लिए सामाजिक विश्वास, राजनीतिक स्थिरता और स्थानीय स्तर पर सामंजस्य जरूरी है।

### सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट लोकलुभावन ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं प्रदेश में सर्वसमाज के विकास का कम प्रतीत होता है। मायावती.



श्री तारिक रहमान से बात करके खुशी हुई, उन्हें बांग्लादेश चुनाव में बड़ी जीत की बधाई दी, बांग्लादेश के लोगों की उम्मीदें पूरी करने में उनके प्रयासों को भी समर्थन है। पीएम मोदी.



मां काली के उपासक, भारत की सनातन आध्यात्मिक सुरक्षा के प्रकाश स्तंभ, मानवता, करुणा का संदेश देने वाले महान संत रामकृष्ण परमहंस जयंती पर शत-शत नमन। सीएम योगी.



# पारिवारिक मूल्य

### अंतर्दृष्टि

संस्कार बचपन से ही हमारे मनोमस्तिष्क में पौधे की तरह रोपे जाते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है।

तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

# ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

### व्यंग्यलोक

निजीकरण का शोर चल रहा है। हर तरफ प्राइवेट चीजें खोलने का दौर पल रहा है। इधर पिछवाड़े के एक प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना विश्वविद्यालय बंद कर दिया है। उन्होंने अपने भैंस तबेले की कमाई से यह विश्वविद्यालय खोला था। उसकी जगह निजी श्मशान घाट खोल लिया है। शहर में जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं। बड़े-बड़े बैनर टांग दिए हैं- मरने का सबसे बेहतरीन स्थान। पीपल छाप श्मशान सेंटर। शहर के बीचों-बीच। प्राइम लोकेशन पर। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा। गर्मियों के मौसम में एक बुकिंग पर दूसरा मुर्दा एकदम फ्री! कोई छुपा हुआ चार्ज नहीं! आधे खर्चे में पूरा फैमिली पैक! स्विमिंग पूल, फव्वारे, शॉपिंग मॉल, सिनेमा, होटल, तमाम तरह की सुविधाओं वाला एक मात्र श्मशान सेंटर! पीपलेश्वर जी पहले शिक्षा की हवा निकाला करते थे। तब वे प्रोफेसर थे। अब वे मुर्दों की हवा निकालने की क्रिया में लग गए हैं। इधर शिक्षा का मामला पानी में बैठ गया है। अगर स्कूलों को श्मशान घाट भी कह दें, तो कोई एतराज नहीं होना चाहिए। अब श्मशान घाटों का मामला अपनी रफ्तार पकड़ गया है।



रामविलास जॉगिड़

अब हर मुर्दा खटाक से जलना चाहता है। अब मुर्दा फूंकना एक लवली इवेंट है। बच्चों की अपनी जिदें है साहब! मुर्दा भी फूंक दिया और टूरिज्म भी कर लिया। दो घंटे के मुर्दा फूंकन कार्यक्रम में हर कोई रोमांच और मनोरंजन चाहते हैं। इन्हीं बातों को देखकर प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना निजी श्मशान घाट खोल लिया था। यहां पर ऊंचे लोग ऊंचे दामों में जलना पसंद करते हैं। मार्केट में बड़ा कंपटीशन है। समाज में अपने ढंग की बातें हैं। अरे! उनसे क्या बात करें? उन्होंने तो अपने मुर्दे बाप को खेजड़ी वाले गंवई मुर्दा श्मशान में जलाया था। हम ऐसे नहीं है। हमने विक्की के पापा तक को प्राइवेट श्मशान में भर्ती कराया था। इधर प्राइवेट श्मशान घाटों का अपना एक करंट है, जो हर एक अमीर के भीतर पल रहा है। इधर शानदार फव्वारे लगे हुए हैं। फव्वारों के बीच संगीत चलता है। संगीत की लय के साथ पानी ऊपर-नीचे उठता है। उधर बिना किसी माथा-पचाई के मुर्दा अपने आप जलता रहता है। उसके लिए किसी भी लकड़ी को ऊंची-नीची करने की कोई जरूरत नहीं रहती है। श्मशान के भीतर ही एक रेस्टोरेंट है। जहां मीनू देखकर मनचाहे ऑर्डर से एंजॉय किया जा सकता है। बगल में बढ़िया स्विमिंग भी पूल है। फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त, एयर कंडीशंड श्मशान घाट में ऑनलाइन बुकिंग कर ऑनलाइन क्रीमीटेशन सेरेमनी की भी व्यवस्था है।

# बेहतर चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर ई-मोबिलिटी के लिए जरूरी

### प्रतिबिंब



जलवायु परिवर्तन का संकट अब हर दिन महसूस किया जा रहा है। बीती अप्रैल, मई, जून में जो भीषण गर्मी पड़ी उसे भूलना कठिन है। उत्तर भारत में सर्दी का महीना है चल रहा है। दिसम्बर का पहला सप्ताह बीतने वाला है लेकिन अभी भी लोग टी-शर्ट पहनकर घूमते हुए मिल जायेंगे। सर्दी के दिन सीमित होते जा रहे हैं और गर्मी अब सिर्फ चार महीना सीमित नहीं रह गयी है बल्कि मार्च से अक्टूबर तक पूरे आठ महीने गर्मी पड़ती है और चार-पांच महीना तो भीषण गर्मी रहती है। ठंडी का आलम यह है कि इसकी अवधि घट रही है। जलवायु परिवर्तन का यह संकट मानव अस्तित्व के लिए दिनोंदिन घातक होता जा रहा है।

इस संकट को टालने का एक ही तरीका है कि इको-फ्रेंडली परिवहन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाये, जीवाश्म ईंधन के बजाय रिन्यूबल एनर्जी की तरफ बढ़ा जाये और हमारी दिनचर्या इस तरह से हो कि प्रकृति और पर्यावरण को किसी भी तरह नुकसान न पहुंचे। सरकार इस दिशा में कोशिश कर भी रही है, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है, सोलर और विंड एनर्जी में भी तेज काम हो रहा है। इससे कॉर्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। लेकिन इस दिशा में संतुलित प्रयास की जरूरत है। सोलर एनर्जी में ठीक-ठाक प्रगति हो रही है, सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहन भी दिखने लगे हैं लेकिन अभी ईवी इन्फ्रा को विकसित करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। चार्जिंग स्टेशन, बैटरी स्वैपिंग स्टेशन आदि की कमी के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोग कम आकर्षित हो रहे हैं। इनका महंगा होना भी इसके विकास में बड़ी बाधा है। शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की तरफ अग्रसर दुनियाभर की सरकारें ईवी30/30 अभियान पर जोर दे रही हैं, जिसका मतलब है कि 2030 तक देश में चलने वाले कम से कम 30 प्रतिशत वाहन, इलेक्ट्रिक हों। अपनी सरकार का इरादा भी यही है। सरकार चाहती है कि 2030 तक देश की सड़कों पर 80 फीसदी दुपहिया, तिपहिया और 70 प्रतिशत सार्वजनिक वाहन बिजली से चलें।

फिलहाल देश में बिजली से चलने वाली गाडियों की हिस्सेदारी बहुत कम है। ऐसे में यह लक्ष्य बहुत दूर लगता है। पिछले पांच वर्षों में ईवी की बिक्री बढ़ी है। सरकारी प्रयासों और जन जागरूकता तथा कतिपय अन्य कारणों से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में कुछ सुधार हुआ है लेकिन अभी भी जिस गति ईवी का विकास होना चाहिए नहीं हो रहा है। चार्जिंग स्टेशन की कमी, बैटरी स्वैपिंग की सुविधा न होने, महंगे होने आदि कारणों से लोग ईवी खरीदने से बच रहे हैं। इसके लिए सरकार को गंभीरता से पहल करनी होगी। आज जिस तरह शहरों में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, तेल आयात की लागत बढ़ रहे हैं और कॉर्बन उत्सर्जन बेकाबू है, उसे देखते हुए ईवी को लेकर सरकार को और अधिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए सरकार को ईवी पर सब्सिडी देने, टैक्स कम करने के साथ फ्री रजिस्ट्रेशन, समेत तमाम सुविधाओं के साथ आक्रामक अभियान चलाये, कंपनियां वाहनों के दाम कुछ नीचे लाएं तो संभव है, इसमें और तेजी आये।

जीवाश्म ईंधन पर्यावरण के लिए, हमारे स्वास्थ्य के लिए और भारत की समृद्धि के लिए ठीक नहीं हैं। वाहनों के ईंधन के लिए देश में कच्चे तेल का आयात जिस तरह बढ़ रहा है, उस दर से 2030 तक यह दोगुना से अधिक 90 बिलियन डॉलर हो जाएगा जबकि बैटरी की लागत पिछले दस सालों में 800 डॉलर प्रति किलोवाट घंटे से घटकर 135 डॉलर प्रति किलोवाट घंटे हो गई है। तो न सिर्फ पर्यावरण और प्रकृति के लिये बल्कि चार्जिंग स्टेशनों की बढ़ोतरी आर्थिक मजबूरी भी है। ग्रांट थॉर्नटन भारत-फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक सड़कों पर आने वाले 2 मिलियन ईवी की चार्जिंग के लिए भारत को लगभग चार लाख चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यकता है। फिलहाल अभी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कुछ हजार ही है। उम्मीद है कि 2027 तक यह एक लाख हो जायेगी। लेकिन अगर 2027 तक अगर 1 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन देश की सड़कों पर होंगे, तब यह संख्या अपर्याप्त होगी। इसलिए ईवी पर सब्सिडी, टैक्स कटौती कर सस्ता करने के साथ ही सरकार को चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग सुविधा पर गंभीरता से फोकस करना चाहिए ताकि सार्वजनिक के साथ ही शहरी परिवहन में अधिक से अधिक ईवी का इस्तेमाल हो। वीओएल.

## आपकी बात

### नियोजित विकास जरूरी

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को शहरों में घर दिया जाता है तो उसका आकार कम से कम 30-40 वर्ग मीटर तो रखा ही जाना चाहिए जिससे कि गरीब आसानी से अपना जीवन यापन इन घरों में कर सकें। कम से कम दो छोटे-छोटे कमरों का घर हरेक व्यक्ति के लिए जरूरी है। पीएम आवास योजना में जो घर बनाये जा रहे हैं उनसे आवास की समस्या हल होने वाली नहीं है।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### विकास में देरी की कीमत

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए इसमें होने वाले विलंब की चर्चा की, दरअसल प्रधानमंत्री जिस परियोजना का लोकार्पण कर रहे थे वह वर्षों पुरानी है। प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो दशकों से लेटलतीफी की शिकार थीं। इसमें सरदार सरोवर परियोजना और हाल ही में लोकार्पित सरयू नहर परियोजना प्रमुख है। यह दोनों परियोजनाएं आधी शताब्दी से अधिक समय पुरानी थीं। जब विकास की योजनाओं में इतना विलंब हो जाता है तो देश को बहुत नुकसान होता है। अगर सरयू नहर परियोजना या फिर सरदार सरोवर परियोजना में चार-पांच दशक विलंब न होता तो इससे अब तक बहुत लाभ मिल चुका होता। इसलिए यह जरूरी है कि परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही उसके कंपलीट होने की तरीख भी तय हो और इसके लिए पर्याप्त बजट के साथ ही परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए सक्षम प्रशासनिक ढांचा भी हो। केन्द्र सरकार बुनियादी विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए इनको समयबद्ध पूरा करने का संकल्प दिखाया है। इसका बेहतर परिणाम यह रहा है कि राजमार्ग, रेलवे, शहरी विकास व ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं बड़ी संख्या में पूरी होकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो गयी हैं। परियोजनाएं पूरी होने की गति बढ़ने के बावजूद भी बहुत देरी होती है।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

# चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर लगेंगी डेकोरेटिव लाइट, रामपथ होगा जगमग



अयोध्या। निर्माणाधीन चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग प्रकाश से जगमगाएगा। योगी सरकार की ओर से इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मार्ग पर करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से भव्य डकोरेटिव लाइटिंग व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से यह परियोजना अयोध्या की आस्था को नया आयाम देने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। 14 कोसी परिक्रमा अयोध्या की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक है।

यह मार्ग लगभग 40-45 किलोमीटर लंबा है, जो सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है और राम भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है लाखों-करोड़ों राम भक्त यहां परिक्रमा करने आते हैं, खासकर कार्तिक मास में। इस समय मार्ग का चौड़ीकरण चल रहा है। फोर लेन सड़क बनाई जा रही है। अब नए मार्ग पर भव्य लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। बल्कि कई जगहों पर लगाई भी जा चुकी है। मीडियन में 1005 और फुटपाथ पर 2010 पोल्स पर डेकोरेटिव लाइट्स लगेंगी। कुल मिलाकर रामपथ व धर्मपथ जैसी व्यवस्था रहेगी लोक निर्माण विभाग खंड 3 के अधिशासी अभियंता सत्य पाल सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पूरी परिक्रमा मार्ग पर आधुनिक और आकर्षक डकोरेटिव लाइट्स लगाई जा रही हैं। ये लाइट्स न केवल मार्ग की शोभा बढ़ाएंगी, बल्कि रात में भी परिक्रमा को सुगम और सुरक्षित बनाएंगी। डिजाइनर लाइटिंग से मार्ग दिव्य अनुभव प्रदान करेगा, जहां हर कदम पर भगवान राम की कृपा का एहसास होगा। यह परियोजना सौंदर्यीकरण के साथ सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। पहले रात में अंधेरे के कारण दुर्घटना या असुविधा की आशंका रहती थी, लेकिन अब एलईडी आधारित ऊर्जा-कुशल लाइट्स, सिस्टम से मार्ग पूरी तरह रोशन रहेगा। इससे श्रद्धालु बिना किसी भय के रात भर परिक्रमा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को वैश्विक स्तर की धार्मिक नगरी बनाने का संकल्प लिया है। राम मंदिर के साथ ही 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण, कुंडों का जीर्णोद्धार, फोर-लेन सड़कें, शौचालय, विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस लाइटिंग प्रोजेक्ट को इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। इससे अयोध्या न केवल धार्मिक केंद्र बनेगी, बल्कि पर्यटन का प्रमुख हब भी बनेगी। श्रद्धालु इस दिव्य प्रकाश व्यवस्था से अभिभूत हैं।

# जन्मदिन पर विधायक ने सीएम योगी से की भेंट



जिला संवाददाता

अयोध्या। श्रीरामनगरी के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा सत्र के दौरान

**● राम नगरी अयोध्या के विकास कार्यों पर हुई चर्चा**

हुई इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री को श्रीरामलला का प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद साझा किया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन की पीठ से विधायक को जन्मदिन की बधाई दी, जिस पर सदन में उपस्थित सदस्यों ने मेज थपथपाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। जन्मदिन के अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों एवं विधायकों को भी श्रीरामलला का प्रसाद खिलाकर आभार जताया। मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान विधायक ने अयोध्या में तेजी से चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामपथ, धर्मपथ, एयरपोर्ट विस्तार, घाटों के सौंदर्यीकरण, यातायात सुधार एवं आधारभूत संरचना से जुड़े अनेक प्रकल्प अंतिम चरण में हैं।

विशेष रूप से शहर में बन रही नई सड़कों और ओवरब्रिज के शीघ्र संचालन प्रारंभ होने से यातायात पूर्णतः सुनियोजित होगा। इससे जाम की समस्या में कमी आएगी और आम नागरिकों के साथ-साथ श्रद्धालुओं व पर्यटकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अयोध्या निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले समय में यह आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री ने भी विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित डी0आर0डी0ए सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता मे किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा की। तथा धान क्रय केन्द्रों पर कृषकों के धान क्रय से सम्बन्धित समस्याओं को सुन सम्बधितो अधिकारियो को समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया। किसानो द्वारा आलू भण्डारण के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही किये जाने की समस्या से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। जिस पर जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि समस्त कोल्ड स्टोर मालिकों को पत्र के माध्यम से किसानो का 80 प्रतिशत आलू भण्डारित किये जाने के बाद ही व्यापारियों का आलू रखे जाने को लेकर निर्देशित किया गया है। बैठक मे कृषकों द्वारा पशुओं के टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी लेने पर प्रभारी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण का अभियान प्रत्येक वर्ष में दो बार पशुओं का सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है। बैठक मे किसान विक्रान्त सैनी, राम सुरेश तिवारी, सनत कुमार, लालजी यादव, रामचन्द्र, मायाराम यादव, अपर जिलाधिकारी, न्यायिक, प्रभारी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत, मण्डी सचिव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर को लेकर सियासी घमासान तेज

अयोध्या। जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सांसद अवधेश प्रसाद ने घोषणा की है कि वह 24 फरवरी को मिल्कीपुर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को शाने अवध सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा का एजेंट बनकर काम करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोग के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही है और तंज कसते हुए कहा कि यदि यही रवैया रहा तो चुनाव आयोग अपने कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगा ले।

अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर पीडीए वर्ग के मतदाताओं के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में वोट की ह्लडकैतीह्व होने का भी दावा किया और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया।

उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर मुद्दे पर अखिलेश यादव और राहुल गांधी की चुनाव आयोग से मुलाकात न होना चिंताजनक है। उनके अनुसार, विपक्ष की बात सुनने से आयोग का इंकार लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।

अपने बयान में उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त मतदान अधिकारों का हवाला देते हुए कहा कि वोट का अधिकार संविधान की आत्मा है और किसी भी वर्ग के मताधिकार में कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं, मोहन भागवत के एक बयान पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने टिप्पणी से इंकार करते हुए उसे उनकी निजी विचारधारा बताया।

# समय के अनुरूप संगठन को गतिशील बनाना आवश्यक




अयोध्या। संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्विति को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के मंडलों में 7 मार्च से 14 अप्रैल तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 में कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसकी रूपरेखा तय करने के लिए पार्टी कार्यालय सहादतगंज सभागार में जिला पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की संरचना, विषय-वस्तु और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया।

जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि समय के अनुरूप संगठन को गतिशील और परिणामोन्मुख बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया है। कार्यशालाओं के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की नीति, सिद्धांत और सरकार की उपलब्धियों की सम्यक जानकारी दी जाएगी, ताकि वे समाज के बीच तथ्यों के साथ संवाद स्थापित कर सकें।

उन्होंने कहा कि सशक्त बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है और यह प्रशिक्षण उसी दिशा में निर्णायक कदम है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि संगठन पर्व की प्रक्रिया के अंतर्गत सदस्यता और दायित्व निर्धारण के बाद अब प्रशिक्षण चरण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रत्येक मंडल में सात विषय आधारित सत्र आयोजित होंगे, जिनमें संगठन की कार्यसंस्कृति, विस्तार योजना, डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग, सेवा गतिविधियां तथा आगामी चुनावी और सामाजिक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर तक वैचारिक स्पष्टता और कार्यकुशलता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रवासी कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी इन कार्यशालाओं में सक्रिय सहभागिता करेंगे, जिससे जिले में संगठन को नई गति और दिशा मिल सके। मौके पर अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, मनोज वर्मा सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एआरटीओ कार्यालय पर लगा जनता दरबार, आर आई ने सुनी समस्याएं



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण कराए जाने को लेकर उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। एआरटीओ कार्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव ने आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। तथा त्वरित निस्तारण कराये जाने को लेकर संबंधितों को दिशा निर्देश दिये। आर0आई श्री यादव ने जनता दरबार में आए हुए 4 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करवाया। तो वही एक फरियादी द्वारा आनलाइन लाइसेंस आवेदन प्रक्रिया में आ रही समस्या को प्रस्तुत किया गया। जिस पर आर0आई श्री यादव ने समस्या का सुन त्वरित समाधान करवाया।

# कांग्रेस सांसद ने रफी अहमद किदवाई की जंयती पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

बाराबंकी। रफी अहमद किदवाई निर्भीक व्यक्तित्व तथा भारतीय राजनीति की उदयमान सितारे थे। जवाहर लाल नेहरू योजना बनाते और रफी अहमद किदवाई से कार्यान्वित करते थे। उनमे संगठन के गठन की पूर्ण क्षमता थी। उत्तर



प्रदेश के राजस्व मंत्री रहते हुये उन्होने जमीदारी उन्मूलन का प्रस्ताव विधानसभा में स्वीकृत कराया। भारत सरकार के खाद्यान, कृषि, संचार और नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में रफी अहमद किदवाई कई क्रान्ति कार्य करके काफी व्यख्यात अर्जित कर ली। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर स्वतन्त्रता सेनानी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री रफी अहमद किदवाई की जंयती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये कही। काग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि रफी अहमद किदवाई बाराबंकी की सरजमी पर मसौली ग्राम के सम्पन्न जमीदार उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों के परिवार में जन्में। वो रहस्यमयी व्यक्तित्व के साथ-साथ निर्भीक स्वभाव के राजनीतिज्ञ थे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, इरफान कुरैशी, के0सी0 श्रीवास्तव, विजयपाल गौतम, अजय रावत, सुरेश बैसवार, कमला भल्ला, सरोज रावत, मोनू सिंह, शिव नारायन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# होली पर सक्रिय शराब तस्करों पर आबकारी विभाग की पैनी नजर



बाराबंकी। रंगो के पर्व होली पर अवैध शराब की बिक्री कर सक्रिय शराब तस्करों के खिलाफ शासन के सख्त निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षकों द्वारा अपने अपने सर्किलों में अभियान चलाकर भारी मात्रा में

**● 17 संदिग्ध ग्रामो में दी दंबिश, 45 लीटर कच्ची शराब बरामद**

कच्ची शराब को बरामद किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षको द्वारा अपने अपने सर्किलो में अभियान को गति देना शुरू भी कर दिया गया है। अभियान की जानकारी देते हुये जिला आबकारी अधिकारी श्री दिनकर ने बताया कि आबकारी निरीक्षक सर्किल सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान की टीम ने थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम सिखलिख पुरवा, सरायन नेतामऊ, सुर्रा, रेवढा सहित 17 संदिग्ध ग्रामो में दंबिश देकर लगभग 45 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। इसके साथ ही मौके पर 80 किग्रा तैयार लहन को नष्ट भी किया गया। टीम ने 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये 1 अभियुक्त को जेल भी भेजा। साथ ही क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली समस्त सरकारी देशी व कम्पोजिट दुकानो का निरीक्षण भी किया। चेकिंग करने वाली टीम में प्रधान आबकारी सिपाही ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, आबकारी सिपाही संजय कुमार सिंह, जावेद अख्तर, महिला सिपाही सीमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेगा विधिक शिविर की सफलता के लिए जनपद न्यायाधीश ने की समीक्षा बैठक




बाराबंकी। आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाली मेगा वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश श्रीमती

**● लघु शिविर मेगा शिविर की सफलता की आधारशिला है: प्रतिमा श्रीवास्तव**

श्रीवास्तव ने कहा कि यह लघु शिविर मेगा शिविर की सफलता की आधारशिला है। इसलिए मेगा शिविर के आयोजन के पूर्व नियमित रूप से लघु शिविरों का आयोजन किया जाना आवश्यक है। सभी विभाग की कल्याणकारी व निःशुल्क योजनाओं का लाभ सामान्य जनता को उपलब्ध करायें जिससे इस शिविर की उपयोगित सिद्ध हो सके। आज के समीक्षा बैठक में सभी विभागों को मेगा शिविर में चिन्हित व पंजीकृत लाभार्थियों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। अपर जनपद न्यायाधीश व नोड़ल अधिकारी मेगा कैम्प श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने यातायात, सुरक्षा एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिस विभाग, निःशुल्क रक्तदान शिविर, ब्लड ग्रुप, नाक, आंख परीक्षण, निःशुल्क दवाएं, स्वास्थ्य किट, एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी एवं पानी, साफ सफाई इत्यादि के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ला को दिशा निर्देश दिये। सिविल जज सी0डि0 व सचिव पूर्णकालिक शिवानी रावत ने कहा कि पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र निरन्तर मेगा कैम्प का प्रचार प्रसार अलग अलग क्षेत्रों में कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह प्रयास है कि कानूनी सेवाएं का लाभ आखिरी छोर तक पहुंचे और आम नागरिकों को न्याय एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ उसका लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, राकेश सिंह समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसपी ने दो परिवारों को टूटने से बचाया





बहराइच। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# एसआईआर की समीक्षा के लिए एसडीएम नानपारा ने की बैठक



बहराइच। तहसील सभागार नानपारा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं आयोग द्वारा 12 नवनियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस जारी करने, जारी की गई नोटिसों को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड करने तथा प्राप्त होने वाले फार्मों की जांच कर पोर्टल पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों को पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से एस.आईआर. की विभिन्न प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ साथ मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत करने वाले अभिलेखों के बारे में भी बताया गया।

प्रशिक्षण सत्र के उपरान्त श्रीमती जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वार अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि आयोग की मंशानुरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम त्रुटि रहित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

# बोर्ड परीक्षा के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण




जिला संवाददाता

बहराइच 18 फरवरी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आहवान किया।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निदेर्शानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने बताया कि सभी 122 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम सघन निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदाताओं को भेजी गई नोटिस

सोहावल-अयोध्या। 6 मार्च तक बढ़ाये गये एस आई आर कार्यक्रम के तहत बीकापुर विधानसभा में 82 हजार से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजी गई है। जिन्हें अपने साक्ष्य के रूप में प्रमाण पत्रों के साथ संबंधित अधिकारियों को नोटिस का जवाब देना है। जवाब न देने वाले मतदाताओं को मतदाता सूची से अलग मान लिया जायेगा।

इसे लेकर तीन दिन पहले राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की हुई बैठक के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसकी पुष्टि करते हुए समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद कहते हैं कि निर्वाचन विभाग का काम बहुत ढीला है। पिछले 9 फरवरी तक 13158 मतदाताओं का नाम बढ़ाने के लिए प्रारूप छः भरा गया है। नाम काटे जाने वाले मतदाताओं की संख्या 431 सामने आई है। इस अवधि तक 4280 मतदाताओं ने अपने संशोधन के फार्म 8 भरे हैं। विधानसभा में किए गए प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जांच पड़ताल के बाद लगभग 64 हजार मतदाताओं के नाम काटे जाने की बात सामने आई थी।

# एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

संक्षेप

## बुजुर्गों की विरासत को संजोने का लिया संकल्प



रायबरेली। सरेनी विकाश क्षेत्र के रावतपुर कला के अधिकारी परिवार ने देवाधिदेव महादेव की उपासना पर्व शिवरात्रि के पावन अवसर पर स्व.श्री रघुनाथ सिंह की प्रेरणा से उनके सभी स्व. भाइयों की पुण्य स्मृति में पारिवारिक विरासत के रूप में स्थित भगवान भोलेनाथ के पुराऐतिहासिक मंदिर को समस्त परिवारी जनों के सहयोग से दिव्य एवं भव्य रूप प्रदान करते हुए नये कलेवर में ढाला गया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में ही श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ संगीतमय रूप में किया गया, तत्पश्चात भगवान भोलेनाथ के प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर समस्त परिवारीजन विशेष रूप से नरेन्द्र सिंह फौजी (महासचिव जनसत्ता दल सैनिक प्रकोष्ठ) लाखन सिंह पूर्व प्रधान, धीरेन्द्र सिंह फौजी, संतोष सिंह मास्टर, डॉ उदयभान सिंह लक्कड़, प्रहलाद सिंह, अशोक सिंह, पवन कुमार सिंह फौजी, प्रशांत सिंह, अतुल सिंह, संतबख्श सिंह, अलोक सिंह, देवेंद्र सिंह अंजुमन फौजी, संदीप सिंह प्रवक्ता केंद्रीय विद्यालय रायबरेली, उत्कर्ष सिंह बीरु फौजी, हिमांचल सिंह, सज्जन सिंह, राजू सिंह, राजन सिंह, सोनू सिंह शिवेंद्र, गौरव सिंह हेमराज सिंह, अनुराग सिंह तथा ग्राम के समस्त व क्षेत्र के अनेकों गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग किया व प्रसाद ग्रहण किया।

## यातायात नियमों का पालन करें : एआरटीओ

गौरीगंज, अमेठी। ? राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग को सौपे गये दायित्वों के क्रम में जनपद के ग्राम प्रधानों के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों जानकारी हेतु कायाशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में कैशलेस उपचार योजना, सोलैशियम स्कीम, राहवीर योजना के साथ ही अनधिकृत पार्किंग, नो हेलमेट नो फ्यूल के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# परिवहन कर में बड़ा सुधार

## अब वाहनों पर वन टाइम टैक्स की सुविधा शुरू

रायबरेली। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविंद कुमार ने बताया है कि प्रदेश सरकार ने परिवहन यानों पर कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एक मुश्त कर की व्यवस्था लागू कर दी है। नई व्यवस्था वाहन मालिकों को बार-बार टैक्स भरने की झंझट से मुक्ति दिलाएगी और विभागीय राजस्व संग्रह को भी मजबूत बनाएगी। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर यह सुविधा वाहन पोर्टल पर तकनीकी रूप से लाइव हो चुकी है। उन्होंने बताया है कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार विभिन्न श्रेणी के परिवहन यानों पर एकमुश्त कर की दरें निर्धारित की गई है, जिसमें भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाली दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन मूल्य का 12.5:, तिपहिया मोटर कैब वाहन मूल्य का 7:, 10 लाख रुपए तक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) और मैक्सी कैब वाहन मूल्य का 10.5:, 10 लाख रुपए से अधिक के मोटर कैब और मोटर कैब वाहन मूल्य का 12.5:, सनिर्माण उपस्करध्विशेष प्रयोजन यान, जेसीबी, बुलडोजर आदि वाहन मूल्य का 6:, माल वाहन (3000 किलो तक सकल भार वाले, जैसे पिकअप) वाहन मूल्य का 3:, माल वाहन (3000 से 7500 किलो तक सकल भार वाले, जैसे मिनी ट्रक) वाहन मूल्य का 6:, पुराने वाहनों के लिए विशेष छूट पहले से रजिस्टर्ड वाहनों पर एकमुश्त कर की गणना करते समय प्रत्येक बीते वर्ष के लिए 8: की छूट दी जाएगी। हालांकि यह कुल छूट 75: से अधिक नहीं होगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए जनपद में उप संभागीय परिवहन कार्यालय, हरदासपुर, रायबरेली परिसर में 20 फरवरी और 21 फरवरी 2026 को प्रातः 10रू00 बजे से सायं 05रू00 बजे तक परिवहन मेला लगाया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों में पहुंचकर नई एकमुश्त कर योजना की पूरी जानकारी लें और इसका लाभ उठाएं।

## बीआरसी बछरावां में मनाया गया हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव

बछरावां रायबरेली। ब्लॉक संसाधन केंद्र बछरावां में आज ह्यह्यहमारा आंगन, हमारे बच्चेह्यह्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन हुई। इस मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण नारायण चैधरी और आदरणीया खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। इस कार्यक्रम के सम्मानित मंच और उपस्थित अभिभावकों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तदोपरांत विभिन्न संकुलों से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आये बाल वाटिकाध्आंगन बाड़ी के बच्चों ने गीत, कहानी, खेल और गतिविधियों द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी वक्ताओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ और बेहतर प्रयास किए जाने पर बल दिया। मुख्य अतिथि महोदय और खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया ने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। नन्हें -मुन्नों में अंतर्निहित दक्षताओं और प्रतिभा की परख कर उन्हें परिष्कृत और परिमार्जित करने पर बल दिया। सभी संकुलों के आये बच्चों को ट्राफी और पालीबैग में स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। जलपान के रूप में लंच पैकेटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक, शिक्षक गण, आंगन बाड़ी कार्यकत्री और बच्चे उपस्थित रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व किये जा रहे कार्यो की गहन समीक्षा कर अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (प्रथम), लेखाकार, डी0एल0आर0सी0, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सेवा निवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय निर्देशित किया कि किस पटल में क्या कार्य किया जाता है उसको प्रॉपर डिस्प्ले किया जायें। प्रतिदिन लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उसको फॉलोअप किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एसडीएम अहमद फरीद खान, सचिन यादव, विवेक राजपूत, सारा अशरफ सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

## मवैया रहमतगढ़ में विकास कार्यों पर सवाल, बीडीओ से की गयीं शिकायतें

बाजार शुकुल अमेठी। ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ़ में कराए गए श्मशान घाट, कचरा घर, इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कार्यों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शिकायतकर्ता दीपक पाठक ने क्षेत्र पंचायत सदस्य राम सिंह यादव और अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक सहित अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर इन कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं दिखती। इंटरलॉकिंग सड़क के धंसने, नालियों में जल निकासी की समस्या और कुछ आवासों के चयन व निर्माण प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। उनका दावा है कि इस संबंध में शुकुल बाजार के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक विस्तृत जांच या सार्वजनिक जवाब सामने नहीं आया है। प्रधान प्रतिनिधि जगदीश पाल के कार्यकाल में हुए इन कार्यों को लेकर रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग तेज हुई है। शिकायतकताओं ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत स्वीकृत धनराशि, भुगतान विवरण, कार्यदायी संस्था, माप पुस्तिका (एमबी), तकनीकी स्वीकृति और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची की प्रतियां मांगी हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दस्तावेज मिलने के बाद कागजी दावों और जमीनी स्थिति की तुलना की जाएगी। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। हालांकि, इस पूरे मामले में प्रधान प्रतिनिधि या संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अब सभी की नजरें आरटीआई के जवाब और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## फार्म 7 का दुरुपयोग कर सपा का वोट कटवाने में लगी है बीजेपी : जयसिंह

अमेठी। तहसील के अंतर्गत संग्रामपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कनू बूथ संख्या 74,75 में सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि भाजपा सपा के मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से काटकर बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए ऐसा गंदा कृत्य कर लोकतंत्र की हत्या पर उतारू है. लेकिन हम लोग उनको उनके मनसूबे में कामयाब नहीं होने देंगे सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत कनू के बूथ संख्या- 74,75 पर इछड रेखा देवी व सोनकुमारी को अंजान व्यक्ति ने आकर बोला मै भाजपा की तरफ से आया हूं और फार्म पर साइन करवाकर रिसीविंग लेकर चले गए, जब इछड ने गांव में जांच के लिए पहुंची और बताया कि मतदाताओं का नाम काटने के लिए फार्म 7 भरकर दिया गया है इस खबर को सुनकर गांव के मतदाताओं में हड़कंप मच गया, इछड गांव में पहुंचे तो जानकारी होते ही सपा इछअ रमाशंकर ने हमें टेलीफोन पर जानकारी दी तो मै मौके पर पहुंचा और इछड के साथ सभी का वोटर लिस्ट से मिलान किया गया तो पता चला कि जिसका- जिसका नाम काटने के लिए फार्म 7 दिया गया है वो यही रहते हैं सबने अपना रक्फ़करवाया है सबका वोटरलिस्ट में नाम है. यह सारे फार्म अवैध पाए गए, सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव सहित गांव के मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग से मांग कि है कि ऐसे फर्जी तरीके से नाम कटवाने के लिए फार्म देने वालों को चिन्हित कर उनके ऊपर कार्रवाई की जाय, घटना की जानकारी फोन पर जिलाधिकारी कार्यालय अमेठी में दर्ज कराई गई। इस मौके पर रमाशंकर यादव मुस्तफीक, भल्लू, फारूक, नसीम, आइसा, सलमा नजीर, जैनब, हुकूमत, सलमान, साजिद, रिजवाना तमन्ना, आलम व इछड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक शिव प्रताप यादव निलंबित

अमेठी। जनपद के विकास खण्ड अमेठी अंतर्गत ग्राम सभा गंगोली स्थित जूनियर उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शिव प्रताप यादव को बेसिक शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी द्वारा जारी आदेश 16 फरवरी के तहत की गई। बताया जा रहा है कि शिक्षक के विरुद्ध पूर्व में की गई शिकायत की जांच कराई गई थी। जांच में सोशल मीडिया पर राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित पोस्ट एवं आचरण को सेवा नियमावली के विपरीत माना गया। आरोपों के आधार पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार निलंबित शिक्षक ग्राम सभा गांगुली के जूनियर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों से अपेक्षित आचरण एवं नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है।

# डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 09 जोन व 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 107 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनलध्सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया।

निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार मौजूद रहे।

## एम्स में कॉक्लियर इम्प्लांट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायबरेली। एम्स, के ईएनटी (कान, नाक एवं गला) विभाग द्वारा मूक एवं बधिर बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट संबंधी एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंभीर श्रवण हानि से पीड़ित बच्चों में समय रहते पहचान और उपचार के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि जिन बच्चों को सामान्य हियरिंग एड से लाभ नहीं मिलता, उनके लिए कॉक्लियर इम्प्लांट एक प्रभावी विकल्प हो सकता है। यह एक विशेष शल्य प्रक्रिया है, जिसमें आंतरिक कान के क्षतिग्रस्त भाग को बाईपास कर श्रवण तंत्रिका को सीधे उत्तेजित किया जाता है, जिससे बच्चे ध्वनि को पहचानने लगते हैं और उनकी वाणी एवं भाषा विकास में सुधार होता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नन्या सोनी ने अपने संबोधन में कहा, ह्यह्यश्रवण हानि की शीघ्र पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते उपचार किया जाए।

## अनुपस्थित कर्मियों का कटेगा वेतन : सीएमओ

अमेठी। जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को अच्छा बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं, इसके बावजूद भी कुछ चिकित्सक वा कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं बुधवार को करीब 11 बजे जनपद के सी एच सी तिलोई का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां डॉक्टर पंकज गुप्ता 15 दिन से अनुपस्थित चल रहे है विनीता वार्ड आया बुधवार को अनुपस्थित मिली प्रदीप कुमार चौकीदार दो दिन से अनुपस्थित है डॉक्टर सबीहा दो दिन से डॉक्टर अरविंद कुमार आज अनुपस्थित ये दोनों संविदा चिकित्सक दो दिन से अनुपस्थित इन सभी का बेतन कटेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि अनुपस्थित कर्मियों का वेतन काटा जाएगा उन्होंने कहा कि लापरवाह कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई होगी लिहाजा सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन करें। जानकारी के लिए बता दें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लगातार स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं आकस्मिक चेकिंग के साथ दवा वितरण मरीजों की देखभाल आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जानने के लिए जनपद के तिलोई जायस बहादुरपुर गौरीगंज सहित अलग-अलग प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केदो का निरीक्षण किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण महा अभियान के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना और संगठन को मजबूत करना है। यह अभियान 7 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा और इसमें बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

इस अभियान के तहत, पार्टी कार्यकताओं को संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की नीतियों और जनसेवा के मूल मंत्र से जोड़ा जा रहा है। जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने कहा कि जो सीखता है वही आगे बढ़ता है, और जिस दिन सीखना बंद होगा, उसी दिन आपका विकास भी रुक जाएगा।

प्रशिक्षण महा अभियान के जिला संयोजक देवेंद्र सिंह और सहसंयोजक शरद सिंह ने प्रशिक्षण महाभियान को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। महा अभियान की महत्वपूर्ण बैठक में मंडल वाइज प्रशिक्षण कार्यशाला तय किए गए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा नेता जेपी सिंह, प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, बृजेश दत्त गौड़, शिवेंद्र सिंह, रामदेव पाल, राधेश्याम पाल, वीरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, प्रोफेसर अविनाश सिंह, रवीन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, विजय सिंह टप्पू, भगवत किशोर, निखिल पांडे, अनुज मौर्य, मनोज अवस्थी, नीरज पांडे, दल बहादुर सिंह, किरन सिंह, रंजना चैधरी, सुबोध वाजपेई, गोविंद सविता, प्रियंका, नंद कुमार सिंह, राम सुमेर लोधी, प्रदीप लोधी, सुनील सिंह सहारा, शिवराम सिंह, राजेश निर्मल, शीतला सविता, विजयपाल आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लापरवाही और अनुशासनहीनता पर शिक्षक निलंबित

सुलतानपुर (वीओएल)। खंड शिक्षा अधिकारी कादीपुर की आख्या पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि डीबीटी योजना में 59 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 34 बच्चों को ही लाभ दिया गया और निरीक्षण के दौरान केवल 16 बच्चे ड्रेस में पाए गए। इसके अतिरिक्त विद्यालय में रंगाई-पुताई न होना, एमडीएम पंजिका को नियमित रूप से अपडेट न करना, वित्तीय अनियमितता, शौचालयों का क्रियाशील न होना तथा रनिंग वाटर की सुविधा का अभाव भी जांच में सामने आया। जांच में यह भी पाया गया कि शिक्षक द्वारा उच्चाधिकारियों को गुमराह किया गया तथा पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता, निरंकुशता और अनुशासनहीनता बरती गई। बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से नरेंद्र कुमार पांडेय को कर्मचारी आचरण नियमावली के प्रावधानों के तहत निलंबित करते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र लंभुआ से संबद्ध कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ को प्रकरण की जांच का अधिकारी नामित किया गया है। **पहले भी हो चुका है निलंबन**

सुलतानपुर। बताया जा रहा है कि संबंधित शिक्षक पूर्व में भी अनुचित व्यवहार, निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने, बीएसए कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी से अभद्रता एवं गाली-गलौच के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। उच्चाधिकारियों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने तथा पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीन रवैये के कारण भी उनके खिलाफ पूर्व में कार्रवाई हो चुकी है।

## अटल पर्यावरण पार्क में अटल द्वार का लोकार्पण



सुलतानपुर (वीओएल)। नगर क्षेत्र के सीताकुण्ड वार्ड स्थित अटल पर्यावरण पार्क के मुख्य मार्ग पर बने जीर्ण-शीर्ण प्रवेश द्वार का नगर पालिका द्वारा जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराए जाने के बाद बुधवार, 18 फरवरी को विधि-विधान पूर्वक लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने पूजन-अर्चन कर द्वार का उद्घाटन किया। पालिकाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि नगर का एकमात्र वृहद एवं पूर्ण विकसित आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क अटल पर्यावरण पार्क है। इस पार्क के मार्ग पर स्थित पुराना गेट अत्यंत जर्जर अवस्था में था। स्थानीय लोगों एवं सभासद अरुण कुमार तिवारी द्वारा लंबे समय से इसके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। नगर पालिका द्वारा इस गेट का राजस्थान के धौलपुर के लाल पत्थर से सौन्दर्यीकरण कर पुनर्निर्माण कराया गया है तथा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में इसका नाम अटल द्वार रखा गया है। अब यह द्वार इसी नाम से जाना जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने यह भी बताया कि शासन स्तर से अनुमति प्राप्त कर अटल पर्यावरण पार्क में अटल जी की भव्य आदमकद प्रतिमा शीघ्र ही स्थापित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अटल पथ, अटल द्वार और अटल पर्यावरण पार्क जैसे नामकरण भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने पालिका द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी न केवल देश बल्कि विश्व के सर्वमान्य आदर्शवादी नेता थे। उनके नाम पर द्वार और पार्क का नामकरण तथा प्रतिमा स्थापना समर्पण भाव का प्रतीक है। सभा को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी एवं डॉ. सीता शरण त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन सभासद अरुण कुमार तिवारी ने किया तथा मंच संचालन सभासद प्रवीण मिश्र ने किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, पालिका के सभासदगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रेम और सौहार्द से मनेगी होली व ईद

## होली की तैयारी को लेकर नगर पालिका में हुई बैठक बनी रणनीति

सुलतानपुर (वीओएल)। होली के पर्व को शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका परिषद सुलतानपुर ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर साफ-सफाई, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं को समय से पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए।



पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर में चिन्हित सभी होलिकादहन स्थलों पर समय रहते व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। होली के दिन निर्बाध पेयजल आपूर्ति प्राथमिकता रहेगी। मांग के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जलकल विभाग के अनुसार नगर के लगभग 50 स्थानों पर पानी के टैंकर लगाए जाएंगे, ताकि किसी भी क्षेत्र में जल संकट न हो। सफाई विभाग को निर्देशित किया गया है कि होली के दिन सुबह सात बजे तक नगर में कूड़ा उठान और सफाई कार्य हर हाल में पूर्ण करा लिया जाए। मार्ग प्रकाश व्यवस्था, नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने नगरवासियों से अपील की कि होली और ईद का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने बताया कि दोनों पर्वों को लेकर पालिका ने व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली है और किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका प्रांगण में होली मिलन समारोह एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अधिशासी अधिकारी, सभासदगण, अभियंता, राजस्व, जलकल, सफाई और मार्ग प्रकाश से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरौंसा चौराहे पर इंतजार को मजबूर छात्राएं व यात्री

## बस स्टैंड का अभाव

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम बरौंसा चौराहे पर आज तक बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका है। इसके चलते कॉलेज जाने वाली छात्राओं, नौकरी-पेशा लोगों और जिला मुख्यालय जाने वाले राहगीरों को सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। इससे उन्हें रोजाना असुविधा के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

बरौंसा चैराहा जयसिंहपुर क्षेत्र का प्रमुख यातायात केंद्र माना जाता है। यहां से प्रतिदिन हजारों लोग सुलतानपुर, कादीपुर, आजमगढ़, पांडे बाबा समेत अन्य प्रमुख स्थानों के लिए आवागमन करते हैं। इसके बावजूद यहां यात्रियों के बैठने, छाया या बसों के ठहराव के लिए कोई निर्धारित स्थान नहीं है। ऐसे में यात्रियों को धूप, बारिश और ठंड के बीच खुले में खड़े रहकर



बसों का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि बस स्टैंड निर्माण की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। सबसे ज्यादा परेशानी छात्राओं और महिलाओं को होती है, जिन्हें सड़क किनारे खड़े रहना पड़ता है। कई बार भीड़ अधिक होने से यातायात भी प्रभावित होता है और हादसे की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि यदि यहां बस स्टैंड का निर्माण हो जाए तो यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारु हो जाएगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द बस स्टैंड बनवाने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरौंसा जैसे महत्वपूर्ण चैराहे पर बस स्टैंड का न होना क्षेत्रीय विकास की अनदेखी को दशार्ता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस जनसमस्या पर कब ध्यान देते हैं।

## मन पर नियंत्रण ही जीवन की सबसे बड़ी विजय है : सद्गुरू निलेश सिंगबाल

सुलतानपुर (वीओएल)। बढ़ती प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और भविष्य की अनिश्चितता के बीच तनाव आज समाज की बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इसी गंभीर विषय को केंद्र में रखते हुए सनातन संस्था द्वारा सुलतानपुर में तनाव नियंत्रण एवं सकारात्मक जीवनशैली पर आधारित विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सद्गुरु निलेश सिंगबाळ ने तनावमुक्त जीवन के लिए साधना और स्वभावदोष निर्मूलन को अनिवार्य बताया। सद्गुरु निलेश सिंगबाळ ने कहा कि तनाव का मूल कारण बाहरी परिस्थितियां नहीं, बल्कि मन की अस्थिरता होती है। जब मन पर नियंत्रण नहीं रहता, तो उसका प्रभाव शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि साधना के माध्यम से मन को सशक्त बनाकर कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आनंदमय जीवन जिया जा सकता है। यह कार्यक्रम लाला कल्लूमल सेठ द्वारा स्थापित राधा-कृष्ण मंदिर एवं रामराजी सरस्वती बालिका विद्यामंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में अधिवक्ता, शिक्षक आदि उपस्थित है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं शुरू

जिला संवाददाता



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ हो गई। परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। पहले दिन प्रातः 7:30 बजे से प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि दोपहर 2 बजे से द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई।

छात्र छात्राओं ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुसार द्वितीय पाली में इंटर के हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा 119 केन्द्रों पर संपादित कराई गई, जिसमें 35,240 विद्यार्थी पंजीकृत थे तथा उसके सापेक्ष 32,748 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं 2492 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे किसी भी केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग की सूचना नहीं प्राप्त हुई तथा परीक्षा नकल विहीन एवं सकुशल संपादित हुई। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने वाले सभी परीक्षार्थियों की गेट पर सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही। अधिकारियों द्वारा लगातार

निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। एसडीएम गोवर्धन प्रज्ञाता त्रिपाठी का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में शुरू हुई और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था इसी प्रकार सख्त बनी रहेगी।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार



**मथुरा।** राज्य कर विभाग और थाना जमुनापार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कूट रचित फर्जी प्रपत्रों के आधार पर फर्म बनाकर बिना वास्तविक माल की आपूर्ति किए बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करने वाले गिरोह का पर्दाफश किया गया है। टीम ने इस संगठित आर्थिक अपराध में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में बैंकिंग व पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अभियुक्तों द्वारा भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही थी। राज्यकर अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 17 फरवरी 2026 को रावल गेट, दाऊजी रोड क्षेत्र से चारों अभियुक्तों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नागेश पुत्र त्रिवेश (46 वर्ष), करन पुत्र महेश (30 वर्ष), देव पुत्र अनिल (26 वर्ष) और प्रशांत पुत्र जगदीश (20 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोप है कि ये लोग फर्जी फर्मों के नाम पर कागजी लेन-देन दिखाकर बोगस का लाभ उठाते थे और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 68 चेकबुक, 41 एटीएम कार्ड, 7 पैन कार्ड, 4 आधार कार्ड, 8 मोबाइल फोन, 3 सिम कार्ड, 3 रेंट एग्रीमेंट, 14 चाबियों का गुच्छा तथा विभिन्न फर्मों से संबंधित 8 मुहरें बरामद की गई हैं। थाना जमुनापार में इनके विरुद्ध मुकदमा संख्या 61/26 धारा 318(4), 338, 336(3), 340 (2) बीएनएस के तहत पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार गिरोह से जुड़े नेटवर्क और राजस्व क्षति के आंकलन के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला आयोजित




**फिरोजाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत बुधवार को प्रशिक्षण अभियान की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 2 सत्रों में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल रहे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि संगठन से व्यक्ति निर्माण, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण प्रशिक्षण से कार्यकर्ता निर्माण किया जाता है। संगठन व्यक्ति से बड़ा होता है। संगठन सत्ता से ऊपर है। संगठन में हमे व्यक्ति निर्माण का कार्य करते-करते राष्ट्र निर्माण करना है। व्यक्ति से बड़ी पार्टी होती है व पार्टी से बड़ा राष्ट्र होता है। भारतीय जनता पार्टी कर्म प्रधान पार्टी है। नेता प्रधान नहीं बल्कि नीति प्रधान पार्टी है। कार्यशाला के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आगामी 15 मार्च से 13 अप्रैल तक जिला व मंडलों पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने है। प्रशिक्षण शिविर का स्थान प्रत्येक मंडल के केंद्र पर हो जिससे सभी कार्यकताओं को आने की सुगमता रहे। मौसम को देखकर प्रशिक्षण स्थल का चुनाव करना है। जिला स्तर का प्रशिक्षण दो दिवसीय रहेगा व मंडल स्तर का प्रशिक्षण एक दिवसीय रहेगा। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा सत्यपाल राजपूत पूर्व जिला संयोजक वृंदावन गुप्ता महेश राजपूत पूर्व विधायक शिव सिंह चक जिला महामंत्री शशिकला दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर जिला मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह शिव शंकर शर्मा, राघवेंद्र सिंह सुरेंद्र सावन झा योगेंद्र सिंह चौहान, आकाश शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन जैन अवनीश गुप्ता दिनेश गुप्ता, देवेंद्र बेनीवाल पूरन सिंह बीडीसी, विनोद पाल सिंह बिन्नू ब्रजवीर सिंह अजीत जुरैल वीरू धाकरे ज्योति गुप्ता राजवीर सिंह पंकज राजपूत, यशपाल यादव, अतुल शुक्ला शीलू सविता देश दीपक चौहान रामप्रकाश अमलेश राजपूत, आदि लोग कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# 1003 नवजात कन्याओं के नाम से 25 - 25 हजार की एफ डी की गयी



**फिरोजाबाद ।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की विशेष पहल पर भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अधिसूचित मातृत्व बालिका मदद योजना के तहत जनपद की 1003 नवजात कन्याओं के नाम से पंजाब नेशनल बैंक में अधिकतम ब्याज दर पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफ0डी0) के रूप में 25 - 25 हजार रुपए की धनराशि जमा कराई गई है। जो कन्या के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत उसे प्राप्त होगी। इस राशि का उपयोग अधिकतम बालिका अपनी उच्च शिक्षा स्वयं के व्यवसाय तथा स्वावलंबन हेतु कर सकेगी। योजना के अंतर्गत धनराशि सीधे श्रमिकों के खातों में प्रेषित की गई है। जिससे, पारदर्शिता एवं त्वरित भुगतान सुनिश्चित हुआ है।विदित है कि इस योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों के प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत श्रमिक परिवारों में कन्या जन्म को प्रोत्साहित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा रही है, जनपद फिरोजाबाद में इस समय 3.21 लाख निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। आलोच्च वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1837 निर्माण श्रमिकों को इस योजना का लाभ दिया गया है। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है कि इस योजना से संबंधित आवेदनों का निस्तारण तत्काल किया जाए तथा श्रमिकों को देय भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।

# भाभी की हत्या करने वाले देवर सहित चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**मथुरा।** नौहझील के गांव कटेलिया बाघई में 15 फरवरी की सुबह आरी की ब्लेड से भाभी की गर्दन काटकर हत्या करने और बेटे के साथ मिलकर सुबूत छिपाने के मामले में पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है।हत्या के मामले देवर और साक्ष्य छिपाने में पति, सास और ससुर को जेल भेजा गया है। नौहझील के गांव कटेलिया बाघई में ज्वाला प्रसाद अपनी पत्नी अंगूरी देवी, बेटे प्रमोद, उसकी पत्नी करिश्मा और छोटे बेटे दीपक के साथ रहते थे। प्रमोद की शादी करीब तीन माह पूर्व आगरा में एक सामूहिक सम्मेलन से आगरा के नंदलालपुर खंदौली निवासी करिश्मा से हुई थी। प्रमोद और उसका छोटा भाई दीपक ईंट-भट्ठों में ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट भरने का काम करते थे। 14 फरवरी की रात ज्वाला प्रसाद अपने बड़े बेटे प्रमोद को साथ लेकर खेत में पानी लगाने लगे चले गए। रात नौ बजे देवर दीपक भाभी करिश्मा के कमरे में पहुंच गया और अवैध संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। भाभी ने इसका विरोध जताया। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। करिश्मा ने पूरा घटनाक्रम पति प्रमोद को बताने की धमकी देकर सास अंगूरी देवी के पास सोने चली गई। रात सवा दो बजे प्रमोद पिता के साथ घर पहुंचा। करिश्मा ने रात में पति से कोई बात नहीं की। 15 फरवरी की सुबह ससुर और पति काम पर चले गए। सुबह साढ़े आठ बजे दीपक फिर भाभी के कमरे में पहुंच गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर देवर और भाभी में कहासुनी हो गई। दीपक ने आरी की ब्लेड से करिश्मा की गर्दन रेत कर हत्या कर दी। पति प्रमोद, मां अंगूरी देवी और ससुर ज्वाला प्रसाद के साथ मिलकर साक्ष्य छिपाते हुए खून लगे बिस्तर को धो दिया। इसके बाद दीपक ने ब्लेड से अपनी गर्दन भी रेत ली और ड्रामा शुरू किया। मां ने ब्लेड को चूल्हे की राख में छिपा दिया। मृतका के पिता ओमप्रकाश ने देवर के साथ पति, ससुर और सास के खिलाफ नौहझील थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बुधवार सुबह पौने पांच बजे चारों को उनके ही घर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से तीन ब्लेड, खून लगी तकिया, बेडशीट व अन्य कपड़े बरामद हुए हैं। एसपी ग्रामीण ने बताया चारों आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# टप्पेबाजों ने आभूषण उड़ाये

**फिरोजाबाद ।** बुध बाजार शिकोहाबाद में खरीदारी करने आई एक महिला से टप्पेबाजों ने सोने के आभूषण उतरवाकर ले गए। एटा चौराहा पंजाब बैंक के पास हुई घटना से अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।मोहरश्री पत्नी प्रयाग सिंह निवासी मोहल्ला कटरा मीरा बुधवार को एटा रोड पर साप्ताहिक बाजार से कुछ खरीदारी करने के लिए आई थी। वह एटा चौराहा के पास खरीदारी कर रही थी इसी दौरान एटा चौराहा के पास स्थित पंजाब बैंक के पास दो युवक महिला के पास आए और उसे अपनी बातों में फसा लिया। टप्पेबाजों ने महिला से उसकी परेशानी को लेकर बातचीत करने लगी। इसी दौरान टप्पेबाजों ने महिला के कानों के कुंडल, गले में पड़े ॐ लॉकेट को उतरवा लिया। उसके बाद आरोपी मौका देखकर भाग गए। टप्पेबाजों के भागते ही महिला को अपने साथ ठगी का अहसास होते ही वह रोने बिलखने लगी। महिला का शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने पीड़िता से बातचीत की। उसके बाद पुलिस ने पंजाब बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पीड़िता ने थानें में मामले की तहरीर दी है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद अनुज कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# तीन थाना क्षेत्रों में पुलिस होमगार्ड सहित तीन लोगों ने लगायी फांसी

**मथुरा।** मथुरा में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस होमगार्ड सहित तीन लोगों के फाँसी लगाने का मामला सामने आया। थाना सदर बाजार क्षेत्र में पुलिस होमगार्ड ने तो कोतवाली क्षेत्र में हाथरस से आए एक युवक ने धर्मशाला



में फांसी लगा ली वहीं तीसरी आत्महत्या का मामला थाना कोसीकलां क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नजदीक स्थित ट्रैफिक कार्यालय के बाहर एक होमगार्ड ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। यहां सुबह ई-चालान ऑफिस पहुंचे कर्मियों में उस समय सनसनी फैल गई। जब वहां तैनात होमगार्ड का शव फंदे से लटका मिला। तत्काल इसकी सूचना सदर बाजार पुलिस को दी गई। पंखे के कुंडे से लटके मृतक होमगार्ड की पहचान लखन पुत्र मलखान सिंह निवासी ग्राम विरौना थाना बलदेव के रूप में हुई। लखन मंगलवार रात ड्यूटी ई-चालान ऑफिस पर थी। सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। प्रथम दृश्य मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के होली गेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हाथरस से आए एक युवक ने फंखे से रस्सी बांदकर फाँसी लगाई। मृतक की पहचान उमेश पुत्र अमरजीत सिंह निवासी हाथरस के रूप में हुई। धर्मशाला प्रबंधन के अनुसार उमेश 15 फरवरी को मथुरा आया था और कमरा नंबर 25 में ठहरा हुआ था। घटना का खुलासा तब हुआ जब बुधवार सुबह चेक आउट का समय निकल गया। वहीं तीसरी घटना थाना कोसीकला क्षेत्र के अजीजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित काशीराम आवास कॉलोनी में हुई। जहां एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू की मृतक की पहचान 30 वर्षीय मनीष के रूप में हुई। जो अपनी पत्नी के साथ काशीराम आवास कॉलोनी के एक फ्लैट में रहता था।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई, बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई, बैठक में यू0पी0डा0 द्वारा विकसित किये जा रहे, औद्योगिक गलियारे के संबंध में उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि यूपीडा द्वारा जनपद में विकसित किया जा रहे हैं, इस गलियारे के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को आधिकारिक तौर पर प्रारम्भ कर दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी जनपद में निवेश कर सकें और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों, बैठक में उद्यमियों की मांग पर जलेसर रोड औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 132 के0वी0ए0 उप केंद्र की स्थापना पर चर्चा हुई, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण ने बताया कि वर्तमान में इंडस्ट्रियल एरिया में तीन संयोजन 33 के0वी0ए0 पर उच्चीकृत है, साथ ही साथ ककरऊ कोठी से कांच उद्योग तक की सभी स्ट्रीट लाइटें क्रियाशील है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा और सुगमता बढ़ी है। बैठक में यूपसीडा औद्योगिक क्षेत्र की आरक्षित भूमि पर आधुनिक चिकित्सा सुविधा ई0एस0आई0 हॉस्पिटल की स्थापना का अनुरोध किया गया, ताकि श्रमिकों और उद्यमियों को बेहतर उपचार मिल सके, मुख्य विकास अधिकारी ने औद्योगिक संगठनों से कहा कि औद्योगिक संगठन की ओर से एक प्रस्ताव सहायक श्रमायुक्त को अवगत करायें, जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य को किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी समीक्षा की गई, जिससे उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद हेतु कुल 2000 का लक्ष्य निर्धारित था, लक्ष्य के सापेक्ष भारी उत्साह दिखाते हुए युवाओं ने कुल 4158 आवेदन किये, अब तक 1440 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें बैंकों द्वारा 1430 लाभार्थियों को ऋण वितरित कर उन्हे स्वरोजगार से जोड़ा गया है, मुख्य विकास अधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि एस0बी0आई0 आर0ए0सी0सी0 ब्रांच में लम्बित आवेदनों को समयबद्धता से निस्तारित कराया जाए, मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक आयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जिन बैंक शाखाओं की प्रगति शून्य है, उनकी सूची उपलब्ध कराऐं, ताकि संबंधित बैंक प्रबंधकों पर कार्यवाही की जा सके, मुख्य विकास अधिकारी ने उन बैंकों को सख्त चेतावनी जारी की है, जहां पर इस योजना से संबंधित प्रगति कम पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक फिरोजाबाद को निर्देश दिये गये, कि वे योजनान्तर्गत अपने स्तर से भी बैंकों के जिला समन्वयकों व शाखा प्रबन्धकों से समन्वय कर समयान्तर्गत आवंटित. लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह सरकार का महत्वपूर्ण फ्लैगशिप कार्यक्रम है, इस योजना में कोई भी बैंक अपने यहां आवेदन लंबित रखता है, तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा आगरा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड शहरी प्रथम, ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड नगर निगम, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग उपायुक्त वाणिज्यकर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, औद्योगिक संगठनों के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मुकेश कुमार बंसल टोनी पारसा, सिहराज सिंह यादव, संदीप कुमार सहायक आयुक्त उद्योग, तरूण कुमार शर्मा, अतुल शर्मा जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र फिरोजाबाद आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल के महाप्रबन्धक ने बसई में ओएलटी कार्यक्रम की दी जानकारी



**टूंडला।** ग्राम पंचायत बसई टूंडला में ओएलटी कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबन्धक आगरा श्याम सिंह द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीण महिला एवं पुरुषों को जानकारी दी गई।इस दौरान ओएलटी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीएसएनएल प्रधान महाप्रबन्धक आगरा श्याम सिंह ने बताया कि हर गांव हर पंचायत में हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे पंचायत से जुड़े सभी ऑनलाइन कार्य पंचायत में ही संपादित होने लगेंगे। मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत शुरू हुआ भारत नेट प्रोजेक्ट दुनियाभर में सबसे बड़ा ब्रॉडबैंड प्रोग्राम है, जो ग्रामीणों को कनेक्ट करता है। इस प्रोजेक्ट के जरिए सरकार की ह्यडिजिटल इंडियाह्व पहल को भी बढ़ावा मिल रहा है। क्योंकि इसके तहत गांव-गांव तक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में ई-गवर्नेंस ई-स्वास्थ्य, ई-शिक्षा, ई-बैंकिंग, इंटरनेट और अन्य सेवाओं के वितरण को सुगम बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएनएल के डीजीएम अखिलेश मिश्रा ने की तथा संचालन गौरव सान्याल ने किया। इस मौके पर डिविजनल इंजीनियर श्याम सुंदर, एसडीओ सोम प्रकाश शर्मा, अजीत सिंह, ओमप्रकाश, आंशु जादौन निखिल, रूपेंद्र कुमार, सौरभ यादव, प्रिंस शर्मा, शशांक जैन आदि के अलावा ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# षडयंत्र कर फर्जी बैनामा कराने वाला गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा षडयंत्र कर फर्जी बैनामा कराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त द्वारा अपने सहअभियुक्तगण के साथ मिलकर करीब 50 लाख रुपए की जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा किया था। अभियुक्त द्वारा बैनामा करते समय जमीन मालिक के स्थान पर अपना फोटो लगाकर तथा जमीन मालिक के फर्जी हस्ताक्षर कर तथा स्वयं जमीन मालिक के स्थान पर उपस्थित होकर फर्जी बैनामा किया था। दिनाँक 01/08/2025 को वादिया के पति के साथ षडयंत्र कर धोखाधडी व बेइमानी की नीयत से व वादिया को हानि पहुचाने की नियत से अभियुक्तगण रूपेश कुमार पुत्र जगन सिंह निवासी ग्राम बिचपुरी आगरा, रामेश्वर सिंह पुत्र हरीमुख निवासी सगुनापुर बी०बी० बिचपुरी आगरा द्वारा गाटा सं0 2314 व गाटा सं0 2311 में रामेश्वर सिंह के भाग का फर्जी विक्रयपत्र निष्पादित करना तथा अभियुक्त रुपेश से शिकायत करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त कुमर सैन उर्फ कमरूद्दीन पुत्र नूर मुहम्मद उर्फ नूरी निवासी अंगूठी पोस्ट विचपुरी थाना जगदीशपुरा जिला आगरा का नाम प्रकाश में आया, वांछित अभियुक्त कुमर सैन उर्फ कमरूद्दीन पुत्र नूर मुहम्मद उर्फ नूरी निवासी अंगूठी पोस्ट विचपुरी थाना जगदीशपुरा जिला आगरा को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त रुपेश कुमार पुत्र जगन सिंह निवासी बिचपुरी थाना जगदीशपुरा जिला आगरा को मुकदमा में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

# पार्षदों और सपा नेताओं ने लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से की मुलाकात



मथुरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में मथुरा-वृंदावन नगर निगम के पार्षद मुन्ना मलिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मथुरा में मतदाता सूची में हो रहे फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग और आगामी चुनावों के लिए संगठन की रणनीति पर गंभीर चर्चा हुई। पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा मथुरा में जान बूझकर समाजवादी विचारधारा से जुड़े मतदाताओं के नाम काटने के लिए फॉर्म 7 का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। पूर्व प्रत्याशी बलदेव विधानसभा रणवीर सिंह धनगर ने कहा क्षेत्र में किसानों और नौजवानों का रुझान समाजवादी पार्टी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड राघवेंद्र सिंह ने कहा युवाओं में मौजूदा सरकार की बेरोजगारी नीतियों को लेकर भारी आक्रोश है। राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी पवन चैधरी ने कहा लोहिया वाहिनी पूरे प्रदेश सहित मथुरा में भी सामाजिक न्याय की लड़ाई को धार दे रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी नेताओं की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और मथुरा में संगठन को और अधिक धार देने का आह्वान किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 पर जिला भाजपा की कार्य योजना बैठक संपन्न




मथुरा। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में भाजपा द्वारा दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण योजना बैठक का आयोजन पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद गुप्ता व क्षेत्रीय मंत्री रजनीश त्यागी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद गुप्ता ने प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का मूल आधार हैं। यह प्रशिक्षण अभियान केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि वैचारिक सशक्तिकरण का महाअभियान है, जिसके माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत किया जाएगा। क्षेत्रीय मंत्री रजनीश त्यागी ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाए, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी चिंतन, अनुशासन और राष्ट्रभावना जैसे मूल्यों को आत्मसात करने पर बल दिया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुवेर्दी ने बताया यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकताओं का निर्माण करना है। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का यह संकल्प है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जाए।कार्य योजना में कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी अनिल चैधरी, आकाश चैधरी, अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष मनीष पाराशर, सुरेश सरकार आईआईटी संयोजक दीपांशु गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, देवेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष पारस ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव समिति ने शांतिपूर्ण तरीके से कराया चुनाव संपन्न

मथुरा। छाता में बुधवार को वार्षिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई जिसका परिणाम देर शाम घोषित हो गया जिसमें अध्यक्ष पद सचिव पद व अन्य पदों के बीच कड़ा मुकाबला चला। कुल वोटरों की संख्या 209 थी, जिसमें से 205 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार पालीवाल व भगत सिंह जादौन के बीच कड़ा मुकाबला चला। चुनाव अधिकारियों के द्वारा नौ राउंड मैं गिनती की गई और देर शाम परिणाम घोषित हुए जिसमें राजेश कुमार पालीवाल छाता बार के अध्यक्ष पद पर विजय हुए वहीं सचिव पद के बीच सुनील कुमार पांडे और अजय चैधरी के बीच मुकाबला चला जिसमें सुनील कुमार पांडे विजई हुए। विजय घोषित हुए ।

## संक्षेप

### सैमसंग जल्द पेश करेगा सहज गैलेक्सी कैमरा अनुभव

नयी दिल्ली। दिन में खिंची गई फोटो को कुछ ही सेकंड में 'नाइट मोड' जैसा लुक देना हो, तस्वीर से गायब हिस्सों को वापस जोड़ना हो, या कई तस्वीरों को मिलाकर एक शानदार इमेज बनानी हो अब यह सब बेहद आसान होने वाला है। पहले इस तरह की एडिटिंग के लिए पेशेवर कौशल या घंटों की मेहनत की जरूरत होती थी। लेकिन अब, आप अपने गैलेक्सी फोन पर बस कुछ शब्दों में अपनी जरूरत बताकर मिनटों में यह काम कर सकेंगे। यह गैलेक्सी कैमरा का अगला बड़ा विकास है जो अब तक के सबसे ब्राइट गैलेक्सी कैमरा सिस्टम पर आधारित एक 'एंड-टू-एंड' अनुभव प्रदान करेगा।

### ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट लॉन्च

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरूआती कीमत में ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को लॉन्च करने का एलान किया। बोल्ड और गेम चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के नए अध्याय की शुरूआत है। भारत से प्रेरित मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया ग्रेवाइट भारत में निसान मोटर इंडिया के नवीनतम प्रोडक्ट ऑफेंसिव का पहला प्रोडक्ट है। यह भारत में कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता और मौजूदगी को दर्शाता है। इस मॉडल का नाम ग्रेवाइट भारत के 1.4 अरब लोगों और राष्ट्र की विविधता को आकार देने वाली 19,000 भाषाओं एवं रीति-रिवाजों से प्रेरित है। ग्रेवाइट को भारतीय परिवारों की बदलती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### एशियन पेंट्स रंग दे इंडिया क्रिकेट एंथम लॉन्च



नयी दिल्ली। भारत में क्रिकेट महज एक खेल नहीं, बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। एकजुटता की इसी भावना के मद्देनजर एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया है एशियन पेंट्स रंग दे इंडिया क्रिकेट एंथम। यह एक ऐसी अभिव्यक्ति है, जो संगीत के जरिए उन रंगों, भावनाओं और एकता की खुशियां मनाती है जिसे क्रिकेट हर भारतीय घर में भरता है। घर मिनी स्टेडियम में बदल जाते हैं और बालकनियां नारों से गूंज उठती हैं। यह एंथम मैच के दौरान की खुशी और जोश को दर्शाता है। यह हर पीढ़ी, वर्ग, क्षेत्र, भाषा और परंपरा के फैन्स को एक साथ बांधता है। एशियन पेंट्स और क्रिकेट, दोनों ही भारत के पलों और यादों में रंग भरते हैं। साथ मिलकर वे एक मजबूत भावनात्मक लगाव बढ़ाते हैं जो 1.4 अरब दिलों को एक साथ जोड़ता है।

### सलोनी हार्ट सेंटर को मिले अत्याधुनिक आईसीयू उपकरण

लखनऊ। एचसीएल फाउंडेशन ने आज एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ स्थित सलोनी हार्ट सेंटर को अत्याधुनिक आईसीयू उपकरण उपलब्ध कराए। यह पहल उत्तर प्रदेश के पहले समर्पित बाल हृदय केंद्र में गंभीर चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करती है, जो जन्मजात हृदय रोग सेपीड़ित बच्चों के लिए स्थापित किया गया है। इससे क्षेत्र में विशेष बाल हृदय उपचार और ऑपरेशन के बाद देखभाल तक पहुंच में लंबे समय से बनी कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

### संगमरमर का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। जियोहॉटस्टार ने अपने आगामी मल्टी-जेनरेशनल फैमिली ड्रामा संगमरमर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और राजश्री प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूस की गई है, जिसे विक्रम घई ने डायरेक्ट किया है। सीरीज 26 फरवरी 2026 से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी, और इसके नए एपिसोड हर गुरुवार को रिलीज होंगे। संगमरमर प्यार, परिवार और उन फैसलों की कहानी है जो समय के साथ जिंदगियां बदल देते हैं। यह सीरीज सूरज बड़जात्या की मशहूर गर्मजोशी और भावनात्महक स्टोरीटेलिंग को दिखाती है।

### छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। एईएसएल के छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन 2026 (सेशन 1) में शानदार प्रदर्शन किया है, जो इस क्षेत्र में उनके अकादमिक प्रोग्राम की लगातार सफलता को साफ तौर पर दर्शाता है। आकाश के स्टूडेंट्स ने यह भी कहा कि सेल्फ-डिसिप्लिन, लगातार प्रैक्टिस, कड़ी ट्रेनिंग, समय पर मेंटरिंग और रेगुलर असेसमेंट ने उन्हें सफलता पाने में मदद की। अपने स्ट्रक्चर्ड करिकुलम, क्वालिफाइड इंस्ट्रक्टर से गाइडेंस और सिम्युलेटेड टेस्ट देने के रेगुलर मौके से, उन्होंने अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखा, कमजोरियों को जल्दी पहचाना, और लगातार अपनी परफॉर्मेंस में सुधार किया।

# सेंसेक्स में 283 अंकों की उछाल



मुंबई। मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। सतर्क शुरुआत के बाद अंतिम घंटे में व्यापक खरीदारी से बाजार में तेजी आई। बैंकिंग एवं वित्तीय शेयर स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता की उम्मीदों के कारण मजबूत रहे, जबकि चुनिंदा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। आईटी क्षेत्र एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और मार्जिन पर दबाव की आशंकाओं से प्रभावित रहा। निफ्टी 500 कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे अनुमानों के अनुरूप रहने से मध्यम अवधि में घरेलू आर्थिक स्थिरता के संकेत मिलते हैं। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का सूचकांक बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट 1.02 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड 1.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि धातु खंड में 1.24 प्रतिशत, एफएमसीजी खंड में 1.16 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.89 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,237 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,955 शेयरों में गिरावट रही और 191 अन्य अपरिवर्तित रहे। पीएसयू और धातु शेयरों में मजबूती के दम पर घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे दिन बढ़त दर्ज की। विदेशी संस्थागत निवेशकों के खरीदार बने रहने से भी बाजार धारणा में सुधार रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 995.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 187.04 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत बढ़कर 67.64 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मंगलवार को सेंसेक्स 173.81 अंक बढ़कर 83,450.96 अंक और निफ्टी 42.65 अंक चढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख की वजह से अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ।


विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की उंची कीमतों और मजबूत होते डॉलर ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.60 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.60-90.71 के सीमित दायरे में कारोबार के बाद 90.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त है। मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे बढ़कर 90.72 पर बंद हुआ था। रिजर्व बैंक द्वारा डॉलर को संरक्षित किए जाने की वजह से रुपया सीमित दायरे में रहा। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.08 प्रतिशत बढ़कर 97.22 पर कारोबार कर रहा था। डॉलर इंडेक्स थोड़ा ऊपर था, और विश्लेषकों को उम्मीद है कि लंबी गिरावट के बाद जल्द ही इसमें सुधार की गुंजाइश है। मजबूत अमेरिकी वृद्धि और विदेशी निवेश की दिलचस्पी ने डॉलर का समर्थन किया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.22 प्रतिशत बढ़कर 67.57 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 283.29 अंक बढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 93.95 अंक बढ़कर 25,819.35 अंक पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुद्ध लिवाल बनकर 995.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## जनवरी में भारत का डीओसी निर्यात 42 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। सोयाबीन तेल-रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) और रैपसीड डीओसी की निर्यात खेप में गिरावट की वजह से जनवरी में भारत का डीओसी निर्यात साल-दर-साल 42 प्रतिशत घटकर 2,60,123 टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

जनवरी, 2025 में डीओसी निर्यात 4,52,352 टन का हुआ था। अप्रैल-जनवरी, 2025-26 के दौरान, डीओसी निर्यात एक साल पहले के इसी समय के 36 लाख टन से घटकर 32 लाख टन रह गया। डीओसी का इस्तेमाल जानवरों के चारे के तौर पर किया जाता है। जनवरी, 2026 में सोयाबीन डीओसी का निर्यात एक साल पहले के 286,287 टन से घटकर 1,32,440 टन रह गया, जबकि रैपसीड डीओसी निर्यात की खेप 1,31,641 टन से घटकर 64,782 टन रह गई। मूंगफली डीओसी का निर्यात भी 2,636 टन से घटकर 1,067 टन रह गया। चावल की भूसी निकालने का रुख उल्टा रहा, जो जनवरी, 2025 के सिर्फ 63 टन से बढ़कर 35,367 टन हो गया। एसईए ने रैपसीड डीओसी में गिरावट की वजह पेराई गतिविधियों में कमी को बताया क्योंकि प्रसंस्करणकर्ता फरवरी और मार्च में होने वाली नई फसल की आपूर्ति का इंतज़ार कर रहे थे।

## गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता 272 गीगावाट के पार



नयी दिल्ली। भारत की गैर-जीवाश्म आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता 272 गीगावाट से अधिक हो गई है, जिसमें 141 गीगावाट सौर तथा 55 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। भारत-ब्रिटेन अपतटीय पवन ऊर्जा कार्यबल की शुरुआत के मौके पर यह जानकारी दी। यह उपलब्धि वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा तथा 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस अवसर पर ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी और भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून भी मौजूद थीं। कार्यबल की औपचारिक शुरुआत के मौके पर जोशी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 35 गीगावाट से अधिक सौर तथा 4.61 गीगावाट पवन क्षमता जोड़ी है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भारत ने अपनी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल किया। यह उपलब्धिक निर्धारित लक्ष्य से पांच वर्ष पहले हासिल की गई। आज भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म क्षमता 272 गीगावाट से अधिक है जिसमें सौर से 141 गीगावाट और पवन से 55 गीगावाट है[8230]। हमारी व्यापकता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत दो साल से कम समय में करीब 30 लाख परिवारों को रूफटॉप सोलर की सुविधा मिली। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के तहत 21 लाख पंपों का सौरकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े स्पष्ट नीति, संस्थागत समन्वय तथा निवेशकों और उद्योग के भरोसे को दर्शाते हैं। मंत्री ने कहा कि हालांकि अगले चरण में विश्वसनीयता, ग्रिड स्थिरता, औद्योगिक गहराई तथा ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करना होगा।

## चांदी 1000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये पर, सोना टूटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किग्रा हो गई हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। बुधवार को चांदी में हल्की बढ़त हुई, जो हाल की तेज गिरावट के बाद स्थिर हुई क्योंकि निचले स्तर पर सटोरिया लिवाली उभरी। उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता के बीच अल्पावधिक धारणा सतर्क बना हुआ है। हालांकि, सुरक्षित निवेश मांग और केन्द्रीय बैंक की चल रही लिवाली गिरावट के समय समर्थन दे रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 2.06 डॉलर या तीन प्रतिशत बढ़कर 75.60 डॉलर प्रति औंस हो गई, और सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,918.64 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोना एक सीमित दायरे में ही रहा।

# मध्य प्रदेश बजट: 4.38 लाख करोड़ का परिव्यय महिलाओं की योजनाओं के लिए 1.27 लाख करोड़



भोपाल। मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का 4,38,317 करोड़ रुपये के परिव्यय का महिला केंद्रित बजट बुधवार को पेश किया। साथ ही कोई नया कर नहीं लगाए जाने की घोषणा की। देवड़ा ने राज्य विधानसभा में विपक्ष की टोका-टोकी और व्यवधानों के बीच यह बजट पेश किया। इस दौरान कांग्रेस के सदस्यों ने राज्य के लोगों पर बढ़ते कर्ज के बोझ पर चिंता जताई, हंगामा किया और जमकर नारेबाजी भी की।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बाद में कहा कि यह विकास के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने वाला यह बजट है। अपने करीब 90 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता किसान, नारी शक्ति (महिला सशक्तिकरण), बुनियादी ढांचा और उद्योग मॉडल पर आधारित है। अगले वित्त वर्ष में धन को आगे बढ़ाने के लिए पहली बार पेश किए गए रोलिंग बजट के प्रावधान का जिक्र करते हुए देवड़ा ने कहा कि पारंपरिक बजट के विपरीत, यह दृष्टिकोण एक वित्त वर्ष से परे योजना का विस्तार करता है। उन्होंने कहा कि यह दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप पूर्वानुमानित, अनुकूली और विकास-उन्मुख बजट की ओर बढ़ने का संकेत देता है। रूपरेखा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बदलती आर्थिक स्थितियों, नीतिगत परिणामों और राजकोषीय वास्तविकताओं को दर्शाने के लिए बजट को समय-समय पर संशोधित किया जाता है। बजट विश्लेषण की जिन विधियों को हाल के वर्षों में लोकप्रियता मिली है, रोलिंग बजट उनमें से एक है। एक स्थिर बजट के विपरीत, जो एक निश्चित समय सीमा जैसे कि एक वर्ष या एक तिमाही के लिए तय होता है, रोलिंग बजट वास्तविक प्रदर्शन और बदलती परिस्थितियों के आधार पर समायोजन और संशोधन की अनुमति देता है। रोलिंग बजट का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है जैसे कि योजना बनाना, नियंत्रण करना, मूल्यांकन करना और पूर्वानुमान लगाना। देवड़ा ने स्वयं सहायता समूहों एवं उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं के लिए 1,27,555 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं के लिए 5,700 छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। बजट में लाडली बहना योजना के लिए 23,883 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिसके तहत 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1,500 रुपये की मासिक सहायता मिलती है। सरकार ने 2023 में शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत अब तक 52,304 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

## गुजरात सरकार ने पेश किया 4.08 लाख करोड़ का बजट, खेलों के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर

गांधीनगर। गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.08 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

जिसमें पर्यटन और 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। करीब 974 करोड़ रुपये के अधिशेष वाले इस बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया है और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए पांच प्रतिशत कर छूट को जारी रखा गया है। देसाई ने बताया कि कुल परिव्यय पिछले वर्ष की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 4,08,053 करोड़ रुपये हो गया है। बजट की एक मुख्य घोषणा अहमदाबाद को ओलंपिक के लिए तैयार शहर के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना है। हालांकि, इससे पहले 2030 में गुजरात राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। मंत्री ने आगामी खेलों के बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल परिसरों और शहरी संपर्क के लिए 1,278 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा। खेल विभाग के कुल 1,331 करोड़ रुपये के प्रावधान में से 500 करोड़ रुपये अहमदाबाद और एसवीपी स्पोर्ट्स एन्क्लेव के विकास के लिए निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न जिलों में खेल परिसरों के विकास के लिए 165 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### वैश्विक पैनल ने किया ग्लोबल साउथ में एआई के क्षेत्र में महिला उद्यमशीलता की ओर दृष्टिकोण बदलने का आह्वान

नई दिल्ली। यहां भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई द्वारा आयोजित एक वैश्विक पैनल में यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकला कि नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता के माध्यम से लैंगिक समानता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लोकतांत्रिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक है। क्रियान्वयन करने वालों से नवप्रवर्तकों तक: एआई में महिला उद्यमशीलता की दिशा में दृष्टिकोण बदलने का आह्वान विषय पर चर्चा के दौरान उपक्रम लगाने और पारिस्थितिकी नेतृत्व में महिलाओं को केंद्र में रखा गया।

## पेज एक का शेष

### विश्व गुरु

जारी बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने लखनऊविश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। कार्यक्रम से पहले कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने भागवत के विश्वविद्यालय के दौरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनएसयूआई की उत्तर प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष अहमद रजा खान ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संगठन का यह प्रदर्शन भागवत के लखनऊ विश्वविद्यालय आगमन के विरोध में था। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ ने समाज के ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया है, ऐसे में संघ प्रमुख का एक ऐसे विश्वविद्यालय में जाना सही नहीं है जो धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। प्रदर्शन में शामिल रहे खान ने कहा कि उनके साथ शामिल हुए पांच और लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

### भारत-यूरोप

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की, विशेष रूप से भारत की नयी शिक्षा नीति के आलोक में। इस संदर्भ में, उन्होंने 19 और 20 फरवरी को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और स्पेनिश विश्वविद्यालयों के अधिशिक्षक (रेक्टर) के सम्मेलन का स्वागत किया। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने नयी शिक्षा नीति के तहत भारत में परिसर खोलने के लिए स्पेन के प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों, विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गणित (स्टेम) क्षेत्रों में, को आमंत्रित किया है। मोदी और सांचेज ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें स्पेन का हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने का निर्णय भी शामिल है। बयान के अनुसार, उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा की और आतंकवाद से निपटने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। अक्टूबर 2024 की यात्रा के बाद, सांचेज की भारत की यह दूसरी आधिकारिक यात्रा है। उनके साथ डिजिटल परिवर्तन और सिविल सेवा मंत्री ऑस्कर लोपेज़ अगुएदा और कृषि, मत्स्य पालन और खाद्य मंत्री लुइस प्लानास पुचाडेस भी आए हैं।

फिनलैंड के प्रधानमंत्री ओर्पो के साथ अपनी विस्तृत चर्चा के दौरान, मोदी ने भारत-यूरोप मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उनके व्यक्तिगत समर्थन को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह (एफटीए) भारत-यूरोप संबंधों में एक स्वर्णिम युग की शुरुआत करता है।

मोदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, भारत और फिनलैंड का लक्ष्य व्यापार को दोगुना करना है, जिससे आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। हमने 6जी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, जैव ईंधन, वस्तुओं के पुनःउपयोग वाली अर्थव्यवस्था और अन्य भविष्यवादी प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। पीएमओ द्वारा जारी एक अन्य बयान के अनुसार, मोदी और ओर्पो ने 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान संपन्न हुए भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत किया। उन्होंने भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी की भावना से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के प्रयासों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। सांचेज और ओर्पो यहां इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में भाग लेने आए हैं, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकारों तथा अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक मंच पर लाता है। प्रधानमंत्री यहां भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 का बृहस्पतिवार को उद्घाटन करेंगे।

### रमजान का

फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्म अहमद ने को बताया कि दिल्ली-एनसीआर व हरियाणा के कई हिस्सों में सुबह से ही बादल छाए हुए थे और बारिश हो रही थी जिस वजह से यहां चांद नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि बिहार के पटना और औरंगाबाद तथा झारखंड के कई हिस्सों में आम तौर पर रमजान का चांद देखे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि लिहाज़ा यह तय किया गया है कि पहला रोज़ा 19 फरवरी यानी बृहस्पतिवार को होगा।

### राज्यसभा की

है, तो वह राज्यसभा में एक सीट हासिल कर सकता है। राज्य में सात सीट रिक्त हो रही हैं। जिन सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार), अभिषेक सिंघवी (कांग्रेस), साकेत गोखले (तृणमूल कांग्रेस), रामदास आठवले (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-आठवले), एम थंबीदुरई (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और तिरुची शिवा (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) शामिल हैं।

### गूगल भारत

पैदा करने का एक बड़ा मौका है। शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी। पिचाई ने विशाखापत्तनम में हाल ही में घोषित 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें गीगावाट-स्केल कंप्यूट सुविधा और एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री केबल केंद्र होगा। जब यह बनकर तैयार होगा, तो यह पूरे भारत के व्यवसायों और लोगों तक उन्नत एआई के लाभ पहुंचाएगा और बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करेगा। गूगल प्रमुख ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव का अनावरण किया। यह अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के विभिन्न स्थानों के बीच एआई संपर्क बढ़ाने के लिए बिछाई जाने वाली समुद्री केबल मार्गों की एक श्रृंखला है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसे नवाचार के लिए एक शक्तिशाली आधार बनाता है। गूगल ने 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों की सहायता के लिए कर्मयोगी भारत के साथ एक बड़ी साझेदारी की घोषणा की है। गूगल क्लाउड इसके लिए 18 भारतीय भाषाओं में सुरक्षित बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। इसके अलावा, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ मिलकर 10,000 स्कूलों के 1.1 करोड़ विद्यार्थियों को जनरेटिव एआई, रोबोटिक्स और कोडिंग की शिक्षा दी जाएगी। विद्यार्थियों और शुरुआती करियर वाले पेशेवरों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में गूगल एआई पेशेवर प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया गया है। साथ ही, गूगल डीपमाइंड और भारत सरकार के बीच राष्ट्रीय साझेदारी कार्यक्रम के तहत समझौता हुआ है, जिससे उन्नत एआई क्षमताओं तक पहुंच और व्यापक होगी।

पिचाई ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य, कृषि और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में एआई को हर स्तर पर लागू करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी भारतीय विद्यार्थियों और पेशेवरों के साथ गूगल के सहयोग की सराहना की।

पिचाई ने कहा कि भारत में जेमिनी ऐप का तेजी से विस्तार हो रहा है और यह यहां 10 भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने जोर दिया कि एआई को पारदर्शी, जिम्मेदार और स्थानीय संदर्भों के अनुरूप होना चाहिए ताकि लोग प्रौद्योगिकी पर भरोसा कर सकें।

### उत्तराखण्ड में

के अंतर्गत पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, हॉट एयर बलून, रिवर राफ्टिंग, पैरामोटरिंग, पक्षी अवलोकन और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से चंपावत को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव में मधुबनी चित्रकला एवं आधुनिक कला कार्यशालाएं, क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, लोक संस्कृति कार्यक्रम और जागरूकता कार्यशालाएं इसे बहुआयामी स्वरूप प्रदान करेंगी। साथ ही आयोजित खाद्य उत्सव पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान देगा। स्थानीय उत्पादों और व्यंजनों का यह संगम नई पीढ़ी को अपनी खाद्य संस्कृति से परिचित कराने के साथ स्थानीय उत्पादकों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करते हुए लोकल फॉर ग्लोबल का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंपावत को आदर्श एवं श्रेष्ठ जिला बनाने के उद्देश्य से अनेक विकासपरक परियोजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 20 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कराया जा रहा है। विभिन्न मोटर मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ जाम की समस्या के समाधान के लिए मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत देवीधूरा वाराही मंदिर का विकास कार्य किया जा रहा है तथा मां पूर्णागिरी मंदिर के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे निमार्णाधीन है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टनकपुर से बनबसा तक शारदा रिवर फ्रंट का विकास किया जाएगा। इस परिक्रमा मार्ग से मां पूर्णागिरी धाम, चूका, श्यामलाताल और शारदा घाट जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि चंपावत की जनता का सहयोग और समर्थन इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### समुद्री हितों

यात्रा उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्योहार वर्तमान ओडिशा के प्राचीन नाविकों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह उत्सव प्राचीन कलिंग काल से विभिन्न उद्देश्यों के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया की नियमित समुद्री यात्राओं की परंपरा को परिलक्षित करता है।

राष्ट्रपति ने कहा, "इन यात्राओं ने व्यापार और वस्तुओं, विचारों और मूल्यों के आदान-प्रदान और उनकी भावना में योगदान दिया है, जिसने पूरे क्षेत्र में एक साझा सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया।"

मुर्मू ने कहा कि यह बेड़ा समीक्षा भारत के महासागर के एकीकरण की भावना को आगे बढ़ाती है, जिसका अर्थ इस क्षेत्र में सुरक्षा और विकास की पारस्परिक तथा ऐतिहासिक उन्नति है।

### यूपी में 3.26

सुबह तक यह संख्या 1.15 करोड़ पहुंच गई और पिछले तीन दिनों में ही करीब 37 लाख सुनवाई पूरी हुईं। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी सुनवाई 27 मार्च की तय समयसीमा के भीतर पूरी हो जाएंगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी मतदाता का नाम सिर्फ इसलिए सूची से नहीं हटाया जाएगा क्योंकि उसे नोटिस नहीं मिला। उन्होंने कहा, "यदि किसी तक नोटिस नहीं पहुंचा है तो वह पहुंच जाएगा, पर्याप्त समय है। रिणवा ने बताया कि शुरुआत में 403 विधानसभा क्षेत्रों में 4,003 चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) तैनात थे, जबकि अब ईआरओ और एईआरओ सहित कुल 13,161 अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं। फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) के बारे में उन्होंने कहा कि छह जनवरी से 17 फरवरी के बीच 54.4 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 27,20,320 महिलाएं थीं, जो पुरुषों से अधिक हैं। फॉर्म-7 (नाम हटाने) को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि छह जनवरी से 17 फरवरी के बीच 1,40,425 आवेदन मिले।




# भारत ने नीदरलैंड को 17 रन से हराया

## भारत ने लगातार चौथा मैच जीता, दुबे की वर्ल्डकप में पहली फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

एजेंसी



अहमदाबाद। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार चौथा मैच जीत लिया है। टीम ने बुधवार को तीसरे मैच में नीदरलैंड को 17 रन से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। शिवम दुबे को 2 विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के हिस्से एक-एक विकेट आया। टीम इंडिया की ओर से शिवम दुबे ने 66 रन बनाए। यह वर्ल्डकप में उनकी पहली फिफ्टी है। हार्दिक पंड्या ने 30 रन बनाए। लोगन वान बीक ने 3 विकेट झटके। आर्यन दत्त को 2 विकेट मिले।

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड को 194 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। शिवम दुबे ने 66 रन बनाए, जबकि हार्दिक पंड्या ने 30 रन बनाए। लोगन वान बीक ने 3 विकेट झटके। आर्यन दत्त को 2 विकेट मिले। जवाबी पारी में नीदरलैंड ने 3 ओवर में बिना नुकसान के 17 रन बना लिए हैं। माइकल लेविट और मैक्स ओ'डाउड क्रीज पर हैं। अर्शदीप सिंह पहला ओवर डाल रहे हैं। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए। 194 रन का टारगेट चेज कर रही नीदरलैंड की टीम ने पहले ओवर में 6 रन बना लिए हैं। ओपनर माइकल लिविट ने अर्शदीप सिंह की दूसरी बॉल पर चौका लगाया। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में 13 रन बने। लोगन वान बीक की दूसरी बॉल पर 66 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। इस ओवर की आखिरी बॉल पर हार्दिक पंड्या 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रूलोफ वान डर मर्व ने कैच किया। शिवम दुबे ने 17वें ओवर की आखिरी बॉल पर हॉफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने 25 बॉल पर अर्धशतक लगाया। उन्होंने लोगन वान बीक की आखिरी बॉल पर एक छक्का और एक चौका लगाया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने 15 रन बनाए। रूलोफ वान डर मर्व की तीसरी बॉल पर शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने छक्के लगाए। इस ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 133/4 रहा। 14वें ओवर में काइल क्लीन ने भारत का चौथा विकेट गिराया। क्लीन ने सूर्या को 34 रन के स्कोर पर लॉन्ग लेग पर कैच आउट कराया। सूर्या 28 गेंद पर 34 रन बनाकर आउट हुए।

अगले ओवर में लीडे ने सिर्फ 5 रन दिए। 15 ओवर के बाद भारत का स्कोर 118/4 रहा। 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर सूर्या ने लॉन्ग लेग पर छक्का लगाया। इसके पहले की 19 गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं लगी थी। इससे पहले 9वें ओवर में वान बीक की चौथी गेंद पर चौका लगा था। 11वें ओवर की 5वीं गेंद पर आर्यन दत्त की गेंद शिवम दुबे के पैड पर टकराई। अंपायर ने नॉटआउट दिया। नीदरलैंड ने अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया। लेकिन रिप्ले ने अंपायर्स कॉल दिखाया और दुबे बच गए। हालांकि नीदरलैंड ने रिव्यू नहीं गंवाया है। दुबे उस समय 2 रन पर खेल रहे थे। 9वें ओवर में लोगन वान बीक ने भारत को तीसरा झटका दिया है। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर तिलक वर्मा को 31 रन के स्कोर पर रूलोफ वैन डेर मेरवे के हाथों कैच आउट कराया। तिलक 27 गेंद पर 31 रन बनाकर आउट हुए। 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। लोगन वैन बीक ने सूर्या को छोटी लेंथ डाली।

सूर्या ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन टॉप एज लग गया और गेंद काफी ऊंची हवा में चली गई। डीप स्क्वायर लेग के पास लेविट ने एक आसान कैच छूट गया। उस समय सूर्या 13 रन पर खेल रहे थे। भारतीय पारी के 7वें ओवर में महज 5 रन बने। कप्तान सूर्या और तिलक वर्मा की जोड़ी इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं लगा सकी। इस ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 56/2 रहा। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 51 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए। अभिषेक शर्मा जीरो और ईशान किशन 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को आर्यन दत्त ने आउट किया। 5वें ओवर की तीसरी बॉल पर आर्यन दत्त ने एक और बड़ा झटका दे दिया। उनकी बॉल पर ईशान किशन बोल्ड हो गए और पावरप्ले के भीतर ही भारत के दोनों ओपनर पवेलियन लौट गए। दत्त की गेंद पर ईशान बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में चूक गए। गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। ईशान 7 गेंदों में 18 रन (2 चौके, 1 छक्का) बनाकर आउट हुए। तीसरे ओवर में आर्यन दत्त ने सिर्फ 5 रन दिए। ओवर की शुरुआत में तिलक वर्मा को ज्यादा मौके नहीं मिले। तीसरी बॉल पर उन्होंने लेंथ मिस कर दी, फुलर गेंद स्लॉट में आ गई और तिलक ने मिड-ऑन के दाईं ओर शानदार चौका जड़ दिया। तीन ओवर के बाद भारत का स्कोर 23/1 है। दूसरे ओवर में भारतीय प्लेयर्स ने अटैकिंग बैटिंग किया। लोगन वान बीक के ओवर में कुल 15 रन आए। पहली ही गेंद पर तिलक वर्मा को फुल लेंथ डिलीवरी मिली और उन्होंने मौका नहीं गंवाया।

# तेज गेंदबाजों ने बढ़ाया भारतीय महिला टीम का आत्मविश्वास



कैनबरा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां जब दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई।

भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल

### अजेय बढ़त हासिल करना लक्ष्य

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाई। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है और उसके खिलाड़ियों ने हाल में महिला प्रीमियर लीग में खेला था जिससे वह अच्छी तैयारी के साथ ऑस्ट्रेलिया आई है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।

इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिन्होंने चार किफायती ओवर फेंके और दो विकेट लिए। अरुंधति के साथ मिलकर इस जोड़ी ने छह विकेट लिए। यह भारत के लिए बहुत अच्छा संकेत है क्योंकि वह अभी तक सफलता हासिल करने के लिए दीप्ति शर्मा और श्री चरणी जैसी स्पिन गेंदबाजों पर निर्भर रहा है।

## मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था। पोंटिंग ने कहा जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी।

उन्होंने कहा, इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया को वह प्रदर्शन नहीं मिला। पूर्व कप्तान ने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें तीसरे नंबर पर कैमरन ग्रीन और चौथे नंबर पर टिम डेविड शामिल थे। साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच में टीम ने आखिरी ओवरों में 20 रन पर छह विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में जगह बनाने में विफल रहा क्योंकि उसे जिम्बाब्वे से 23 रन की उलटफेर भरी हार का सामना करना पड़ा। पोंटिंग का मानना है कि इसी हार ने उनका अभियान लगभग खत्म कर दिया। उन्होंने कहा यह सचमुच बहुत खराब अभियान रहा।

## संक्षेप

### टी-20 : सुपर आठ में पहुंचा पाकिस्तान

कोलंबो। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के करो या मरो के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया। फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

### विश्व कप : कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

चेन्नई। दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार डबल सुपर ओवर मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंततः दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

### स्कॉटलैंड को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

मुंबई। स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से को यहां नेपाल के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच के दौरान विज्ञापन बोर्ड पर अपना हेलमेट फेंकने के लिए फटकार लगाई गई है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। मुन्से को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाल, मैदान के उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

# डीएलटीए ने भारतीय डेविस कप टीम को किया सम्मानित

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने यहां चल रहे दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरु में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली नीदरलैंड की टीम को 3-2 से हराकर सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारतीय टीम की तब रैंकिंग 33 थी। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने मंगलवार रात को सम्मान समारोह के दौरान कहा, डीएलटीए में हम हर स्तर पर भारतीय टेनिस का समर्थन करने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली ओपन के दूसरे दौर में पहुंच चुके सुमित नागल ने समारोह के दौरान मीडिया से इस जीत पर बात करते हुए कहा, सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आप कोर्ट में जाकर अपना मैच जीतते हैं तो यह आसान होता जाता है। स्विट्जरलैंड में हमें दो अंक मिले और इस बेंगलुरु मुकाबले में युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने सभी अंक हासिल किए। आखिर में डेविस कप मुकाबला टीम के बारे में है और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। नागल ने अपने साथी दक्षिणेश्वर सुरेश की भी तारीफ की जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ अपने दोनों एकल मैच जीते। उन्होंने कहा, मैं उनसे 2016 में मिला था इसलिए मैं उन्हें 10 साल से जानता हूं। मैंने हमेशा उनका समर्थन किया है। वह बहुत अच्छे इंसान हैं, बहुत शांत और कोर्ट पर चतुर। मुझे भरोसा है कि वह अच्छा कर सकते हैं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। जब भी उन्हें लगता है कि कुछ कमी है या कोई सलाह चाहिए तो वह इसके बारे में पूछते हैं। सितंबर में कोरिया के खिलाफ भारत के अगले मुकाबले के बारे में बात करते हुए नागल ने कहा कि यह आसान नहीं होगा।

# रणजी : जम्मू कश्मीर ने रचा इतिहास

एजेंसी



कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। जम्मू कश्मीर ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।

> बंगाल को हराकर 67 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

## कर्नाटक को 802 रन की बढ़त रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह तय

लखनऊ । रविचंद्रन स्मरण के लगातार दूसरे शतक की मदद से कर्नाटक ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंचा दी।

इतनी बड़ी बढ़त के साथ कर्नाटक ने जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। चौथे दिन के पहले सत्र में उत्तराखंड को पहली पारी में 233 रन पर आउट करके कर्नाटक ने 503 रन की बढ़त हासिल की। इतनी बड़ी बढ़त के बावजूद कर्नाटक ने फॉलोऑन नहीं दिया और 26 फरवरी से शुरू होने वाले फाइनल से पहले अपने बल्लेबाजों को और अभ्यास का मौका देने के लिए दूसरी पारी का इस्तेमाल किया।

कर्नाटक ने कृथिक कृष्णा और श्रेयस गोपाल जैसे निचले क्रम के बल्लेबाजों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा और कृष्णा ने 52 रन बनाकर इसका अच्छा इस्तेमाल किया।

# एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी 12 सदस्यीय भारतीय टीम

नयी दिल्ली। सेना के हरमनजोत सिंह 12 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल होंगे जो 21 फरवरी से जापान के फुकुओका में होने वाली 18वीं एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि टीम बुधवार को जापान के लिए रवाना होगी। एएफआई ने पिछले महीने झारखंड के रांची में हुई 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम चुनी। भारतीय खिलाड़ी सीनियर पुरुष, महिला और अंडर-20 ग्रुप में हिस्सा लेंगे। हरमनजोत पुरुषों की 10 किमी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

भारतीय टीमः 10 किमीः हरमनजोत सिंह, अंडर-20ः आठ किमीः आदित्य गुर्जर, अभिनंदन सूर्यवंशी, करण रमेश सरनाडे।

महिलाः 10 किमीः नंदनी गुप्ता, उजाला, सोनिया, मुन्नी देवी।

# शीर्ष स्थान के लिए भिड़ेंगे श्रीलंका - जिम्बाब्वे



एजेंसी

कोलंबो। पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली।

आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका की फॉर्म में वापसी से श्रीलंका की स्थिति मजबूत बन गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाकर श्रीलंका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उनके अलावा कुसल मेंडिस ने अर्धशतक लगाया था और टीम इन दोनों बल्लेबाजों से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगी। श्रीलंका की बल्लीबाजी क्रम में सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा कमजोर कड़ी बनकर उभरे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में सिर्फ एक रन बनाया। इस तरह से उनकी खराब फॉर्म का सिलसिला जारी रहा जो पिछले साल पाकिस्तान में टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला से चल रहा है। श्रीलंका गेंदबाजी में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा पर निर्भर रहेगा, जो धीमी पिचों में भी तेज गति से गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। एक अन्य तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना भले ही सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन वह अपनी अनूठी गेंदबाजी शैली से किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं।

## इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

कोलकाता। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। इसके बाद वह एक मार्च को सह-मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए यहां वापस लौटेगा। ईडन गार्डन्स में होने वाले उस मुकाबले को देखते हुए वेस्टइंडीज की टीम इस मैदान से अनुकूल होने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के लिए यह अच्छी खबर है कि उसके कप्तान शाई होप ने सही समय पर लय हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ शून्य और स्कॉटलैंड के खिलाफ 19 रन के मामूली प्रदर्शन के बाद इस सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ 44 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को हराया



एजेंसी

नयी दिल्ली । कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरूण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात जूनियर एबी डिविलियर्स कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरूआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्रम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। माक्रम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाये। नये बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए 20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया। दूसरे छोर से रिकेलटन ने मोहम्मद फारूक को 11वें ओवर में छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद में पाराशर को कैच देकर लौटे। रिकेलटन ने 16 गेंद में 30 रन बनाये। ब्रेविस ने 25 गेंद में एक चौके और तीन छक्कों के साथ 36 रन बनाये।

इससे पहले यूएई की पूरी पारी में कुल दस चौके और दो छक्के लगे। अलीशान शराफू (38 गेंद में 45 रन) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के लिये बॉश ने चार ओवर में सिर्फ 12 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट चटकाया। एनरिच नॉर्किया ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिये। पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी दक्षिण अफ्रीका के धुरंधर गेंदबाजों के सामने खुद को परखने उतरे यूएई के बल्लेबाजों ने शुरूआत आत्मविश्वास के साथ की। पारी की तीसरी ही गेंद पर आर्यांश शर्मा ने कैगिसो रबाडा को थर्डमैन पर छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। रबाडा के दूसरे ओवर में मोहम्मद वसीम ने लगातार तीन चौके समेत चौदह रन लेकर उनकी लय बिगाड़ दी। रबाडा ने पहले दो ओवर के स्पैल में बीस रन दे दिये जिसे देखते हुए कप्तान एडेन माक्रम ने जॉर्ज लिंडे को गेंद सौंपी।

# आज एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

## शिखर सम्मेलन में शामिल विश्व के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 का बृहस्पतिवार को उद्घाटन करेंगे।

इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के साथ एक ऐसे भविष्य की कल्पना करना है जहां प्रौद्योगिकी मानवता को आगे बढ़ाए एवं समावेशी विकास को बढ़ावा दे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 19 फरवरी को इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह शिखर सम्मेलन में शामिल कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। उद्घाटन समारोह को मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस तथा दुनिया भर के उद्योग दिग्गज संबोधित करेंगे। इसके बाद वह अन्य नेताओं के साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का दौरा करेंगे जहां वे लोग प्रदर्शनी में लगे विभिन्न देशों के मंडप देखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी दोपहर करीब 12 बजे से शुरू होने वाली नेताओं की पूर्ण बैठक में भाग लेंगे। इसमें राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री और बहुपक्षीय संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे जो एआई से जुड़ी राष्ट्रीय एवं वैश्विक प्राथमिकताओं जैसे शासन व्यवस्था, अवसंरचना एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर विचार रखेंगे। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे से प्रधानमंत्री मोदी कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। इसमें वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और सरकारी नेतृत्व निवेश, शोध सहयोग, आपूर्ति शृंखला और एआई प्रणालियों के उपयोग पर चर्चा करेंगे। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का विषय सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय (सबका कल्याण, सबका सुख) है। बयान में कहा गया है कि इस सम्मेलन का लक्ष्य भारत को एआई के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है और ऐसा भविष्य गढ़ना है, जहां यह प्रौद्योगिकी मानवता को आगे बढ़ाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और ग्रह की रक्षा करे। शिखर सम्मेलन को सात कार्य-समूह दिशा देंगे, जो तीन स्तंभों-लोक, ग्रह और प्रगति से जुड़े हैं। ये समूह विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को दिखाने वाले ठोस परिणाम सामने लाने पर काम करेंगे। आर्थिक वृद्धि एवं सामाजिक कल्याण के लिए एआई, एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, सामाजिक सशक्तीकरण के लिए समावेश, सुरक्षित एवं भरोसेमंद एआई, मानव पूंजी, विज्ञान और मजबूत, नवाचार एवं दक्षता सात विषय हैं। इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के 500 से अधिक एआई दिग्गज, करीब 100 सीईओ एवं संस्थापक, 150 शिक्षाविद एवं शोधकर्ता और 400 मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ), उपाध्यक्ष और परोपकारी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा 100 से अधिक सरकारी प्रतिनिधि भी भाग लेंगे जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष एवं शासन-प्रमुख तथा करीब 60 मंत्री एवं उप मंत्री शामिल हैं।

# बिजली ग्रिड की स्थिरता में एआई-आधारित प्रौद्योगिकियों की अहम भूमिका: जोशी



नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को कहा कि देश में तेजी से जुड़ रही नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के बीच ग्रिड स्थिरता बनाए रखने और बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने में कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित प्रौद्योगिकियां अहम भूमिका निभा सकती हैं। जोशी ने यहां आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन से इतर कहा कि देश में गीगावाट स्तर पर सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाएं जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा, कभी सौर घंटे के दौरान उत्पादन अधिक होता है तो कभी मौसम के कारण बिजली उत्पादन घट जाता है। ऐसे में ग्रिड स्थिरता चुनौती बन सकती है। उन्होंने इस बारे में कहा, हवा हर समय नहीं चलती है और सूरज भी 24 घंटे नहीं चमकता है। ऐसे में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से अधिक और कम उत्पादन के दौरान ग्रिड प्रबंधन के लिए एआई-आधारित प्रौद्योगिकी और डिजिटल ट्विंस (वास्तविक प्रणाली की आभासी प्रतिकृति) उपयोगी हो सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कर्टेलमेंट की समस्या का भी जिक्र किया। कर्टेलमेंट का मतलब पवन या सौर संयंत्रों से उपलब्ध स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को घटाना है, जिससे पूरी बिजली ग्रिड में नहीं डाली जा पाती। उन्होंने संकेत दिया कि एआई आधारित पूर्वानुमान और वास्तविक समय में प्रबंधन से इस समस्या को कम किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के मुताबिक, इस दशक के अंत तक सौर एवं पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी उल्लेखनीय होगी, जिससे बिजली तंत्र की जटिलता बढ़ेगी और इसमें एआई समाधान उपयोगी साबित हो सकते हैं। एआई पारिस्थितिकी पर केंद्रित इस सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने कहा कि एआई संसाधनों के अनुकूलन के जरिये बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता दोनों में सुधार लाया जा सकता है, लेकिन इसे अपनाने की रफ्तार तेज करनी होगी।

## संक्षेप

### गलगोटिया विश्वविद्यालय ने माफी मांगी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग के प्रदर्शन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा होने के लिए बुधवार को माफी मांगी। विश्वविद्यालय ने कहा कि उसके पवेलियन में मौजूद उसके एक प्रतिनिधि को इस रोबोटिक उत्पाद के बारे में सही जानकारी नहीं थी और उसने चीन में बने रोबोटिक डॉग को विश्वविद्यालय का नवोन्मेष बताया, जो सही नहीं था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गलगोटिया विश्वविद्यालय में संचार विभाग की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को डीडी न्यूज चैनल को एक रोबोटिक डॉग ओरियन दिखाते हुए कहा कि इसे गलगोटिया विश्वविद्यालय के उत्कृष्टता केंद्र ने विकसित किया है। इस वीडियो के प्रसारित होते ही सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने बताया कि यह रोबोट असल में यूनिट्री जीओ2 था, जिसे चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स ने बनाया है और इसका दुनिया भर में शोध और शिक्षा में आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस मामले पर विवाद होने के बाद विश्वविद्यालय को एआई समिट में आवंटित स्टॉल खाली करने का निर्देश दे दिया गया है। हम एआई शिखर सम्मेलन में पैदा हुए असमंजस के लिए माफी मांगना चाहते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में केसर उत्पादन 2024-25 में घटकर 19.58 टन

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में केसर का उत्पादन वर्ष 2023-24 के 23.53 टन से घटकर वर्ष 2024-25 में 19.58 टन रह गया है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक, हसनैन मसूदी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में केसर की खेती का कुल रकबा।,116.27 हेक्टेयर पर स्थिर रहा है, लेकिन उत्पादन और उत्पादकता में उतार-चढ़ाव आया है। सदन में साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, केसर का उत्पादन वर्ष 2020-21 में 17.33 टन का हुआ था, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 14.87 टन और वर्ष 2022-23 में 14.94 टन रह गया, और फिर वर्ष 2023-24 में तेज़ी से बढ़कर 23.53 टन हो गया। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2024-25 में यह फिर से घटकर 19.58 टन रह गया। पारंपरिक और पुनर्जीवित को मिलाकर औसत उत्पादकता वर्ष 2022-23 में 4.02 किग्रा प्रति हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 6.33 किग्रा प्रति हेक्टेयर हो गई।

# अमेरिका से उच्च गुणवत्ता वाला कोयला लेने का इच्छुक है भारत



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत कच्चे तेल और इस्पात उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कोकिंग कोयले के आयात स्रोतों में विविधता लाना चाहता है और उसे अमेरिका से उच्च गुणवत्ता वाला कोकिंग कोयला लेने में खुशी होगी। गोयल ने कहा कि हम कच्चे तेल के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहते हैं। मसलन, कोकिंग कोयले के स्रोत में भी विविधता लाना चाहते हैं।

कोयले के लिए दो-तीन भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता है और इसकी कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहता है। मैं चाहूंगा कि उच्च गुणवत्ता वाला अमेरिकी कोकिंग कोयला भारत आए। गोयल ने कहा कि अमेरिका कुछ ऐसे उत्पाद उपलब्ध करा सकता है जिनकी भारत को आर्थिक वृद्धि के लिए तत्काल जरूरत है। इनमें कृत्रिम मेधा (एआई) अनुप्रयोगों के लिए ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू), डेटा सेंटर उपकरण और उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटिंग सिस्टम शामिल हैं। भारत ऐसे कई उत्पाद बना सकता है जिनमें अमेरिका प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है जबकि अमेरिका प्रौद्योगिकी एवं पूंजी का मजबूत स्रोत बन सकता है। वाणिज्य मंत्री ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 100 अरब डॉलर मूल्य के विमानों की मांग पहले से मौजूद है लेकिन स्थानीय क्षमता बढ़ाने एवं हवाई किराया कम करने के लिए और विमानों के खरीद की जरूरत होगी। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने की मंशा जताई है। इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा। इस समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने की संभावना है। इस माह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीद के कारण लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और रूस से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। गोयल ने एआई के संभावित प्रभाव को लेकर आशंकित भारतीय आईटी कंपनियों पर शेयर बाजार की प्रतिक्रिया को हास्यास्पद बताते हुए कहा, एआई के विकास के लिए इन्हीं कंपनियों की जरूरत होगी। उन्होंने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर कहा कि पिछले चार वर्षों में नौ समझौते किए गए हैं। ये समझौते ताकत की स्थिति से किए गए हैं। आज भारत झुककर बातचीत नहीं करता, हम भविष्य को ध्यान में रखकर बातचीत कर रहे हैं।

# भारत का व्यापार ढांचा मजबूत : सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारत के विस्तार लेते व्यापार ढांचे पर जोर देते हुए कहा कि देश व्यापार, औद्योगिक सहयोग और दीर्घकालिक निवेश के लिए एक टिकाऊ ढांचा प्रदान करता है।

ओस्लो में नॉर्वे के प्रमुख मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक में सीतारमण ने कहा कि उनकी आधिकारिक यात्रा के दौरान निवेश गंतव्य और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत पर सकारात्मक चर्चा हुई है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ समझौतों सहित भारत के विस्तार लेते व्यापार ढांचे के आलोक में, केंद्रीय वित्त मंत्री ने उन परिस्थितियों पर प्रकाश डाला जो व्यापार, औद्योगिक सहयोग और दीर्घकालिक निवेश के लिए एक टिकाऊ ढांचा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 नागरिकों और कंपनियों के लिए नियामकीय तथा अनुपालन बोझ को कम करने पर सरकार के सुधार केंद्रित रुख को पुख्ता करता है। मंत्रालय के अनुसार, बैठक में शामिल प्रतिनिधियों ने भारत के अनुमानित नीतिगत और व्यापक आर्थिक वातावरण की सराहना की। बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन कैप्चर, दुर्लभ खनिज और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इस दौरान भारत की विकास यात्रा और निवेश के अवसरों पर एक प्रस्तुति दी। इस बैठक से अलग, सीतारमण ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गेर स्टोर से मुलाकात की। स्टोर ने कहा कि उनका देश इस वर्ष के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा का इंतजार कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे द्विपक्षीय सहयोग का और विस्तार होगा। स्टोर ने मत्स्य पालन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावना जताई।

# इस्कॉन मानवता की सेवा में अहम भूमिका निभा रहा : शाह

मायापुर (प. बंगाल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) पूरे विश्व में सनातन धर्म का ध्वज फहराने और आपदाओं के दौरान राहत कार्य और सामाजिक कल्याण गतिविधियों के माध्यम से मानवता की सेवा करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

शाह ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय में भक्तों को संबोधित करते कहा कि वह इस आध्यात्मिक केंद्र में अपनी आधिकारिक क्षमता में नहीं, बल्कि चैतन्य महाप्रभु के भक्त के रूप में आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, भाइयो और बहनो, आपने आदरपूर्वक मुझे भारत का गृह मंत्री कहा, लेकिन मैं उस हैसियत से यहां नहीं आया हूं। मैं यहां चैतन्य महाप्रभु के एक समर्पित अनुयायी के रूप में आया हूं। शाह ने कहा कि उनकी लंबे समय से मायापुर आने की इच्छा थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण यात्रा में देरी हुई। वह भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भक्तिसिद्धांत का सबसे बड़ा योगदान भक्तिवेदांत प्रभुपाद जैसे शिष्य को तैयार करना था। आज विश्व स्तर पर फैला इस्कॉन आंदोलन इन दोनों महान पवित्र आत्माओं के जीवन भर के कार्यों का परिणाम है। शाह ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री के रूप में जब वह पूरे देश की यात्रा करते थे तो संपूर्ण राष्ट्र में इस्कॉन के प्रभाव को देखते थे। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा प्रकाशित भगवद गीता सभी आयु वर्ग और व्यवसायों के लोगों के लिए सुलभ है। केंद्रीय मंत्री ने इस्कॉन द्वारा मानवता की सेवा को रेखांकित करते हुए कहा कि संगठन की भूमिका भक्ति से परे है, जिसमें खाद्य वितरण शिविर और आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सबसे पहले मदद के लिए इसका पहुंचना शामिल है। उन्होंने गरीबों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय त्योहारों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने के क्षेत्र में इस्कॉन के कार्यों की भी सराहना की।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म : राजपाल ने लगायी काम की गुहार




मुंबई। राजपाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में 30 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। जेल से बाहर आने के बाद एक्टर ने सभी का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से काम की अपील भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें एक बार फिर अच्छे रोल देकर उनका साथ दिया जाए।

**❍ मुझे अच्छे रोल्स की तलाश है, जो फीस तय करेंगे, उसमें काम करूंगा**

राजपाल यादव ने इंडिया टीवी से बातचीत के दौरान सबसे पहले उन्हें मिले समर्थन के लिए लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, आपके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। बच्चों से लेकर अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों तक मुझे इंडियन सिनेमा में अपने पूरे सफर में बहुत प्यार मिला है और मैं इसके लिए सभी का बहुत शुक्रगुजार हूं। राजपाल यादव ने कहा, मुझे इंडस्ट्री में अच्छे रोल्स की जरूरत है। जिन लोगों ने पहले मेरी मदद की है, मेरा साथ दिया है, मैं उनसे रिक्वेस्ट करता हूं कि वे एक बार फिर उन रोल में मेरी मदद करें जो मैं करना चाहता हूं। इसके लिए जो भी फीस वो लोग तय करेंगे मैं काम करने के लिए तैयार हूं। मैं हर एक आशीर्वाद की वजह से आगे बढ़ा हूं। मैं उन लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर मेरा साथ दिया और मैं उन लोगों का भी शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने मेरी बुराई की।

साल 2010 में राजपाल यादव ने फिल्म अता पता लापता बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। ये फिल्म फ्लॉप रही और राजपाल यादव को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। राजपाल समय रहते कर्ज की रकम नहीं लौटा सके। लोन लेते समय राजपाल ने जो चेक कंपनी को दिए थे वो बाउंस हो गए, जिसके बाद एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई। दोनों पार्टी के बीच समझौते के बावजूद पूरी पेमेंट नहीं हुई और समय के साथ ब्याज जुड़ता गया, जिससे कुल कर्ज काफी बढ़ गया। साल 2018 में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने राजपाल यादव को दोषी ठहराया और उन्हें छह महीने की जेल की सजा सुनाई।

# सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का निधन

**मुंबई।** प्रवीना देशपांडे ने कुमकुम, कुल्फी कुमार बाजेवाला और प्यार का बंधन जैसे कई सीरियल्स में काम किया है। सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का मंगलवार को निधन हो गया। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। जिसके बाद मंगलवार दोपहर मुंबई के अंधेरी स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एक्ट्रेस समय से कैंसर से जूझ रही थीं। 2019 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा डायग्नोज हुआ था। बोन मैरो ट्रांसप्लांट के दौरान वे 17 दिन आइसोलेशन में रहीं। बता दें कि प्रवीना देशपांडे ने सलमान खान की सुपरहिट फिल्म रेडी में शालिनी चौधरी का रोल प्ले किया था।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा के पिता सुनील मल्होत्रा का निधन

एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के पिता सुनील मल्होत्रा का निधन हो गया। इस बात की जानकारी मंगलवार शाम एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पिता के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर करते हुए श्रद्धांजलि दी और अपने पिता को याद किया। बता दें कि सिद्धार्थ के पिता सुनील मल्होत्रा मर्चेंट नेवी में कैप्टन थे। आज तक की रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धार्थ के पिता का शनिवार, 14 फरवरी को दिल्ली में निधन हुआ। सिद्धार्थ ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ अपनी बचपन से लेकर हाल के समय तक की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें पिता के साथ बिताए पल दिखे।

# कन्नड़ एक्ट्रेस का आरोप वीडियो बना किया ब्लैकमेल

मुंबई। बेंगलुरु में एक कन्नड़ टीवी एक्ट्रेस ने 7 फरवरी को कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में आयोजित सेलिब्रिटी विमेंस क्रिकेट के दौरान वॉशरूम में गुप्त रूप से वीडियो बनाने और पैसे न देने पर उसे ऑनलाइन वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने 13 फरवरी को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

**❍ गुप्त तरीके से वीडियो बनाया पुलिस ने मामला किया दर्ज**

एक्ट्रेस एक रियलिटी शो की कंटेस्टेंट भी रह चुकी हैं। शिकायत के मुताबिक, वह तीन दिन तक चले सेलिब्रिटी विमेंस क्रिकेट में शामिल हुई थीं। 7 फरवरी को इवेंट के दूसरे दिन जब वह स्टेडियम के अंदर बने महिलाओं के वॉशरूम में गईं, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जानकारी के बिना उनका आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। एफआईआर के अनुसार, यह कथित वीडियो एक इंस्टाग्राम अकाउंट से उनकी दोस्त के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भेजा गया। आरोप है कि भेजने वाले को लगा कि वह अकाउंट एक्ट्रेस का ही है। एफआईआर में यह भी कहा गया, वीडियो का कंटेंट अश्लील है। वीडियो अपलोड करने के बाद अज्ञात लोगों ने और प्राइवेट वीडियो भेजने और वीडियो कॉल करने की धमकी दी।

# चेक बाउंस मामले में अमीषा पर गैर-जमानती वारंट जारी




**मुंबई।** चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव के बाद अब एक्ट्रेस अमीषा पटेल की मुश्किलें भी बढ़ती नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2017 के एक इवेंट विवाद से जुड़े मामले में मुरादाबाद की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। हालांकि, इन खबरों पर अब एक्ट्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**❍ एक्ट्रेस बोलीं- मामला पहले ही सुलझ चुका है, कानूनी कार्रवाई करूंगी**

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमीषा पटेल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, मीडिया में मुरादाबाद में पवन वर्मा द्वारा की गई कुछ कार्यवाही को लेकर खबरें चल रही हैं। मैं सभी को बताना चाहती हूं कि यह बहुत पुराना मामला है, जिसमें पवन वर्मा ने सालों पहले समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और पूरी सहमति राशि प्राप्त कर ली थी। उन्होंने आगे कहा, इसके बावजूद उन्होंने झूठे आरोप लगाकर फिर से मामला शुरू कर दिया है। मेरे वकील उनके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करेंगे ताकि सच्चाई सामने आ सके। मैं इन बातों पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर फोकस करना चाहती हूं और ऐसे लोगों को नजरअंदाज करूंगी जो झूठ बोलकर पब्लिसिटी पाने की कोशिश करते हैं। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, अमीषा पटेल के खिलाफ यह शिकायत मुरादाबाद के इवेंट आयोजक पवन वर्मा ने कराई है। उनका कहना है कि 16 नवंबर 2017 को मुरादाबाद में एक शादी में परफॉर्म करने के लिए अमीषा को बुलाया गया था। इसके लिए ?14.50 लाख एडवांस दिए गए थे और होटल में ठहरने की व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंचीं। आयोजक का आरोप है कि बाद में बातचीत के दौरान उन्होंने पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com